नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जन-जन की आवाज

# द न्यूज फिफ्टीन

RNI NO.- DELHIN/2023/86360 www.thenews15.in

वर्ष :02 | अंक : 223 | नई दिल्ली, सोमवार 11 नवंबर 2024 | मूल्य : 05 | पृष्ठ-12 |



फ्रेंच में बात करती नजर आ रही हैं उर्वशी रौतेला ← पेज-12

## एक हैं तो सेफ हैं, झारखंड में बोले पीएम प्रधानमंत्री

# ओबीसी की एकजुटता को तोड़ना चाहती है कांग्रेस : मोदी

**बोकारो, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को तोड़कर उन्हें छोटी-छोटी जातियों में बांटना चाहती है। उन्होंने झारखंड की जनता को एकजुट रहने का संदेश देते हुए 'एक हैं तो सेफ (सुरक्षित) हैं' का नारा भी बुलंद किया। झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बोकारो में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस ने देश की आजादी के बाद समाज के इस बिखराव का चुनावी फायदा उठाया और केंद्र में सरकारें बनाती रही।



उन्होंने कहा, कांग्रेस हमेशा से एससी (अनुसूचित जाति), एसटी (अनुसूचित जनजाति) और ओबीसी की एकजुटता की घोर विरोधी रही है। आजादी के बाद जब तक एससी, एसटी और ओबीसी समाज बिखरा रहा, कांग्रेस 'बांटो और राज करो' के सिद्धांत के जरिये केंद्र में सरकारें बनाती रही। लेकिन जैसे ही ये समुदाय एकजुट हुए, कांग्रेस फिर पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र में अपनी सरकार नहीं बना पाई। मोदी ने लोगों से इस 'गणित' को समझने का अनुरोध किया और कहा कि 1990 में ओबीसी समुदाय को जब आरक्षण मिला तब इस समाज की अलग-अलग जातियों का संख्या बल एक साथ जुड़ गया।

उन्होंने कहा कि इसके बाद से कांग्रेस अब तक लोकसभा में 250 सीट भी नहीं जीत पाई है। मोदी ने कहा, इसलिए कांग्रेस ओबीसी की इस सामूहिक ताकत को तोड़ना चाहती है और समुदाय को सैकड़ों अलग-अलग जातियों में बांट देना चाहती है। प्रधानमंत्री ने बोकारो और धनबाद सहित उत्तरी छोटा नागपुर में रहने वाले लोगों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में सवा सौ से अधिक ओबीसी जातियां हैं और आज ये सभी ओबीसी के रूप में जानी जाती हैं। उन्होंने कहा कि यही उनकी पहचान और ताकत है।

उन्होंने यादव, कुर्मी महतो, तेली, कोइरी, कुशवाहा, नोनिया, बिंद, राजभर और प्रजापति कुम्हार सहित अन्य ओबीसी जातियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनकी एकजुटता देश के विकास की बड़ी ताकत है लेकिन कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) इन्हें आपस में उलझाए रखना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ह्यह्यकोई नहीं चाहता है कि समाज बिखरे, समाज छोटे-छोटे टुकड़ों में बंट जाए। इसलिए हमें यह हमेशा याद रखना है कि एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। मोदी ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की बहाली के संबंध में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में प्रस्ताव पारित किए जाने को लेकर भी कांग्रेस और इसके सहयोगियों पर हमला किया।

### भाजपा के खिलाफ कांग्रेस पहुंची चुनाव आयोग

कांग्रेस ने भाजपा के एक विज्ञापन को लेकर रविवार को निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई। कांग्रेस का आरोप है कि इस विज्ञापन में झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन के नेताओं को निशाना बनाया गया है। शिकायत में कहा गया कि विज्ञापन में उन नेताओं पर निराधार आरोप लगाए गए हैं। यही नहीं इसमें इन नेताओं की नकारात्मक छवि पेश करने की कोशिश की गई है ताकि गलत विमर्श फैलाया जा सके। निर्वाचन आयोग को सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आग्रह किया कि आयोग विज्ञापन के सभी वीडियो को तत्काल हटाने के निर्देश जारी करे। कांग्रेस नेता ने भाजपा और झारखंड के उसके आधिकारिक फेसबुक हैंडल के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की भी मांग की है। कांग्रेस नेता ने आयोग को सौंपे अपने ज्ञापन में कहा कि भाजपा की झारखंड यूनिट के भाजपा4झारखंड पेज पर प्रकाशित विज्ञापन आदर्श आचार संहिता और अन्य चुनावी कानूनों का घोर उल्लंघन है। रमेश ने कहा कि 9 नवंबर को प्रकाशित विज्ञापन में झामुमो, कांग्रेस और राजद के नेताओं पर झूठे आरोप लगाए गए हैं। इसमें नेताओं को नकारात्मक और झूठे प्रकाश में चित्रित किया जा रहा है। इसका मकसद उनके खिलाफ झूठा और निराधार प्रचार करना है। एक आरोप यह है कि ये नेता आदिवासी विरोधी हैं, जो अपने निजी एजेंडे को पूरा करने के लिए आदिवासी समर्थक होने की आड़ में एक साथ आ रहे हैं।

उन्होंने कहा, कांग्रेस और इसके सहयोगी जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को वापस लाना चाहते हैं ताकि हमारे सैनिक एक बार फिर आतंकवाद की आग का सामना करें। प्रधानमंत्री ने कहा, ह्यह्यमोदी ने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को दफन कर दिया। सात दशकों तक वहां आंबेडकर का संविधान लागू नहीं था। मोदी ने कहा कि यह पहली बार हुआ है जब जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री ने भारतीय संविधान के नाम पर शपथ ली। उन्होंने कहा कि यह उनकी तरफ से आंबेडकर को श्रद्धांजलि है।

राज्य में सत्तारूढ़ झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन पर हमला करते हुए मोदी ने कहा, आप मुट्ठी भर रेत के लिए लालायित हैं औ वे इसकी तस्करी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'झामुमो नीत गठबंधन द्वारा पैदा किए गए भर्ती माफिया और पेपर लीक माफिया को जेल भेजा जाएगा तथा युवाओं के भविष्य के साथ खेलने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## महाराष्ट्र चुनाव : एमवीए का घोषणापत्र जारी

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बाद महाविकास अघाड़ी (एमवीए) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के लिए रविवार को अपना घोषणापत्र ह्यमहाराष्ट्रनामाह्ल जारी किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महाविकास अघाड़ी का घोषणा पत्र जारी किया। इस दौरान शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत, एनसीपी (एससीपी) सांसद सुप्रिया सुले, कांग्रेस महासचिव केसी. वेणुगोपाल और अन्य नेता भी मौजूद रहे।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एमवीए का घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि महाराष्ट्र का चुनाव देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। ये चुनाव देश का भविष्य बदलने वाला चुनाव है। हम यहां महाविकास अघाड़ी की सरकार बनाएंगे, तभी राज्य प्रगति करेगा। किसान, महिला, युवा समेत प्रदेश का हर वर्ग खुशहाल होगा।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने घोषणापत्र के जरिए महाराष्ट्र की जनता को 5 गारंटी दी। जिसमें महिलाओं को 'महालक्ष्मी' के तहत 3 हजार रुपये देने का ऐलान किया है, वहीं किसानों को 3 लाख रुपये तक कर्ज माफ और कुटुंब रक्षा के तहत 25 लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा देने की घोषणा की है।

## प्रेस क्लब के चुनाव में गौतम लाहिरी पैनल ने दर्ज की एकतरफा जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के पत्रकार संगठनों की सर्वोच्च संस्थान प्रेस क्लब ऑफ इंडिया(पीसीआई) के चुनाव में गौतम लाहिरी पैनल ने सभी पदों पर शानदार सफलता हासिल कर एक बार फिर इतिहास रचने का काम किया है।



इस चुनाव में अध्यक्ष के तौर पर गौतम लाहिरी को सबसे अधिक 1045 वोट मिले। उपाध्यक्ष पद पर संगीता बरुआ को 927 वोट, महासचिव पद पर नीरज ठाकुर को 913 वोट , संयुक्त सचिव के रूप में अफजल इमाम को 782 जबकि कोषाध्यक्ष के पद पर मोहित दुबे को भी 782 वोट मिले।

अध्यक्ष पद पर परचम लहराने वाले गौतम लाहिरी ने कहा कि मीडिया की आजादी को बरकरार रखने के साथ साथ मीडिया संस्थानों की स्वायत्तता बनाये रखने के लिए हमारी टीम निरंतर कोशिश करती रही है और आगे भी करती रहेगी। स्वतंत्र मीडिया स्वस्थ लोकतंत्र की बुनियाद है और इसे सुरक्षित करना हमारा दायित्व है। पत्रकारों की समस्याओं को आने वाले दिनों में भी मुखरता से उठाते रहेंगे।

इसके साथ ही इस पैनल के सोलह प्रबंध समिति के सदस्यों ने जीत दर्ज की जिसमें राष्ट्रीय संवाद समिति यूनीवार्ता के मोहम्मद आजाद, एनएडीवी की अदिति राजपूत, टाइम्स ऑफ इंडिया की मेघना धूलिया, कारवाँ की सुरभि कंगा, स्वतंत्र पत्रकार प्रज्ञा सिंह, नेटवर्क 18 के शंकर आनंद, वरिष्ठ पत्रकार अमिताभ राय चौधरी, ऑल इंडिया रेडियो के अभिषेक कुमार सिंह, असमिया प्रतिदिन के आशीष गुप्ता, टाइम्स ऑफ इंडिया के आनिंदो चट्टोपाध्याय, एशिया टाइम्स उर्दू के अशरफ अली, वरिष्ठ पत्रकार नलिनी रंजन मोहंती, रिपोर्टर लाइव के पी आर सुनील, साउथ इंडिया टाइम्स के पब्बा सुरेश बाबू, वरिष्ठ पत्रकार सुनील नेगी और सीएनएन न्यूज 18 के रविंद्र कुमार शामिल है।

## एक नजर

### दिल्ली वायु प्रदूषण में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के वायु प्रदूषण में पिछले कुछ दिनों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के बाद मामूली गिरावट देखने को मिली। रविवार को यहां पर औसत औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 335 दर्ज किया गया। हालांकि यह अभी भी बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। केंद्रीय नियंत्रण एवं प्रदूषण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार राजधानी दिल्ली में रविवार सुबह 7:30 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 335 दर्ज किया गया। दीपावली से लगातार 350 के आस-पास या इससे ऊपर रहने के बाद एक्यूआई में पहली बार गिरावट देखने को मिला। दिल्ली एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 166, गुरुग्राम में 240, गाजियाबाद में 226, ग्रेटर नोएडा में 250, नोएडा में 206 एक्यूआई दर्ज किया गया। राजधानी दिल्ली के अधिकांश इलाके में एक्यूआई 300 से 400 के बीच में दर्ज किया, जिसमें अलीपुर में 356, आनंद विहार में 351, अशोक विहार में 353, आया नगर में 343, बवाना में 383, बुराड़ी क्रॉसिंग में 331, मथुरा रोड में 323, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 348, डीटीयू में 311, द्वारका सेक्टर 8 में 341, आईजीआई एयरपोर्ट में 326 और आईटीओ में 328 एक्यूआई दर्ज किया गया।

### नागरिक-केंद्रित सेवाओं पर वेबिनार आयोजित करेगा पंचायती राज मंत्रालय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय द्वारा सोमवार को यहां आयोजित होने वाले वेबिनार में जमीनी स्तर पर सेवाओं की प्रभावी और कुशल डिलीवरी सुनिश्चित करने तथा समग्र शासन को बढ़ाने के लिए नागरिक-केंद्रित सेवाओं को प्राथमिकता देने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। वेबिनार का उद्देश्य ग्रामीण शासन में पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देना है, विशेष रूप से ग्रामीण नागरिकों को आवश्यक सेवाओं की समय पर और प्रभावी डिलीवरी सुनिश्चित करना। पंचायती राज मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ह्यह्यजमीनी स्तर पर कार्यरत पंचायती राज संस्थाएं शासन में अग्रणी भूमिका निभाती हैं तथा यह सुनिश्चित करती हैं कि सरकारी योजनाएं, कल्याणकारी कार्यक्रम और नागरिक सेवाएं ग्रामीण भारत के हर कोने तक पहुंचें। बयान के मुताबिक, जल आपूर्ति, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवा से लेकर डिजिटल साक्षरता और बुनियादी ढांचे के विकास तक की ये सेवाएं ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास को आकार देने और लाखों नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने में महत्वपूर्ण हैं।

## यूपी सरकार का ऐक्शन: रिटायरमेंट से 51 दिन पहले हटाए गए ACS मनोज

### 10 अफसरों के दायित्व भी बदले

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी सरकार ने सेवानिवृत्ति से 51 दिन पहले अपर मुख्य सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मनोज सिंह को हटाकर उन्हें प्रतीक्षारत कर दिया है। वह 31 दिसंबर को सेवानिवत्त हो रहे हैं। कुल 10 आईएएस अफसरों के दायित्वों में भी बदलाव किया गया है। मनोज सिंह वर्ष 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्हें 3 जून 2021 को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में तैनाती दी गई। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने गंगा नदी में गंदगी को लेकर तल्ख टिप्पणी की है। उसने कहा है कि स्थिति यह है कि गंगा का पानी आचमन के लायक भी नहीं है। एनजीटी ने मुख्य सचिव से चार सप्ताह में इससे निपटने और जल को दूषित होने से रोकने के लिए हलफनामा दाखिल करने को कहा है। माना जा रहा है कि इसके चलते ही उन्हें प्रतीक्षारत कर दिया गया है।

इसके साथ ही डा. राजशेखर का कद भी कम कर दिया गया है। उनसे सचिव



नामामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, स्टेट नोडल ऑफिसर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना तथा प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश भूमि सुधार निगम का दायित्व ले लिया गया है। उनके पास अब प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) का दायित्व बचा है। अनिल गर्ग को प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन, परती भूमि विकास तथा कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, अध्यक्ष पैक्ट के साथ स्टेट नोडल आफिसर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना तथा प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश भूमि सुधार निगम का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## सनकी युवक ने तांत्रिक को मार डाला

### बोला- बाबा मेरी हत्या करने वाला था

द न्यूज 15 ब्यूरो

**किशनगंज।** बिहार के किशनगंज से काला जादू से जुड़ा मामला सामने आया है, जहां कोचाधामन थाना क्षेत्र के बूढ़ीमारी में एक परिवार ने मिलकर एक तांत्रिक को मौत के घाट उतार डाला. दरअसल तांत्रिक उनसे दो लाख रुपए की मांग कर रहा था. इसके साथ ही परिवार के एक सदस्य ने बताया कि तांत्रिक ने काले जादू से पहले उनकी मां को मार दिया और अब वह पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा था. इसलिए परिवार के सभी सदस्यों ने मिलकर तांत्रिक की निर्मम हत्या कर दी.

दरअसल 2 नवंबर को सतीश चौपाल नाम के युवक का बांसबाड़ी से गला रेता हुआ शव बरामद हुआ था, जिसके बाद से ही पुलिस इस मामले की जांच कर रही थी. घटनास्थल पर धारदार कचिया गमछा और



मोबाइल बरामद हुआ था. इसके बाद पुलिस अधीक्षक सागर कुमार की मॉनिटरिंग में एसडीपीओ गौतम कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और टेक्निकल टीम ने मोबाइल कॉल के आधार पर 3 लोगों को गिरफ्तार किया, जो रिश्ते में पिता-बेटे हैं.

अब गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहन लाल चौपाल और उनके बेटे करण कुमार और धीरेन कुमार के रूप में हुई. पूछताछ में आरोपियों ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं. आरोपियों ने बताया कि मृतक सतीश चौपाल काला जादू करता था और उसकी मां का पुतला बनाकर पुतले में सुई चुभाकर जादू बाण से उसकी मां की जान ले ली और अब बाबा मेरी हत्या करने वाला था. इससे उसका पूरा परिवार डरा हुआ था. आगे बताया कि तांत्रिक ने धमकी दी थी अगर 2 लाख रुपए नहीं दोगे तो वह एक-एक कर उनके पूरे परिवार की जान ले लेगा. आरोपियों ने बताया कि उनके पास दो लाख रुपये नहीं थे. इसलिए सभी ने अपनी जान बचाने के लिए तांत्रिक की ही जान लेने का फैसला लिया.

उन सब ने पैसों के लिए मृतक को सुनसान जगह पर बुलाया और बांसबाड़ी में ले जाकर घास काटने वाले कचिया से तांत्रिक का गला रेत दिया. हालांकि इस दौरान बचने के लिए तांत्रिक ने काफी संघर्ष किया. इसी वजह से आरोपियों का मोबाइल और चप्पल भी घटनास्थल पर छूट गए, जिनके सहारे पुलिस हत्यारे तक पहुंच गई. वहीं आरोपियों की पहचान होने के बाद मृतक की पत्नी को बुलाकर तीनों आरोपियों के खिलाफ आवेदन लिया गया है.

## देश में शादियों का बूम: दो महीने में 48 लाख शादियां, 6 लाख करोड़ का कारोबार !

दीपक कुमार तिवारी

**पटना/नई दिल्ली।** आगामी वेडिंग सीजन में भारत में शादियों का बड़ा उछाल देखने को मिल सकता है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के अनुमान के मुताबिक, अगले दो महीनों में देशभर में लगभग 48 लाख शादियां होने की संभावना है। इन शादियों से देश की अर्थव्यवस्था में लगभग 6 लाख करोड़ रुपये का योगदान होगा, जो छोटे और बड़े कारोबारियों के लिए एक बड़ा अवसर है। अकेले राजधानी दिल्ली में लगभग 4.5 लाख शादियों से 1.5 लाख करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान है, जो शहर के विभिन्न उद्योगों में बड़ी



हलचल पैदा करेगा।

इस सीजन में शादियों से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में खासा उत्साह है। कपड़ा, आभूषण, मेकअप, खानपान, ट्रांसपोर्ट, बैंड-बाजा और सजावट जैसे सेक्टर्स में जबरदस्त मांग देखी जा रही है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल के अनुसार, इस सीजन में हर प्रकार का व्यवसाय, चाहे वह छोटे दुकानदार हों या बड़े व्यापारी, मुनाफे की उम्मीद कर रहे हैं। विभिन्न राज्यों के स्थानीय बाजारों में शादी के कपड़े, सजावट, और गहनों की भारी मांग देखी जा रही है, जिससे रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं।

इसके साथ ही होटल और बैंक्वेट हॉल में भी बुकिंग पहले ही फुल हो चुकी है। वेडिंग प्लानर्स, कैटरिंग सर्विसेज और इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों को भी रिकॉर्ड बुकिंग्स मिल रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह शादी का सीजन देश की अर्थव्यवस्था को एक नया जोश और उछाल देने वाला साबित हो सकता है।

इस शादी सीजन का असर केवल व्यापार पर ही नहीं, बल्कि रोजगार पर भी देखने को मिलेगा, क्योंकि लाखों लोगों को अस्थायी और स्थायी रोजगार के मौके मिलने वाले हैं।

## संपत्ति सृजनकर्ताओं पर व्यवस्था की मार नहीं पड़नी चाहिए: धनखड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि वाणिज्य और व्यवसाय से जुड़े लोगों पर व्यवस्था की मार नहीं पड़नी चाहिए, क्योंकि वे ही नौकरी और संपत्ति के सृजनकर्ता हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 'आर्थिक राष्ट्रवाद' का सिद्धांत कुछ व्यक्तियों के वित्तीय लाभ से अधिक महत्वपूर्ण है।

धनखड़ ने यहां एक निजी शैक्षणिक संस्थान के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, उन्होंने हमेशा इस बात की वकालत की है कि व्यापार, वाणिज्य, उद्योग से जुड़े लोगों पर व्यवस्था की मार नहीं पड़नी चाहिए। उन्हें समाज में सम्मान मिलना चाहिए। उपराष्ट्रपति का मानना है कि यह वर्ग नौकरी और संपत्ति का सृजन करता है और



सामाजिक सद्भाव में योगदान देता है। उन्होंने कहा, 'वे अर्थव्यवस्था के चालक हैं उन्होंने इस देश में समाज को कुछ वापस देने की कला सीखी है। उन्होंने कहा कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में भी उद्यमियों का योगदान रहा है। उपराष्ट्रपति ने आर्थिक राष्ट्रवाद के सिद्धांतों का पालन करने की जरूरत पर भी जोर दिया, और कहा कि अनावश्यक आयात पर अंकुश लगाना चाहिए।

# पांच बार विधायक रहे कांग्रेस नेता मतीन अहमद आम आदमी पार्टी में शामिल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी अपने खोए हुए जनाधार को हासिल करने के लिए दिल्ली न्याय यात्रा निकाल रही है। इसी बीच दिल्ली में कांग्रेस के एक बड़े नेता ने पार्टी को अलविदा कह दिया। दिल्ली में पांच बार विधायक रह चुके वरिष्ठ कांग्रेस नेता चौधरी मतीन अहमद रविवार को कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। गौरतलब है कि वर्ष 2025 की शुरूआत में ही दिल्ली विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतीन अहमद का कांग्रेस छोड़ना पार्टी के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मतीन अहमद को आम आदमी पार्टी में शामिल कराया। इसके उपरांत अरविंद केजरीवाल ने एक जानकारी साझा करते हुए कहा कि यमुना पार क्षेत्र में चौधरी मतीन अहमद जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करते आए हैं। चौधरी साहब का आम आदमी पार्टी परिवार में स्वागत है। बता दें कि दिल्ली में अगले कुछ महीनों में विधानसभा के चुनाव होने हैं। कांग्रेस अपने कार्यकताओं को लगातार इन चुनावों के लिए प्रोत्साहित कर रही है। वहीं, जनता से जुड़ने का भी प्रयास चल रहा है। कांग्रेस की दिल्ली न्याय यात्रा भी इसलिए निकाली जा रही है। रविवार को भी कांग्रेस की यह यात्रा दिल्ली के कई इलाकों में जारी रही। शनिवार को कांग्रेस की यह चुनावी यात्रा पांच अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में निकाली गई थी और इस दौरान लगभग 25 किलोमीटर का सफर तय किया गया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि वे दिल्ली में पार्टी को मजबूत करने में जुटे हैं। हालांकि इस पूरी कवायद के बीच चौधरी मतीन अहमद जैसे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता के जाने से पार्टी को नुकसान होने की आशंका है। कांग्रेस से पांच बार विधायक रहे चौधरी मतीन अहमद यमुना पार इलाके में कांग्रेस कार्यकताओं के बीच काफी सक्रिय रहे हैं। कांग्रेस के कुछ स्थानीय नेताओं ने मतीन अहमद के आम आदमी पार्टी की सदस्यता लेने पर अपनी असहमति दर्ज कराई, लेकिन इस विषय पर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया है।

गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत शीला दीक्षित के समय से मतीन अहमद यमुना पार में कांग्रेस के एक मजबूत नेता रहे हैं। रविवार को उन्होंने अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में कांग्रेस छोड़ दी और आम आदमी पार्टी में चले गए।

## अधिकारी का घेराव करने के मामले में पूर्व विधायक बरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने अवैध रूप से लोगों को एकत्र करने और सरकारी अधिकारी का घेराव करने के आरोप से पूर्व विधायक को आरोप मुक्त करार दिया है। करीब 10 साल पुराने एक मामले में पूर्व विधायक राजेश गर्ग को वर्तमान में रोहिणी कोर्ट में सिविल जज और पूर्व में राउज एवेन्यू स्थित स्पेशल कोर्ट में एसीएमएम के पद पर तैनात प्रियंका राजपूत की अदालत ने दोषमुक्त करार दिया है। अदालत ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कोई भी साक्ष्य अभियोजन द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, 26 फरवरी 2014 को डीएसआईआईडीसी के चीफ मैनेजर मो. महमूद अहमद राजा विहार इलाके में मौजूद प्लॉट पर थे। इस दौरान पूर्व विधायक राजेश गर्ग और उनके सहयोगी राजेंद्र उर्फ राजू अपने समर्थकों के साथ वहां पहुंच गए। उन्होंने माइक के जरिए लोगों को संबोधित किया और प्लॉट की दीवार गिराने का आदेश देने संबंधी नोटिस जारी करने का दबाव बनाने लगे। इस दौरान नोटिस ना जारी करने पर लोग उन्हें धमकी देने लगे।

## आप हरशरण सिंह बल्ली की भाजपा में वापसी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) नेता हरशरण सिंह बल्ली ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी में वापसी कर ली औ। वह लगभग तीन दशक तक भाजपा का प्रमुख सिख चेहरा रहे और हरि नगर निर्वाचन क्षेत्र से चार बार जीत चुके हैं। पार्टी ने एक बयान में कहा कि दिल्ली के पूर्व मंत्री सरदार हरशरण सिंह बल्ली और उनके बेटे सरदार गुरमीत सिंह 'रिंकू' बल्ली रविवार को प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए हैं। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष आर्य और सुभाष सचदेवा भी मौजूद रहे।

## प्रदूषण में आई हल्की कमी पर सांसों का संकट बदस्तूर जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के प्रदूषण स्तर में सात दिनों बाद हल्की कमी आई है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक अभी भी बेहद खराब श्रेणी में है, लेकिन सात दिनों बाद सूचकांक 350 अंक से नीचे आया है। हवा की गति बढ़ने और गर्म मौसम को इसका कारण माना जा रहा है। प्रदूषण की रोकथाम के तमाम दावों के बावजूद इस साल भी दिल्ली के लोगों को जहरीली हवा से राहत नहीं मिली है।

दीवाली के एक दिन पहले से ही दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब श्रेणी में चला गया था। इसके बाद से ही लोग दमघोंटू हवा में सांस ले रहे हैं। आसमान में प्रदूषण की परत छाई हुई है। प्रदूषण के चलते लोगों को सांस लेने में परेशानी, आंखों में जलन, नाक और गले में खराश जैसी परेशानियां हो रही हैं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक रविवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 334 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को बेहद खराब श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले यानी शनिवार को सूचकांक 352 अंक पर रहा था। सामान्य से सवा दो गुना प्रदूषण : मानकों के मुताबिक, हवा में पीएम 10 का स्तर 100 और पीएम 2.5 का स्तर 60 से कम होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है। दिल्ली-एनसीआर की हवा में रविवार की शाम पीएम 10 का स्तर 231 और पीएम 2.5 का स्तर 131 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर पहुंचा गया। यानी हल्के सुधार के बावजूद दिल्ली-एनसीआर की हवा में सवा दो गुने से ज्यादा प्रदूषण मौजूद है।

## आम आदमी पार्टी नेताओं ने दिल्ली की कानून-व्यवस्था पर बीजेपी को घेरा, केजरीवाल ने लगाया आरोप



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली में की कानून-व्यवस्था को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला है। दिल्ली के विभिन्न इलाकों से सरेआम रंगदारी मांगने और गोलीबारी की घटनाओं की खबरों के बीच, पार्टी के नेताओं ने रविवार को एक बार फिर बीजेपी को कठघरे में खड़ा किया। दरअसल आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पर लिखा, "अगर बीजेपी दिल्ली की कानून-व्यवस्था संभाल नहीं पा रही है, तो जनता उसे पूरे दिल्ली की जिम्मेदारी कैसे सौंप सकती है? इससे पहले दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आरोप लगाया कि बीजेपी ने गैंगस्टरों के नेटवर्क को बचाने चलते दिल्ली की कानून-व्यवस्था का बेड़ा गर्क कर दिया है। उन्होंने कहा, "आज दिल्ली वही स्थिति झेल रही है जो कभी 90 के दशक में मुंबई में अंडरवर्ल्ड के शासन के दौरान हुआ करती थी। हर दिन रंगदारी की धमकियां और सरेआम गोलीबारी की घटनाएं सामने आ रही हैं, जो दिखाती हैं कि दिल्ली में गैंगस्टरों का खुला राज चल रहा है। यदि बीजेपी से कानून-व्यवस्था संभल नहीं रही है, तो इसे दिल्ली की चुनी हुई सरकार के हवाले कर दे। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में 10 दिन के अंदर स्थिति काबू में लाई जा सकती है।" सभ्य समाज के लिए चिंता का विषयः उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीजेपी की सरकार दिल्ली पुलिस को कमजोर बना रही है, जिससे अपराधियों के हौसले बढ़ रहे हैं और आम लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। दिल्ली में हर रोज नए रंगदारी के मामले सामने आ रहे हैं और व्यापारी अब खुलकर नहीं कह सकते कि उनका व्यवसाय सुरक्षित है। गैंगस्टरों के फोन आ रहे हैं और शोरूम्स के सामने गोलियां चल रही हैं। यह हालात किसी भी सभ्य समाज के लिए चिंता का विषय है। 'आप' ने उठाए ठोस कदमः मनीष सिसोदिया ने आगे कहा कि दिल्ली और पंजाब में प्रदूषण कम करने के लिए आम आदमी पार्टी की सरकारों ने ठोस कदम उठाए हैं। हमने प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कई योजनाओं पर काम किया है और पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में भी कमी आई है। लेकिन, भाजपा ने कभी प्रदूषण को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए। उन्होंने कहा, भाजपा केंद्र में बैठकर केवल अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान को निशाना बना रही है, जबकि उनकी सरकारें प्रदूषण कम करने के लिए सख्त कदम उठा रही हैं। दिल्ली में प्रदूषण 50 प्रतिशत तक कम हुआ है, जबकि बीजेपी शासित राज्य जैसे उत्तर प्रदेश और हरियाणा में हालात बदतर हैं।

यूपी के कौशांबी बस अड्डे का प्रदूषण देखिए, पहले वहां की स्थिति सुधारें और फिर हमें बताए कि दिल्ली में प्रदूषण कम करने में हमसे बेहतर काम किया है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि यदि बीजेपी को दिल्ली की कानून-व्यवस्था और प्रदूषण पर नियंत्रण नहीं है।

## दिल्ली देहात के दो नए रूट पर बसों का संचालन शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के परिवहन विभाग ने दो नए रूटों 892 एसटीएल और 892 एसपीएल पर रविवार से बसों का संचालन शुरू किया है। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बिजवासन विधानसभा क्षेत्र के धुलसिरस गांव से हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। उन्होंने एक अन्य रूट 716 पर बसों की संख्या बढ़ाई है। इससे बसों के फेरे बढ़ गए हैं और यात्रियों को सहूलियत मिलेगी। नए शुरू किए गए 892 एसटीएल रूट पर नानकहेड़ी से द्वारका सेक्टर-10 तक बसों का संचालन होगा, जबकि 892 एसपीएल रूट पर धूलसिरस से छावला गांव तक बसों का संचालन होगा। नानकहेड़ी से द्वारका तक बस रूट नानकहेड़ी से द्वारका सेक्टर-10 तक के इस रूट को नानकहेड़ी, बडू सराय, कांगनहेड़ी और छावला के आसपास के गांवों और कॉलोनियों की सेवा के लिए डिजाइन किया गया है। नानकहेड़ी से शुरू होकर द्वारका सेक्टर-10 (इंदिरा गांधी अस्पताल और द्वारका कोर्ट) पर समाप्त होने वाला यह मार्ग लगभग 19 किमी लंबा होगा। रास्ते में प्रमुख पड़ावों में द्वारका सेक्टर-21, द्वारका सेक्टर-8, द्वारका सेक्टर-10 मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। सीनियर स्कूल कांगनहेड़ी, बीएसएफ कैंप छावला, धूलसिरस प्राचीन मंदिर, दिल्ली पुलिस स्टाफ क्वार्टर और द्वारका जिला न्यायालय परिसर तक आने-जाने वाले यात्रियों को भी इस रूट पर बसें संचालित होने से फायदा मिलेगा। इस रूट पर एक तरफ की यात्रा 1:15 घंटे में पूरी होगी। इस रूट पर सीएनजी की दो बसें चलेंगी। स्कूली छात्रों के लिए तय किया गया रूट रूट संख्या 892 एसपीएल को विशेष रूप से स्कूली छात्रों के लिए डिजाइन किया गया है। धूलसिरस गांव से छावला स्कूल तक 6.5 किमी लंबे इस रूट पर छात्रों के शेड्यूल को समायोजित करने के लिए सुबह के समय दो यात्राएं और दोपहर में दो यात्राएं होंगी।

इस मार्ग पर डीटीसी द्वारा संचालित वातानुकूलित सीएनजी बसें चलाई जाएंगी। ये बसें धूलसिरस गांव, बामनोली, बीएसएफ कैंप छावला और छावला गांव जैसे प्रमुख पड़ावों से गुजरेंगी। इससे आसपास की कॉलोनियों और गांवों के छात्रों को आसानी से स्कूल आने-जाने की सुविधा मिल सकेगी।

## भाजपा से नहीं संभल रही दिल्ली की कानून व्यवस्था : आप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर एक बार फिर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर निशाना साधा है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्स पर लिखा कि भाजपा से दिल्ली की कानून व्यवस्था नहीं संभल रही तो ऐसे में जनता उन्हें दिल्ली कैसे दे दें। पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि राजधानी में लगातार सरेआम गोलियां चल रही हैं। जगह-जगह लोगों की हत्याएं हो रही हैं। कारोबारियों के घर एवं दफ्तर पर गोली चलाकर रंगदारी मांगी जा रही है। भाजपा ने दिल्ली का हाल ऐसा कर दिया जो 90 के दशक में मुंबई का हुआ करता था। आज दिल्ली में गैंगस्टरों का आतंक है। सिसोदिया ने कहा कि कोई भी व्यापारी या सामान्य आदमी दिल्ली में सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। अगर किसी का व्यापार थोड़ा अच्छा चलता है तो उसे डर लगता है कि अब किसी गैंगस्टर का फोन आ जाएगा। गैंगस्टर के नेटवर्क को बचाने के चक्कर में भाजपा ने दिल्ली की कानून-व्यवस्था ध्वस्त कर दी है। अगर भाजपा से कानून व्यवस्था नहीं संभल रही तो वह दिल्ली सरकार को इसकी जिम्मेदारी दे दे। दिल्ली सरकार महज 10 दिनों के भीतर कानून व्यवस्था को पटरी पर लाने का काम करेगी।

## महिला सुरक्षा के लिए बसों में दोबारा तैनात होंगे 10 हजार मार्शल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की बसों में महिला सुरक्षा के लिए 10 हजार मार्शलों को एक बार फिर तैनात किया जाएगा। रविवार को दिल्ली सरकार के मंत्रिमंडल की अहम बैठक में यह फैसला लिया गया है। मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री आतिशी को रिपोर्ट सौंपी, जिसमें तत्काल प्रभाव से बसों में मार्शल बहाल करने की सिफारिश की गई है। सूत्रों का कहना है कि बसों में मार्शलों की नियुक्ति को लेकर मंत्रिमंडल का प्रस्ताव मंजूरी के लिए तत्काल उप राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। दिल्ली सरकार के सूत्रों ने बताया कि रविवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री आतिशी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इसमें मार्शलों को बस में नियुक्त करने की सिफारिश की गई ताकि उन्हें रोजगार मिले और महिलाओं की सुरक्षा हो सके। इससे पहले दिल्ली सरकार द्वारा मार्शलों को चार माह तक प्रदूषण से निपटने के लिए अस्थायी रोजगार देने की बात कही गई है। इन मार्शलों को आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने वर्ष 2017-18 में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बसों में तैनात किया था। सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स (सीडीवी) 2015 से 2022 तक करीब आठ साल तक बिना किसी बाधा के कार्य करते रहे। इनकी नियुक्ति और वेतन जारी करने में परिवहन, राजस्व और वित्त विभाग शामिल रहे, लेकिन 2023 की शुरूआत में ही तीनों विभागों का रुख बदल गया। अप्रैल 2023 में मार्शलों का वेतन रोका गया और एक नवंबर 2023 से उन्हें हटा दिया गया। उन्हें वापस रखने की मांग तत्कालीन मंत्री आतिशी एवं परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत की तरफ से हुई थी, लेकिन उपराज्यपाल ने पांच दिसंबर 2023 को इससे इनकार कर दिया था। विधानसभा में प्रस्ताव पास हुआ : दिल्ली विधानसभा में 26 सितंबर 2024 को सभी बस मार्शलों और सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को बहाल करने और नियमित करने के बारे में एक प्रस्ताव पारित किया था। इस प्रस्ताव का समर्थन दिल्ली सरकार के मंत्रिपरिषद द्वारा किया गया है और इसे जल्द से जल्द निर्णय के लिए आगे भेजा गया।

## डाटा मिटाने के लिए झपट लिया गर्लफ्रेंड का मोबाइल फोन, चार गिरफ्तार

- दोस्तों के साथ मिलकर रची थी झपटमारी की साजिश
- वारदात में इस्तेमाल स्कूटी व युवती का मोबाइल फोन बरामद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र इलाके में एक युवक ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर गर्लफ्रेंड का मोबाइल फोन झपट लिया। दरअसल, आरोपी की गर्लफ्रेंड ने उससे ब्रेकअप कर लिया था। इसके बाद से ही आरोपी युवती के मोबाइल फोन से कुछ डाटा मिटाने के लिए कह रहा था और फिर खुद ही सारा डाटा मिटाने के लिए दोस्तों के साथ मिलकर झपटमारी की योजना बना डाली। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को उसके तीन दोस्तों समेत गिरफ्तार कर लिया है। इनकी पहचान रोहित (मुख्य आरोपी), अजीम, करन उर्फ गड्डी और डेविड उर्फ गोलू के रूप में हुई है। ये सभी आरोपी न्यू संजय अमर कॉलोनी, विश्वास नगर, शाहदरा के रहने वाले हैं और आठवीं से 10वीं तक की पढ़ाई की है। इसके साथ ही पुलिस ने इनके पास से झपटा हुआ मोबाइल फोन व वारदात में इस्तेमाल स्कूटी भी बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक, गाजीपुर गांव निवासी युवती ने थाने में मोबाइल झपटमारी की शिकायत दर्ज करवाई थी। उसने बताया कि गत छह नवंबर को सुबह नौ बजे वह देवता चौक, गाजीपुर गांव स्थित अपने कार्यालय की ओर पैदल जा रही थी। इसी बीच पीछे से आए एक युवक ने उसका मोबाइल फोन झपट लिया। वह उसके पीछे भागी लेकिन उसे पकड़ नहीं सकी और आरोपी थोड़ी दूर भागने के बाद एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर वहां से फरार हो गया। वहां पहले से एक आरोपी मोटरसाइकिल लेकर खड़ा था। इसके बाद पीड़िता ने कॉल कर पुलिस को मामले की सूचना दी। एसएचओ सत्यप्रकाश की टीम ने मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज पीड़िता को भी दिखाई।

## एक नजर

### गांव देहात बचाओ आंदोलन के तहत महापंचायत होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के गांव देहात बचाओ आंदोलन को लेकर महापंचायत बुलाई जाएगी। इसे लेकर 360 खाप के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी की तरफ से दिल्ली गांव देहात बचाओ यात्रा शुरू की गई है। अब तक यह यात्रा 155 गांवों में पहुंच चुकी है। रविवार को लाडो सराय गांव में यात्रा पहुंची। लोगों ने चौधरी सुरेंद्र सोलंकी को गांव की समस्या से अवगत कराया। इस दौरान चौधरी सुरेंद्र ने बताया कि अबकी बार लड़ाई आर-पार की है। यदि चुनाव से पहले समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो अबकी बार 360 गांव के लोगों ने मन बना लिया है कि वो वोट नहीं देंगे।

### कार सवार बदमाशों ने दुकान में लगाई सेंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चोरी की एक वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वीडियो में आरोपी एक दुकान की शटर का ताला तोड़कर चोरी करते हुए दिखाई दे रहा है। वारदात को चोरों ने शनिवार तड़के अंजाम दिया और पूरी वारदात दुकान के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वीडियो शाहदरा इलाके के रोहतास नगर स्थित एक दुकान की बताई जा रही है। करीब 11 मिनट के इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कार चालक समेत कुल पांच आरोपी एक कार में सवार होकर दुकान के पास आते हैं।

कार दुकान के सामने ही खड़ी करने के बाद पहले एक आरोपी उतर कर इधर-उधर देखता है और फिर धीरे-धीरे अन्य आरोपी भी कार से बाहर आने लगते हैं। शुरूआत में तीन चोर दुकान के शटर और उसके ताले को तोड़ने और काटने की कोशिश करते हैं, लेकिन नहीं कर पाते हैं। इसके बाद पांचों मिलकर उसे तोड़ने की कोशिश करते हैं। देखते ही देखते कुछ ही मिनटों में वे ताला तोड़कर शटर ऊपर करने के बाद दुकान में घुसते हैं और सामान निकालने लगते हैं। सामान को कार में रखकर सभी वहां से फरार हो जाते हैं।

### बोरवेल कार्य की जांच करते समय भाजपा नेता के साथ की गई मारपीट: पार्टी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के कापसहेड़ा इलाके में रविवार को अवैध बोरवेल कार्य को रोकने की कोशिश कर रहे भाजपा के एक नेता के साथ किसी अन्य पार्टी के कार्यकताओं ने कथित तौर पर मारपीट की। यह दावा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने किया। भाजपा ने दावा किया कि यह घटना उस समय हुई जब भाजपा नेता तेजेन्द्र यादव और पार्षद जयवीर राणा पार्टी के तीन-चार अन्य कार्यकताओं के साथ बोरवेल कार्य की जांच करने के लिए क्षेत्र में गए थे। भाजपा बयान में कहा गया, झड़प के दौरान यादव के सिर पर चोटें आईं और उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां उनका उपचार किया जा रहा है। दिल्ली पुलिस की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

### घायल युवक को पांच लाख रुपये देने के निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कड़कड़डूमा कोर्ट ने मयूर विहार इलाके में वर्ष 2021 में हुई कार दुर्घटना में घायल युवक को पांच लाख रुपये का हजार्ना दिए जाने का निर्देश दिया है। अदालत ने पाया कि दुर्घटना की वजह से पीड़ित के दाएं पैर में लोहे की रॉड डालनी पड़ी, जिससे वह करीब चार माह तक बिस्तर पर रहा और अपनी नौकरी पर नहीं जा सका। अदालत ने बीमा कंपनी को पीड़ित को तुरंत भुगतान करने का निर्देश दिया है।

### स्कूटी समेत 10 वारदातें करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लक्ष्मी नगर पुलिस ने शनिवार को चोरी की स्कूटी के साथ एक कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया है। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि इस पर लूट, झपटमारी व चोरी के 10 मामले दर्ज मिले हैं। आरोपी की पहचान लक्ष्मी नगर निवासी अक्षय पालीवाल के रूप में हुई है।

वह लक्ष्मी नगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस पकड़े गये आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के मुताबिक, पांच नवंबर को थाने में स्कूटीसवार बदमाश द्वारा पर्स झपटने की पीसीआर कॉल मिली थी। कॉल के बाद थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार शर्मा की टीम ने मामले की जांच शुरू की। पीड़िता शास्त्री नगर निवासी सुमन तलवार ने बताया कि वह लक्ष्मी नगर मार्केट की ओर जा रही थी कि तभी कुंदन नगर लाल बत्ती के पास शाम करीब 6.40 बजे स्कूटीसवार आरोपियों ने वारदात को अंजाम दे डाला। उनके पर्स में तीन हजार रुपये थे। पुलिस ने जांच के दौरान वारदातस्थल के आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाली और आरोपी की पहचान कर उसे लक्ष्मी नगर इलाके में स्थित एक पार्क से दबोच लिया। साथ ही स्कूटी भी बरामद कर ली गई।

### छात्र नेता दाखिल करेंगे स्टेटस रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली यूनिवर्सिटी में छात्र संघ चुनाव के दौरान गंदगी फैलाने के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट सोमवार सुनवाई करेगा। पिछली सुनवाई में मुख्य न्यायाधीश मनमोहन ने सभी छात्र नेताओं को अलग-अलग परिसरों में सफाई और पेंट कराने के बाद फोटो सहित स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए थे। अदालत ने परिसर की सफाई होने तक चुनाव परिणाम की घोषणा पर भी रोक लगा रखी है।

### चोरी के 20 मामलों में शामिल चोर को रंगे हाथ दबोचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शकरपुर थाना पुलिस ने गुरुवार को एक कुख्यात चोर को गिरफ्तार किया है। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि आरोपी के खिलाफ चोरी के 20 मामले दर्ज मिले हैं। फिलहाल इसके पास निर्माण स्थल से चुराई गई एक पत्थर काटने वाली मशीन बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक, शकरपुर इलाके एच-47 स्थित निर्माण स्थल पर चोरी की पीसीआर कॉल मिली थी। सूचना के बाद शकरपुर एसएचओ इंस्पेक्टर खालिद हुसैन की टीम मौके पर पहुंची। शिकायतकर्ता कृष्णा तिवारी ने बताया कि वह निर्माण स्थल के सुपरवाइजर है। उन्होंने एक अज्ञात व्यक्ति को निर्माण स्थल के अंदर घुसते और पत्थर काटने वाली मशीन चुराते हुए देखा है। उन्होंने उसे रोकने की कोशिश की तो वह फरार होने का प्रयास करने लगा। वह चोर-चोर कहते हुए उसके पीछे भागे तो वहां से गुजर रहे इलाके की पेट्रोलिंग टीम की नजर उन पर पड़ी। शोर सुनकर वह आरोपी के पीछे भागे और उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से उक्त मशीन बरामद हुई। चोर की पहचान आनंद पर्वत निवासी आशू के रूप में हुई। पुलिस ने इसे गिरफ्तार कर लिया।

### केंद्र सरकार सिर्फ राजनीति कर रही : सिसोदिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने रविवार को कहा कि राजधानी में बढ़े हुए प्रदूषण से निपटने के लिए आप सरकार ने दिल्ली से लेकर पंजाब तक बेहतर इंतजाम किए हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ दिल्ली और पंजाब सरकार प्रदूषण कम करने में जुटी है तो वहीं दूसरी तरफ केंद्र में बैठी भाजपा की केंद्र सरकार सिर्फ राजनीति कर रही है। सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली सरकार ने प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी बेहतर इंतजाम किए हैं। मीडिया और अथॉरिटी की रिपोर्ट से यह साफ है कि पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में बहुत कमी आई है। मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा से न तो दिल्ली की कानून-व्यवस्था संभल रही है और ना ही वह प्रदूषण को रोकने में किसी प्रकार का सहयोग कर रही है।

# एम-3-एम में खरीदारों को तीन साल बाद भी नहीं मिले घर

-2021 में दो प्रोजेक्ट में खरीदे गए घर नहीं दे रहा बिल्डर

-रविवार को एम3एम स्मार्ट वर्ल्ड के कार्यालय पर लोगों ने दिया धरना




**गुरुग्राम, एजेंसी।** एम-3-एम बिल्डर के दो प्रोजेक्ट सोलीटुड और एम-3-एम स्मार्ट वर्ल्ड जेमस में निवेश करने वाले लोग अपना घर लेने के लिए धक्के खा रहे हैं। कोई सुनवाई नहीं हो रही। इन प्रोजेक्ट में 300 खरीदार 3 साल से परेशान हैं। रविवार को एम3एम स्मार्ट वर्ल्ड के कार्यालय में मनप्रीत, शैली कौशिक, अतिका, सुमित सिंह बनवाला, विकास सिन्हा, एडवोकेट कपिल, मनिंदर जीत सिंह और अन्य लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। धरना भी दिया। मौके पर पुलिस को भी बुलाया। बताया गया कि पुलिस में शिकायत कई महिनो से चल रही है, लेकिन बार-बार शिकायत करने के बाद भी कोई समाधान नहीं मिल रहा। पीड़ित लोगों ने कहा कि वर्ष 2021 में एम3एम के दो प्रोजेक्ट एम3एम सोलीटुड और एम3एम स्मार्टवर्ल्ड जेमस में बुकिंग राशि 10 प्रतिशत जमा करवाई थी। बाकी 90 प्रतिशत बाद में देना था। तीन साल एम3एम के अधिकारियों से फॉलोअप के बाद भी घर नहीं मिला है। जब बिल्डिंग तैयार होकर खड़ी हो गई और बाजार मूल्य बढ़ गया तो अचानक एम3एम कंपनी ने इन सभी को कैंसिलेशन लेटर भेज दिया। इसी को लेकर लोगों ने रविवार को एम3एम के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस मौके पर पहुंची आम आदमी पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सारिका पीड़ित लोगों से मिली। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग के लोगों के साथ इतना बड़ा घोटाला हो रहा है। प्रशासन और सरकार पूरी तरह से चुप्पी साधे है। ऐसे घोटाले को रोकने के लिए रेरा का नियम लाया गया था, लेकिन जमीनी स्थर पर लोगों को राहत नहीं मिल रही। एम3एम साधारण लोगों के साथ इतना बड़ा धोखा कर रहा है। डॉ. सारिका ने कहा कि यह वह लोग हैं जिन्होनें गुडगांव और बादशाहपुर में भारतीय जनता पार्टी के विधायकों को पूर्ण बहुमत से चुना है, लेकिन आज पुलिस, प्रशासन और सरकार इनकी एक नहीं सुन रही। ऐसे में बिल्डरों की लूट पर रोक कैसे लगाई जाएगी।

क्या वोटर्स का विश्वास भारतीय जनता पार्टी ऐसे ही लगातर तोड़ती रहेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी से निवेदन है कि 300 परिवार की जमा पूंजी इस तरह बर्बाद ना हो। उन्हें अपना हक दिया जाए। जल्द से जल्द एम3एम पर कार्रवाई हो और इन परिवारों को घर दिये जायें।

# आईपीएस यौन शोषण केस में महिला आयोग ने दो दिन में मांगी रिपोर्ट

## एडीजीपी की एसआईटी से दो दिन में रिपोर्ट तलब

**फरीदाबाद, एजेंसी।** आईपीएस अफसर सुमित कुमार पर लगे यौन शोषण के मामले में महिला आयोग ने जांच के लिए बनाई एसआईटी से 2 दिन के अंदर रिपोर्ट मांगी है। आयोग की चेयरपर्सन रेणू भाटिया ने बताया कि आयोग की तरफ से जो जांच की जा रही है, उसमें एसआईटी की जांच को भी शामिल किया जाएगा। इससे पता चलेगा कि आयोग के सामने दर्ज किए गए बयानों और एसआईटी की जांच में क्या समानता है। उसी के आधार पर आगे की जांच रिपोर्ट तैयार की जाएगी। यूट्यूबर सुनील कुमार की गिरफ्तारी के लिए अब तक क्या कार्रवाई की गई है, एसआईटी से उसकी भी रिपोर्ट मांगी गई है। अभी तक दाल में कुछ काला है, क्योंकि पूरा मामला महिलाओं के सम्मान का है। यह मामला महिला पुलिस से जुड़ा है। यह देखना है कि अभी तक एसआईटी ने क्या काम किया, क्या उनकी रिपोर्ट और महिला आयोग की रिपोर्ट सेम है या फिर अलग है। इन दोनों रिपोर्ट की जांच इसलिए करनी है, क्योंकि सुमित कुमार और उनके साथी ऑफिसर कह रहे हैं कि एक ही व्यक्ति को टारगेट किया है या फिर ममता सिंह ने जो जांच कर चीज निकाली है वह सही है, क्योंकि एसआईटी की टीम अभी तक यूट्यूबर सुनील कुमार को नहीं पकड़ पाई है। इससे पहले एसपी आस्था मोदी ने भी उन्हें नहीं पकड़ा था। एसआईटी ने अभी तक क्या काम किया है और किस नतीजे तक पहुंचे हैं, यह देखना है। गौरतलब है कि गुरुवार (7 नवंबर) को फरीदाबाद स्थित महिला आयोग के ऑफिस में जींद में तैनात 7 महिला पुलिसकर्मी पहुंची। इन महिलाओं ने आरोपी के पक्ष में बयान दिए थे। हालांकि वह महिला पुलिसकर्मी पूछताछ में शामिल नहीं हुईं, जो मुख्य शिकायतकर्ता हैं।

महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा था कि आज जो महिला पुलिसकर्मी पूछताछ के लिए आईं, उनकी भी एनुअल कॉन्फिडेंशिल रिपोर्ट खराब थी। इसलिए, शक था कि असली शिकायतकर्ता यही हो सकती हैं। इसी कारण इन्हें तलब किया गया था। वायरल हुए लेटर में कुल 7 नाम थे। जांच के दौरान आयोग ने पाया कि इन नामों से मिलते जुलते नामों की 19 महिला कर्मी उस दौरान जींद जिले में कार्यरत थीं। आयोग इन सभी महिला कर्मियों से बातचीत करेगा। हालांकि, अभी तक 7 महिलाओं से ही आयोग की बातचीत हुई है।

# पत्रकारिता की आड़ में अवैध निर्माण का खेल, खोड़ा में तथाकथित पत्रकारों का बोलबाला

**द न्यूज 15 ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के खोड़ा क्षेत्र में पत्रकारिता का चोला ओढ़े कुछ कथित पत्रकारों ने नियम-कानून को ताक पर रखकर अवैध निर्माण और वसूली का गंदा खेल रच डाला है। ताजा मामले में नगर पालिका की टीम को अवैध बेसमेंट निर्माण रोकने से खुलेआम धमकाया गया। दबंगई इस हद तक बढ़ गई कि मौके पर खड़े होकर बेसमेंट पर लेंटर डलवाने की पूरी प्रक्रिया संचालित की गई। सूत्रों की मानें तो इस अवैध लेंटर डलवाने के लिए कथित पत्रकारों और दबंगों ने ?1,00,000 की अवैध वसूली की। जब नगर पालिका के कर्मचारी मौके पर पहुंचे, तो खुद को भवन स्वामी बताने वाले व्यक्ति ने उनके साथ तीखी नोकझोंक की और नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाईं। नगर पालिका अध्यक्ष मोहिनी शर्मा ने इस पूरे मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि जल्द ही अवैध बेसमेंट और लेंटर को तोड़ा जाएगा। साथ ही, सरकारी कार्य में बाधा डालने और अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा। खोड़ा क्षेत्र में कथित पत्रकारों के ऐसे कृत्यों ने न केवल पत्रकारिता की गरिमा को ठेस पहुंचाई है, बल्कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों को शह दी है। स्थानीय लोग अब ऐसे फर्जी पत्रकारों और दबंगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि यह खेल हमेशा के लिए बंद हो और क्षेत्र में कानून व्यवस्था का राज स्थापित हो सके।




# ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा

## 5 की मौत, सीएम योगी आदित्यनाथ ने जताया दुख



**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर दुख जताया है। मिली जानकारी के अनुसार, यह सड़क हादसा नोएडा से परी चौक जाते समय हुआ है। एक्सप्रेसवे पर खराब पड़ी ट्रक में पीछे से एक कार जा घुसी। स्थानीय लोगों के अलावा स्थानीय पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकाला। ड्राइविंग सीट पर बैठे शख्स ने दम तोड़ दिया था जबकि अन्य चार की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। हादसे की सूचना मिलते ही अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से उपचार की समुचित व्यवस्था करने को कहा था। सीएम योगी ने मृतक के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह थाना नॉलेजपार्क के सेक्टर 146 के पास खराब खड़े ट्रक में तेज गति से आ रही वैगनार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। इससे पहले शनिवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भी एक भीषण सड़क हादसा हुआ था। जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 अन्य घायल हो गए। घटना फिरोजाबाद के थाना नसीरपुर क्षेत्र में माइलस्टोन 49 पर घटी, जब मथुरा से लखनऊ लौट रही एक टूरिस्ट बस ट्रक से टकरा गई। बस में सवार सभी लोग मुंडन संस्कार के बाद घर लौट रहे थे। सवार लोगों में अधिकांश परिजन और उनके रिश्तेदार शामिल थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस में सवार 5 लोगों की मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय पुलिस और आपातकालीन सेवाओं ने मौके पर पहुंचकर घायलों को शिकोहाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने के कारण कुछ घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अन्य अस्पतालों में रेफर कर दिया गया।

## एक नजर

### जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर मारपीट की

**नोएडा, एजेंसी।** सफाईकर्मी के खिलाफ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने और विरोध करने पर मारपीट करने के मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस जल्द ही आरोपी से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। शिकायत में कुलेसरा निवासी रोहित कुमार ने बताया कि वह नोएडा प्राधिकरण में सफाईकर्मी के पद पर तैनात हैं। शनिवार को शिकायतकर्ता की ड्यूटी सेक्टर-45 में पांच प्रतिशत आबादी क्षेत्र में लगाई गई थी। आरोप है कि जब रोहित सफाई कर रहा था तभी एक व्यक्ति अपने मकान से बाहर निकल और उसके साथ गाली गलौज करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए रोहित पर हमला बोल दिया। रोहित के साथ काम कर रहे कर्मचारियों ने किसी तरह आरोपी को रोका। इस दौरान शिकायतकर्ता ने भागकर अपनी जान बचाई और मामले की शिकायत पुलिस से की। केस दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपी के घर पर पहुंची लेकिन तबतक वह फरार हो चुका था।

### गाजियाबाद में बिटकॉइन में रुपये लगाने के नाम पर महिला से 90 हजार ठगे

**गाजियाबाद, एजेंसी।** ठगों ने वसुंधरा निवासी महिला से 90 हजार रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने बिटकॉइन में रकम लगाने का लालच दिया था। महिला ने केस दर्ज कराया है। प्रीति अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने बिटकॉइन में रुपये लगाए थे। ठगों ने कम रकम लगाकर अधिक कमाई का झांसा दिया। शुरूआत में ठगों ने पीड़िता से एक हजार रुपये लगवाए। बदले में उन्हें 1,400 रुपये दिए। इसके बाद महिला से पांच हजार रुपये लगवाए। इसके बदले में महिला को साढ़े सात हजार रुपये दिए। महिला को विश्वास में लेकर ठगों ने मोटी रकम लगाने के लिए कहा। महिला ने अलग-अलग करीब 90 हजार रुपये बिटकॉइन में लगाए। इसके बाद महिला को पैसा मिलना बंद हो गया। उन्होंने साइबर क्राइम पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद महिला ने इंदिरापुरम थाने में भी शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### नोएडा में प्रेम-प्रसंग में विफल होने पर युवक ने की आत्महत्या

**नोएडा, एजेंसी।** थाना फेस-तीन क्षेत्र के गांव गढ़ी चौखंडी में रहने वाले एक युवक ने आज अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। आसपास के लोगों का कहना है कि युवक ने प्रेम प्रसंग में विफल होने पर यह कदम उठाया है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस आयुक्त के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना फेस-तीन क्षेत्र के गांव गढ़ी चौखंडी गांव में किराए के मकान में रहने वाले सोनू कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी जनपद अलीगढ़ उम्र 22 वर्ष में आज सुबह को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर विधि विज्ञान की टीम पहुंची है। पुलिस व विधि-विज्ञान की टीम घटनास्थल का निरीक्षण कर रही है। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। इस मामले में अन्य अग्रिम आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। वहीं आसपास के लोगों का कहना है कि युवक एक लड़की से प्रेम करता था। प्रेम प्रसंग में विफल रहने पर उसने आत्महत्या किया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रहकर मामले की जांच कर रही है।

### प्रेमिका ने दिया धोखा, प्रेमी ने फंदे पर लटक दी जान

**नोएडा, एजेंसी।** थाना फेज-तीन क्षेत्र के गांव गढ़ी चौखंडी में रहने वाले एक युवक ने रविवार सुबह अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आसपास के लोगों का कहना है कि युवक ने प्रेम प्रसंग में विफल होने पर यह कदम उठाया है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि गांव गढ़ी चौखंडी गांव में किराए के मकान में रहने वाले 22 वर्षीय सोनू कुमार निवासी जिला अलीगढ़ ने रविवार सुबह अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर विधि विज्ञान की टीम पहुंची है। पुलिस व विधि-विज्ञान की टीम घटनास्थल का निरीक्षण कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के परिजन को घटना की जानकारी दे दी गई है। इस मामले में अन्य अग्रिम आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रहकर मामले की जांच कर रही है।

### गाजियाबाद में एक्सप्रेस वे पर लूअ में फरार बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**गाजियाबाद, एजेंसी।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर लूट के मामले में वांछित मुरादनगर थाना क्षेत्र के नेकपुर गांव निवासी बिलाल पुत्र हनीफ को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस का आरोप है कि बिलाल ने पीछा करने पर गोली चलाई थी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने बिलाल को पैर में गोली मारकर लंगड़ा करने के बाद गिरफ्तार कर लिया। एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि बिलाल एक गैंगस्टर है। उसके खिलाफ लूट और चोरी के एक दर्जन मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने बिलाल को उपचार के लि ए अस्पताल में भर्ती कराया है। उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा और सुजुकी जिक्सर बाइक बरामद हुई है। एसीपी ने बताया कि मसूरी थाना पुलिस शनिवार देर रात दिल्ली- मेरठ एक्सप्रेस-वे (डीएमई) के नीचे कुशलिया पुलिया पर चेकिंग कर रही थी।

# मतदान प्रशिक्षण में 52 कर्मचारी अनुपस्थित

**गाजियाबाद, एजेंसी।** 9 नवंबर को आईटी एस मोहननगर में 218 पीठासीन अधिकारी, 218 मतदान अधिकारी प्रथम,218 मतदान अधिकारी द्वितीय,218 मतदान अधिकारी तृतीय का प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित किया गया। जिनमें 10 पीठासीन अधिकारी, 13 मतदान अधिकारी प्रथम ,12 मतदान अधिकारी द्वितीय और 17 मतदान अधिकारी तृतीय अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। प्रशिक्षण में प्रज्ञा श्रीवास्तव डीडीओ सहप्रभारी कार्मिक के साथ साथ डॉ. हमीद लतीफ प्राचार्य क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान,प्रो. श्रवण कुमार, पवन कुमार भाटी, जिला समन्वयक एवं कार्मिक विभाग के लोग उपस्थित रहे। कार्मिक प्रभारी द्वारा सभी अनुपस्थित कार्मिकों को एक अंतिम अवसर देते हुए निर्देशित किया है कि वह 11 नवंबर को प्रत्येक दशा में प्रशिक्षण प्राप्त कर ले अन्यथा उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# गौतमबुद्ध नगर जिले में पुलिस के साथ अलग-अलग मुठभेड़ों में पांच बदमाश पकड़े गए



**नोएडा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के तीन थाना क्षेत्रों में पुलिस के साथ हुए अलग-अलग मुठभेड़ों में तीन कथित बदमाशों के पैर में गोली लगी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीन घायल बदमाशों सहित कुल पांच संदिग्धों को पकड़ा गया है। अधिकारियों ने बताया कि बदमाशों से अवैध तमंचा, कारतूस, चोरी का ई-रिक्शा, मोटरसाइकिल, मोबाइल और अन्य सामान बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस उपायुक्त (सेंट्रल नोएडा) शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि नोएडा सेक्टर-142 थाना की पुलिस द्वारा सेक्टर-145 के पास संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही थी, तभी गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि हिंडन पुश्ता रोड किनारे दो संदिग्ध खड़े हैं। उन्होंने बताया कि उक्त सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची तो दो संदिग्ध ई-रिक्शा व मोटरसाइकिल के साथ पुश्ता के किनारे नजर आए। अवस्थी ने बताया कि पुलिस द्वारा रोके जाने पर वे भागने लगे और पुलिस पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में एक संदिग्ध के पैर में गोली लगी जिसकी पहचान नोएडा फेज-2 थाना क्षेत्र के नयागांव निवासी रोहित कुमार (25) के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि दूसरे संदिग्ध को पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया और उसकी पहचान अनिल कुमार (22) के तौर पर की गई है और उनके पास से चोरी का एक ई-रिक्शा, एक मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन, 10 हजार रुपये नकद व एक तमंचा और कारतूस बरामद किया गया। अवस्थी ने बताया कि मुठभेड़ की दूसरी घटना नोएडा फेज-2 थाना क्षेत्र के याकूबपुर लाल बत्ती के पास उस समय हुई जब पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्धों को जांच के दौरान रुकने का इशारा किया।

# ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का झांसा देकर महिला से 15 लाख रुपये ऐंठे

**नोएडा, एजेंसी।** शेयर मार्केट और ट्रेडिंग में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने एक महिला के साथ 15 लाख रुपये की ठगी कर ली। महिला ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने की पुलिस से की है। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, पुलिस उन खातों की जांच कर रही है। शिकायत में ग्रेटर नोएडा के सुपरटेक इको विलेज सोसाइटी निवासी पल्लवी जग्गी ने बताया कि कुछ समय पहले उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने बातचीत करने के बाद महिला को एक व्हाट्सऐप ग्रुप पर जोड़ दिया। इसमें शेयर मार्केट और ट्रेडिंग में निवेश कर मुनाफा कमाने की जानकारी दी जा रही थी। विशेषज्ञ द्वारा बताई गई कंपनी में लोग निवेश कर मुनाफा कमाने का स्क्रीनशॉट ग्रुप पर साझा कर रहे थे। महिला कई दिन तक ग्रुप पर होने वाली हर गतिविधि को देखती रही और खुद भी निवेश कर मुनाफा कमाने की सोची। शुरू में जब महिला ने निवेश किया तो उसे कुछ मुनाफा हुआ। इसके बाद कई बार में उसने 15 लाख 42 हजार 863 रुपये निवेश कर दिए। ठगों द्वारा डाउनलोड कराए गए ऐप में महिला को रकम मुनाफे सहित बढ़ी हुई दिख रही थी। पैसे की आवश्यकता पड़ने पर जब महिला ने खाते से रकम निकालनी चाही तो जालसाज उसपर और पैसे निवेश करने का दबाव बनाने लगे। महिला ने जब पैसे निवेश करने से मना किया तो जालसाजों ने उसे ग्रुप से बाहर कर दिया और पूरी तरह से संपर्क तोड़ दिया। शिकायतकर्ता के मुताबिक उसने ठगी में जो रकम गंवाई है वह उसकी जिंदगी भर की कमाई थी। 41 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ आईटी ऐक्ट और धोखाधड़ी की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जिन खातों में रकम गई है उनकी जांच की जा रही है। पुलिस टीम ने ठगी की रकम को फ्रीज कराने के लिए संबंधित बैंक के अधिकारियों से भी संपर्क किया है।

डीसीपी साइबर क्राइम प्रीति यादव ने लोगों से अपील की है कि कभी भी कम समय में दो गुना मुनाफा कमाने के जाल में न फंसे। ऐसी कोई भी स्कीम या रोजगार नहीं है जो एक महीने में रकम को दोगुना कर सके।

# एसएचओ विजयनगर बोल रहा हूं, दो स्प्लिट एसी पहुंचा दो, पैसा घर से लेना

**गाजियाबाद, एजेंसी।** प्रताप विहार के एक कारोबारी को कॉल आई, एसएचओ विजयनगर बोल रहा हूं। घर पर दो स्प्लिट एसी पहुंचा दो, पैसा घर से ही ले लेना। अब एसएचओ की कॉल थी तो एसी तो पहुंचने ही थे, सो पहुंच गए, लेकिन कारोबारी के आदमी से एसी एक सोसायटी के गेट पर रखवाने के बाद कॉलर ने एक निमार्णाधीन साइट से पेमेंट उठाने की बात कही। कारोबारी का आदमी वहां पहुंचा तो कोई नहीं मिला, लौटा तो सोसायटी के गेट पर एसी नहीं मिले। 10 दिन बाद खोड़ा के एक कारोबारी को भी ऐसी ही कॉल मिली और उससे भी दो एलईडी टीवी उसी सोसायटी के गेट पर मंगा लिए गए।

दोनों पीड़ितों ने नंदग्राम थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस एसएचओ और चौकी इंचार्ज को ढूंढ रही है। इस बार कॉलर ने खुद को मोरटा चौकी इंचार्ज बताया कॉलर ने खुद को मोरटा चौकी इंचार्ज बताकर दो एलईडी टीवी उसी सोसायटी पर पहुंचाने की बात कही। एलईडी टीवी सोसायटी के गेट पर रखवाकर मोरटा चौकी से पेमेंट लेने की बात कही गई, लेकिन चौकी पर पता चला कि वहां से किसी ने टीवी नहीं मंगवाए।

# दिव्यांग और बुजुर्ग घर बैठे 12, 13, 14 को कर सकेंगे मतदान

**गाजियाबाद, एजेंसी।** घर बैठकर मतदान करने वाले मतदाताओं की वोटिंग 12, 13, 14 नवंबर को होगी। मतदान सुबह 10 से पांच बजे के बीच होगा। उप चुनाव में सदर सीट पर ऐसे 99 मतदाता हैं, जिन्होंने घर से मतदान करने का विकल्प चुना है। 85 साल से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों को घर से मतदान करने की सुविधा निर्वाचन आयोग की ओर से प्रदान की गई है। इनका मतदान तीन दिन चलेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए सिटी मजिस्ट्रेट संतोष उपाध्याय ने बताया कि इसमें मतदान से एक दिन सभी मतदाताओं को सूचना दे दी जाएगी। यह बैलेट पेपर से वोटिंग करेंगे, जिसके लिए घर-घर जाकर मतदान कराया जाएगा। इस मतदान में चार लोगों की टीम जाएगी। जिसमें एक पोलिंग ऑफिसर, माइक्रो ऑब्जर्वर, एक सहायक और एक वीडियोग्राफर जाएगा। इस सीट पर 85 साल से ऊपर के 65 और 34 दिव्यांग मतदाता हैं। इन मतदाताओं की सूची प्रत्याशियों को भी दे दी गई है। जिससे वह चुनाव प्रचार कर सकें। साथ ही वोटिंग के दिन भी वह खुद या अपना प्रतिनिधि भेज सकते हैं। सभी वोटरों को एक दिन पहले भी फोन करके वोटिंग की सूचना दे दी जाएगी। बीएलओ को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। सेना व अन्य किसी विभागों के दूरदराज में नौकरी करने वाले 240 मतदाताओं को भी ऑनलाइन फॉर्म भेज दिए गए हैं।

# वीटा ब्रांड को भी अमूल की तरह किया जाए प्रमोट: अरविंद शर्मा

-बोले, पैक्स समितियों का किया जाएगा डिजिटलाइजेशन


-सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री ने हिपा में ली अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक



**गुरुग्राम, एजेंसी।** हरियाणा की डेयरी फेडरेशन हरियाणा के वीटा ब्रांड को भी अमूल की तरह से प्रमोट करे। वीटा का नाम लोकप्रिय और विश्वसनीय ब्रांड के रूप में विकसित करने के लिए एक कार्ययोजना तैयार करने करें। यह कदम राज्य के कृषि और डेयरी क्षेत्र को और मजबूती प्रदान करेगा। जिससे प्रदेश में डेयरी उद्योग को गति मिलेगी। यह बात हरियाणा के सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने रविवार को हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान हिपा में सहकारिता विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक में विभाग के कार्यों की व्यापक समीक्षा की गई और सहकारिता क्षेत्र में सुधार और विकास के लिए कई अहम दिशा-निर्देश दिए गए। सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने पैक्स कमेटी (प्राथमिक कृषि ऋण समितियों) के त्वरित डिजिटलाइजेशन की दिशा में कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। जिससे कि डिजिटलाइजेशन से व्यवस्था में अधिक पारदर्शिता और दक्षता आए। उन्होंने कहा कि पैक्स का डिजिटलाइजेशन न केवल कार्यप्रणाली को बेहतर बनाएगा, बल्कि यह किसानों और अन्य हितधारकों को भी बेहतर सेवाएं प्रदान करेगा। कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने हरको बैंक की ओर से रखी गई पैक्स की समस्याओं के समाधान के लिए नीतियों पर विचार करने और सुधारात्मक उपायों को लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने नई सहकारी समितियों के गठन के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सहकारिता से रोजगार के नए अवसर लोगों को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि अधिकारी दूसरे राज्यों का दौरा कर सहकारिता के क्षेत्र में किए जा रहे आधुनिक सुधारों के बारे में जानकारी प्राप्त करें। ताकि उनको हरियाणा में क्रियान्वित किया जा सके। हरियाणा सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार राजेश जोगपाल ने मंत्री डा. अरविंद शर्मा का स्वागत किया।

# उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ बनाने में जुटी योगी सरकार

**लखनऊ, एजेंसी।** योगी सरकार राज्य में पर्यावरण के अनुकूल और स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के लिए लगातार कई कदम उठा रही है। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के उपयोग को प्रोत्साहित करने और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश नवीकरणीय और ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (यूपीआरईवी) की स्थापना की है।



इसके तहत योगी सरकार प्रदेश में ईवी चार्जिंग स्टेशनों का जाल बिछाने जा रही है। यह पहल राज्य को एक हरित और ऊर्जा-कुशल भविष्य की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

योगी सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग स्टेशनों के विकास के लिए व्यापक योजना बनाई है। यूपीआरईवी के तहत, राज्य के प्रमुख शहरों, राष्ट्रीय-राज्य राजमार्गों और शहरी क्षेत्रों में चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की जाएगी। इसके लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल का उपयोग किया जाएगा, जिससे निजी निवेश को आकर्षित करने में मदद मिलेगी और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में तेजी आएगी।

सरकार ने अन्य सरकारी विभागों के साथ मिलकर राज्य की भूमि को चार्जिंग स्टेशनों के लिए राइट-टू-यूज के आधार पर उपयोग करने की अनुमति दी है। इस पहल से राज्य के डिस्कॉम कार्यालयों, सब स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर ईवी चार्जिंग पॉइंट्स स्थापित किए जा रहे हैं।

योगी सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों के चार्जिंग के लिए बिजली दरों में भी संशोधन किया है। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) के नए आदेश के अनुसार, अब सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों पर इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए टैरिफ को औसत लागत से भी कम रखा गया है। इससे इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों को किफायती दरों पर चार्जिंग की सुविधा मिलेगी, जिससे ईवी को अपनाने में तेजी आएगी।

सरकार का लक्ष्य है कि ईवी चार्जिंग स्टेशनों के लिए बेहतर दरें निर्धारित की जाएं, ताकि परिवहन क्षेत्र में हरित ऊर्जा का अधिक उपयोग हो सके। इस कदम से राज्य में ईवी उपयोगकताओं की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है।

ईवी इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के साथ योगी सरकार का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को सुरक्षित रखना है, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित करना है। चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों, इंजीनियरों और स्थानीय लोगों को काम पर लगाया जा रहा है। इससे राज्य के युवाओं को रोजगार और आर्थिक विकास को भी बल मिलेगा।

इसके अलावा, यूपीईआरवी के माध्यम से योगी सरकार केंद्र सरकार के साथ मिलकर प्रधानमंत्री ई-ड्राइव योजना के तहत 2,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी का लाभ उठाने की योजना बना रही है, जिससे और अधिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की जा सके।

योगी सरकार की यह पहल न केवल राज्य के पर्यावरण को बेहतर बनाने में सहायक होगी, बल्कि उत्तर प्रदेश को ईवी हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करके राज्य न केवल कार्बन उत्सर्जन को कम करेगा, बल्कि परिवहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता भी बढ़ाएगा।

इस तरह की योजनाओं से यह स्पष्ट है कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। आने वाले वर्षों में यह पहल राज्य को स्वच्छ, हरित और अधिक उन्नत बनाने में मील का पत्थर साबित होगी।

# शिक्षा से होगा समाज का विकास: भामडा

## सेवानिवृत्ति अधिशासी अभियंता सत्यपाल सिंह को किया सम्मानित, भुइयार एजूकेशनल वेलफेयर सोसायटी ने किया सम्मान समारोह आयोजित

बिजनौर। भुइयार वेलफेयर एजूकेशनल सोसायटी की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य वक्ता दयाराम भामडा ने कहा है कि शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है। सोसायटी द्वारा विद्युत विभाग से अधिशासी अभियंता के पद से सेवानिवृत सत्यपाल सिंह को अभिनंदन पत्र भेंट कर व शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया। रविवार को मोहल्ला शक्तिनगर में भुइयार एजूकेशनल वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य वक्ता दयाराम भामड़ा ने कहा कि बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए जन जागरण अभियान चलाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समझ में राष्ट्र का विकास होगा? । समिति के महामंत्री केशव शरण ने सेवानिवृत्ति अधिशासी अभियंता सत्यपाल सिंह के व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कोषाध्यक्ष मास्टर तेजपाल सिंह भुइयार ने समिति द्वारा किए गए अब तक कार्यों के बारे में सभी सदस्यों को विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर संगठनों को मजबूत करने पर जोर दिया गया सदस्य। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मुख्य वक्ता दयाराम भामड़ा व अन्य सदस्यों ने सेवानिवृत अधिशासी अभियंता सत्यपाल सिंह को अभिनंदन पत्र भेंट कर व शॉल ओढाकर सम्मानित किया। इस मौके अधिशासी अभियंता सत्यपाल सिंह के पिताजी श्री प्रताप सिंह को शॉल ओढाकर सम्मानित किया गया। अधिशासी अभियंता सत्यपाल सिंह ने कहा कि समाज के विकास के लिए बच्चों को शिक्षा से जोड़ना जरूरी है । उन्होंने कहा की सेवा काल अब पूरा हो गया है वह समिति के साथ जुड़कर काम करेंगे। सोसायटी के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता व महामंत्री केशव शरण के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में मास्टर ज्ञान सिंह, मनोज कुमार भुइयार, गिरिराज सिंह, उमेश कुमार ,कार्मेंद्र सिंह भुइयार, नरेंद्र कुमार, टीकम सिंह भुइयार, गजेंद्र सिंह एडवोकेट, अमित कुमार, सुनील कुमार, संदीप कुमार भुइयार, हरि प्रकाश ,अनिल कुमार, दीपक कुमार भुइयार, राहुल कुमार, और बताओ मनीष कुमार भुइयार, मनोज कुमार भुइयार आदि ने विचार रखें।



# बिजनौर महोत्सव कार्यक्रम का समापन




बिजनौर। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल द्वारा स्थाननीय नुमाइश ग्राउंड में चल रहे बिजनौर महोत्सव कार्यक्रम का समापन किया गया। समापन के अवसर पर जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल एवं मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण के द्वारा इंदिरा बल भवन में पूर्व कमिश्नर बाबा हरदेव सिंह विचार मंच के तत्वाधान में वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी,अपर जिला अधिकारी अवनीश कुमार त्यागी, तहसीलदार अमरपाल सिंह, अधिशासी अधिकारी विकास कुमार, एडीपीआरओ छविनाथ सोनकर, मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह, राष्ट्रीय महासचिव रामनाथ सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नईमुद्दीन बादशाह, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व बार काउंसिल चांदपुर के पूर्व उपाध्यक्ष जरगामुदीन, क्षेत्रीय अध्यक्ष पूर्व ब्लाक प्रमुख दिनेश चंद्रा, जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार तुलसी एडवोकेट, प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार, हरीराज सिंह, निवेश कुमार त्यागी, आई एन ओ के जिला अध्यक्ष ओपी शर्मा, सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# बिजनौर महोत्सव में मची TVK फार्म शाहपुर सुक्खा के देसी घी की गूंज

**बिजनौर।** जिला प्रशासन के निर्देशन में चल रहे जिला महोत्सव 2024 में क्षेत्र के नजदीकी गांव शाहपुर के TVK फार्म में बन रहे देसी घी, दूध व मट्ठे के काम को जिला प्रशासन द्वारा बहुत सराहना मिली और TVK फार्म की संयोजक श्रीमती लक्ष्मी राजपूत को महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम में मंच से जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा पारंपरिक रूप से बिलोना घी का उत्पादन करने के लिए सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर जिला बिजनौर से अपने अपने कार्यक्षेत्र में अग्रणी रूप से काम करने वाली कुल दस महिलाओं को आमंत्रित किया गया था जिसमें पर्वतारोही, डॉक्टर, वकालत के क्षेत्र में, खेल के क्षेत्र में, शुद्ध घी दूध के उत्पादन के क्षेत्र में, संगीत के क्षेत्र में, आर्म्स फोर्स के क्षेत्र में एवं सामाजिक क्षेत्र सहित विज्ञान के क्षेत्र में नाम कमाने वाली महिलायें शामिल थीं । इस अवसर पर अपने नजदीकी गांव शाहपुर के ळश्ङ फार्म की संयोजक लक्ष्मी राजपूत ने कहा कि उनके फार्म में पुरानी पद्दति हारा और बिलोना के द्वारा शुद्ध गाय का घी बनाया जाता है, साथ ही उन्होंने प्रशासन से यह भी अपील की, कि ग्रामीण क्षेत्रों की लड़कियों की पढ़ाई पर और ज्यादा ध्यान दिया जाए, जिससे ग्रामीण परिवेश की लड़कियां भी पढ़-लिखकर अपने माँ-बाप और देश का नाम रौशन कर सकें । जिला प्रशासन द्वारा TVK फार्म को उसके उत्पाद रखने के लिए नुमाइश ग्राउण्ड में स्टॉल नम्बर 14 आवंटन किया है।




# भारतीय सोशलिस्ट मंच जिला कोर कमेटी की बैठक आयोजित

**मुरादाबाद।** भारतीय सोशलिस्ट मंच की जिले कोर कमेटी मीटिंग का आयोजन डॉक्टर नजाकत के निवास स्थान एकता विहार में संपन्न हुई मीटिंग में जिले में हुए कार्यक्रम की समीक्षा और आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया पर मीटिंग में साथ-साथ 15 दिसंबर के कार्यक्रम की भी चर्चा हुई आज की मीटिंग में शामिल होने वालों में कल्लू सिंह ,राम अवतार यादव , शाहिद हुसैन, हाफिज मुशर्रफ ,चौधरी सुरेश, मंसूर रहमानी ,भूरा पहलवान अतर सिंह सैनी ,गुलाम मोहम्मद मोहम्मद हलीम ,कामिल हुसैन कासिम मलिक ,रेहान, रईस अंसारी असलम पंचायती मीटिंग के अंत में डा, नजाकत हुसैन ने सभी को मीटिंग में आने के लिए धन्यवाद दिया और आश्वासन दिया, मैं मंच के संयोग के लिए हर तरह से हमेशा तैयार रहूंगा मीटिंग के अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह ने की।



# घर के अंदर खून से लथपथ मिले दंपति और बेटे के शव

**बिजनौर (उप्र), एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर में रविवार को एक सनसनीखेज घटना में एक कबाड़ व्यवसायी, उसकी पत्नी और बेटे के शव उनके घर में खून से लथपथ मिले। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने बताया कि खलीफा कॉलोनी में मंसूर उर्फ भूरा (55), उसकी पत्नी उबैदा (50) और बेटे याकूब (19) के खून से लथपथ शव उनके घर में मिले। शवों के पास एक 'स्क्रू ड्राइवर' भी मिला है। प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि उनकी हत्या इसी स्क्रू ड्राइवर से की गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना का पता तब चला जब पास में ही रहने वाली मंसूर की मां ने सुबह अपने बेटे के घर का दरवाजा खटखटाया और काफी देर तक दरवाजा नहीं खोलने पर जब उसने अंदर झांका तो खून से लथपथ तीन शव पड़े थे। पुलिस के अनुसार, मृत दंपति का एक बेटा जहूर हिस्ट्रीशीटर है।



# प्रयागराज : सीएम योगी के ग्रीन और स्वच्छ महाकुंभ के संकल्प को किया जा रहा साकार

**प्रयागराज, एजेंसी।** महाकुंभ 2025 को योगी सरकार स्वच्छ और ग्रीन महाकुंभ बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में महाकुंभ 2025 को पूरी तरह प्लास्टिक फ्री बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सीएम योगी की आकांक्षा के मुताबिक महाकुंभ के दौरान पूरे प्रयागराज को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है।



महाकुंभ में सिंगल यूज्ड प्लास्टिक को पूरी तरह बैन करने के साथ ही प्राकृतिक उत्पाद दोना, पत्तल, कुल्हड़ और जूट व कपड़े के थैलों के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए मेला क्षेत्र में ही जूट व कपड़े के थैले, दोने, पत्तल और कुल्हड़ के स्टॉल खोले जाएंगे। इसके लिए निविदा भी जारी की गई है।

प्रयागराज मेला प्राधिकरण की ओर से महाकुंभ के दौरान प्लास्टिक के सामानों के विकल्प के तौर पर प्राकृतिक उत्पादों का प्रयोग करने के स्टॉल लगाने की योजना है। इसके लिए महाकुंभ में दोने, पत्तल, कुल्हड़ व कपड़े या जूट के थैलों के स्टॉल लगाने की निविदा जारी की गई है। इन स्टॉल से महाकुंभ के दौरान प्राकृतिक उत्पादों की सप्लाई पूरे मेला क्षेत्र में की जाएगी। साथ ही महाकुंभ के दौरान दुकानदारों को भी प्राकृतिक उत्पादों का ही प्रयोग करने का निर्देश जारी किया गया है। महाकुंभ के दौरान किसी भी तरह की सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादों के प्रयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

प्लास्टिक फ्री महाकुंभ अभियान में तेजी लाने के लिए प्रयागराज के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने शहर को विभिन्न जोन में बांटते हुए हर जोन के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया है, जो अपने जोन को स्वच्छ और प्लास्टिक फ्री बनाने के लिए कार्ययोजना के तहत काम करेंगें। उनके कार्यों की प्रगति की समीक्षा साप्ताहिक तौर पर की जाएगी।

उन्होंने शहर में सभी पॉलिथीन बैग के थोक विक्रेताओं को शहर में पॉलिथीन की सप्लाई रोकने के भी निर्देश जारी किए हैं। इसके अलावा, प्रयागराज को प्लास्टिक मुक्त बनाने का जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। पूरे शहर में स्वच्छ महाकुंभ, स्वच्छ प्रयागराज के तहत नो प्लास्टिक यूज और पॉलिथीन का प्रयोग न करें के पोस्टर, होर्डिंग लगाए जाएंगे। शहर में जगह-जगह नुक्कड़ नाटकों का भी मंचन किया जाएगा। मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी के साथ संगम तट पर 'से नो प्लास्टिक' की प्रतिज्ञा लेते हुए शहरवासियों से भी इसके लिए प्रोत्साहित किया है।

## एक नजर

### व्यक्ति ने पीआरडी जवान को लोहे की छड़ से पीट-पीटकर मार डाला

**गोरखपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में ड्यूटी के दौरान एक पीआरडी (प्रांतीय रक्षक दल) जवान की लोहे की छड़ से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि शनिवार रात पीआरडी जवान रमाकांत तिवारी (58) पर विपिन वर्मा नामक व्यक्ति ने लोहे की छड़ से सिर और चेहरे पर ताबड़तोड़ हमला किया जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि यह घटना चितौनी पुलिस चौकी से महज 100 मीटर की दूरी पर हुई। पुलिस ने वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि वर्मा की दिमागी हालत ठीक नहीं है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि खड्डा थाना क्षेत्र के करदह तिवारी टोला निवासी रमाकांत तिवारी कांस्टेबल आनंद तिवारी और एक अन्य पीआरडी जवान के साथ चितौनी बाजार में तैनात था। इसी दौरान वर्मा की रमाकांत से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी थी। उसके बाद वर्मा ने उस पर हमला कर दिया। रमाकांत ने भागने की कोशिशों की मगर वर्मा ने उसे बेरहमी से पीट-पीटकर मार डाला। सूत्रों के मुताबिक साथी पीआरडी जवान ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन वर्मा ने उसे भी खदेड़ दिया। जवानों ने तुरंत पुलिस और परिवार को सूचना दी। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि वर्मा मौके पर खड़ा था, जहां से उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया और हथियार जब्त कर लिया गया। पीआरडी के जवान पुलिस थानों, मेलों, यातायात संचालन में सुरक्षा व्यवस्था और विभिन्न कार्यों में पुलिस की सहायता के लिए तैनात किए जाते हैं।

### सपा के पीडीए का मतलब दंगाइयों और अपराधियों का 'प्रोडक्शन हाउस' : आदित्यनाथ

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के 'पीडीए' (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) की नई परिभाषा देते हुए इसे दंगाइयों और अपराधियों का 'प्रोडक्शन हाउस' करार दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने साल 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान पीडीए का नारा दिया था। पार्टी ने पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग को सम्बोधित इस नारे का इस्तेमाल इस साल सम्पन्न संसदीय चुनाव में भी किया था, जिसमें उसने लोकसभा चुनाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 37 सीट जीती थीं। आदित्यनाथ ने आम्बेडकर नगर जिले की कटेहरी विधानसभा सीट पर आगामी 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के सिलसिले में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, 'सपा पीडीए की बात करती है लेकिन आपको बता दें कि उनका पीडीए क्या है। यह दंगाइयों और अपराधियों का प्रोडक्शन हाउस है। मैं आपको यह नई परिभाषा दे रहा हूं।' उन्होंने कहा कि किसी भी बड़े अपराधी, माफिया या दंगाई को याद रखेंङ्ग वे सपा के 'प्रोडक्शन हाउस' से ही निकलें हैं। मुख्यमंत्री ने महिला सुरक्षा को लेकर भी सपा पर हमले किये। उन्होंने कहा, 'देख सपाई, बिटिया घबराई।' अयोध्या और कन्नौज में कथित बलात्कार और लखनऊ में एक महिला के साथ दुर्व्यवहार की घटनाओं का उदाहरण देते हुए, आदित्यनाथ ने कहा, 'सपा ने अयोध्या के बलात्कारी को क्लीन चिट देकर बचाने की कोशिश की और अन्य घटनाओं पर भी ऐसा ही किया।' उन्होंने कहा कि माफिया अतीक अहमद, खान मुबारक भी इसी 'प्रोडक्शन हाउस' के हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, 'जब 'डबल इंजन' की सरकार बनी और उसने अपना असली चेहरा उन्हें दिखाया, तो उनके 'राम नाम सत्य' में देर नहीं हुई।' उन्होंने कहा कि भाजपा वंशवादी या जातिवादी राजनीति नहीं करती है बल्कि वह महान हस्तियों का सम्मान करती है।

### मुर्गों की लड़ाई पर सट्टा लगाने को लेकर 55 लोग हिरासत में लिए गए

**संभल, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में मुर्गों की लड़ाई पर सट्टा लगाने के आरोप में 55 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पुलिस को बहजोई थाना क्षेत्र के परतापुर गांव में मुर्गों की लड़ाई पर सट्टा लगाये जाने की सूचना मिली थी, जिसके बाद शनिवार शाम वहां छापा मारा गया और 55 लोगों को हिरासत में ले लिया गया। विश्नोई ने बताया कि पुलिस ने 33 मुर्गे भी बरामद किए, जिनमें से 33 के पैर बंधे हुए थे। उन्होंने बताया कि बदायूं, अमरोहा और अन्य स्थानों से लोग यहां आकर मुर्गों की लड़ाई पर सट्टा लगाया करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों के खिलाफ जुआ अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

### महाराष्ट्र पुलिस की हिरासत से फरार अभियुक्त लखनऊ में गिरफ्तार

**लखनऊ, एजेंसी।** महाराष्ट्र के ठाणे से पुलिस हिरासत से फरार एक अभियुक्त को उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने राजधानी लखनऊ से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ द्वारा रविवार को यहां जारी एक बयान के मुताबिक, पांच नवंबर को महाराष्ट्र के ठाणे में अवैध रूप से ले जायी जा रही दो पिस्टल की बरामदगी के मामले में गिरफ्तारी के बाद फरार हुए प्रिंस कैलाश विश्वकर्मा नामक युवक को एसटीएफ ने शनिवार देर रात लखनऊ के इंदिरा नगर के तकरोही सब्जी मंडी के पास से गिरफ्तार किया। बयान के अनुसार, विश्वकर्मा पांच-छह नवंबर की मध्यरात्रि को चितलसर मानपाड़ा थाने में शौचालय जाते वक्त फरार हो गया था। उसकी गिरफ्तारी के लिये ठाणे पुलिस ने उत्तर प्रदेश एसटीएफ से मदद मांगी थी। पूछताछ में अभियुक्त विश्वकर्मा ने बताया है कि बहराइच निवासी उसके मित्र साजन कुमार उर्फ दीपक ने उसे दो पिस्टल उपलब्ध करायी थीं जिन्हें महाराष्ट्र में बताये गये स्थान पर किसी के हवाले करने के लिये वह गया था। मगर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। हिरासत से फरार होने के बाद वह लखनऊ आ गया था और जगह बदल-बदलकर रह रहा था। विश्वकर्मा ने यह भी बताया कि उसका दोस्त साजन कुमार भी ट्रेन से उसके साथ ही अलग व्यक्ति को अवैध रूप से पिस्टल की आपूर्ति करने के लिये महाराष्ट्र गया था। उसे वी.पी. रोड, बृह्ममुंबई पुलिस ने पांच नवंबर को ही गिरफ्तार कर लिया था।

### कार और ट्रक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत, चार जख्मी

**महराजगंज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले के नौतनवा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक कार और ट्रक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नौतनवा में एक कार और ट्रक की टक्कर में गयासुद्दीन (35) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे में चार अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। सूत्रों के मुताबिक, चारों घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक मौके पर वाहन छोड़कर फरार हो गया।

## एक नजर

### छपरा में गोली मारकर कपड़ा व्यापारी से 2 लाख की लूट

**छपरा,संवाददाता।** छपरा में अपराधियों ने लूटपाट के दौरान कपड़ा व्यवसायी को गोली मार 2 लाख लूट लिए है। घटना एकमा थाना क्षेत्र के परसा रोड की है। बताया जा रहा है कि परसा निवासी श्याम किशोर रस्तोगी व्यवसाय के सिलसिले में वसूली कर स्कॉर्पियो गाड़ी से परसा जा रहे थे, तभी पेट्रोल पंप के पास अपराधियों ने ओवरटेक कर गाड़ी को रोका और फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में श्याम किशोर रस्तोगी के हाथ में गोली लग गई। जिससे वह जख्मी हो गए। तभी अपराधियों ने उनके हाथ से कैश वाला बैग छीन लिया। जिसमें दो लाख रुपये रखे हुए थे। पुलिस जांच में जुट गई है।

### देशी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार

**सीतामढ़ी।** मेजरगंज थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के खैरवा स्थित नारायण पेट्रोल पंप के समीप से आर्म्स के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों की पहचान जिले के परसौनी थाना क्षेत्र के अंडराहा गांव निवासी मिंटू मिश्रा के पुत्र हर्ष कुमार मिश्रा और बथनाहा थाना क्षेत्र के पंथपाकर गांव निवासी हरिशंकर सिंह के पुत्र सन्नी कुमार के रूप में की गयी है। पुलिस ने बदमाशों के पास से बिना नंबर की एक बाइक बरामद की है, जिसके कागजात भी नहीं थे।

### देशी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार

**सीतामढ़ी।** मेजरगंज थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के खैरवा स्थित नारायण पेट्रोल पंप के समीप से आर्म्स के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों की पहचान जिले के परसौनी थाना क्षेत्र के अंडराहा गांव निवासी मिंटू मिश्रा के पुत्र हर्ष कुमार मिश्रा और बथनाहा थाना क्षेत्र के पंथपाकर गांव निवासी हरिशंकर सिंह के पुत्र सन्नी कुमार के रूप में की गयी है। पुलिस ने बदमाशों के पास से बिना नंबर की एक बाइक बरामद की है, जिसके कागजात भी नहीं थे।

### नेपाल में भारतीय नागरिक की मौत

**सीतामढ़ी।** नेपाल के पोखरा से रौतहट मुख्य पथ पर नारायणगढ़ के समीप कार और ट्रक की टक्कर में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सीतामढ़ी जिले के बैरगनिया थाना अंतर्गत पताही गांव के 55 वर्षीय राज कुमार साह के रूप में की गयी है। पुलिस को बताया गया कि साह पोखरा शहर में कारोबार करते थे। वे गांव आ रहे थे। इसी क्रम में घटना घटी। घटना पर भाजपा विधायक मोतीलाल प्रसाद, पूर्व विधायक अमित कुमार टुन्ना, जदयू नेता राज कुमार सिंह और कांग्रेस नेता संतोष पासवान समेत अन्य ने शोक व्यक्त किया है।

### नालंदा में चार लोग डूबे

**नालन्दा।** नालंदा के दीपनगर थाना अंतर्गत तकियाकला स्थित तालाब से शनिवार को युवक की लाश पानी में मिली। मृतक की पहचान नगर थाना क्षेत्र के महलपर निवासी शंकर राम के 20 वर्षीय पुत्र मुस्कान कुमार के रूप में की गई। इसी तरह दीपनगर थाना अंतर्गत गुलनी गांव के गोइठवा नदी में भैंस धोने के दौरान शुक्रवार को युवक डूब गया। डूबा युवक रामाधार यादव का 26 वर्षीय पुत्र शेरू यादव है। वहीं, सरमेरा थाना क्षेत्र के गौसनगर गांव में शनिवार को खेलने के दौरान दो साल के बच्चे की समीप के तालाब में गिर जाने से डूबकर उसकी मौत हो गई। लहेरी थाना क्षेत्र के बाजार समिति परिसर स्थित तालाब में डूबकर शनिवार को बालक की मौत हो गई।

### जमीन विवाद में मारपीट

**बांका।** जिला के अमरपुर थाना क्षेत्र के गंगापुर गढ़ैल गांव में शनिवार को जमीन विवाद को लेकर मारपीट में दो महिला जख्मी हो गई। जिसमे दो महिला जख़्मी हो गए जिसका प्रथमिक उपचार रेफलर अस्पताल में किया गया इस घटना का वीडियो भी इंटरनेट मिडिया पर वायरल हो रहा है। मामले को लेकर जख्मी सुखदेव मंडल की पत्नी पार्वती देवी और विष्णु मंडल की पत्नी भागो देवी को परिजनों ने उपचार हेतु रेफरल अस्पताल लाया। जहां उपस्थित चिकित्सक ने दोनों पीड़ित महिलाओं का उपचार किया।

### गया में प्रेमिका ने किया सुसाइड

**गया।** जिला क्षेत्र से एक सनसनी खबर निकलकर सामने आ रही है। जहां प्रेमी से प्रेमिका को धोखा मिलने पर गुस्से में प्रेमिका ने खुद को खत्म करने के नीयत सुसाइड किया है। उसे गंभीर हालत में गया के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में इलाज जारी है। मामला गया जिले के वजीरगंज बस स्टैंड का है, जहां प्रेमी युगल पिछले ढाई साल के प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमी ने शारीरिक संबंध बनाने के बाद शादी से इनकार कर दिया था। उसके बाद प्रेमिका ने खौफनाक फैसला लिया।

### बिहार में रसोइयों का जिला सम्मेलन 8 दिसंबर को

मानदेय और सम्मान के लिए उठेगी आवाज



**मुजफ्फरपुर।** बिहार राज्य विद्यालय रसोईया संघ के जिला कमिटी ने आगामी 8 दिसंबर को रसोइयों का जिला सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया है। हरि सभा स्थित संघ कार्यालय में हुई इस बैठक में संघ की राज्य महासचिव सरोज चौबे ने कहा कि पिछले दो महीनों से रसोइयों का मानदेय रुका हुआ है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि छठ जैसे महत्वपूर्ण पर्व में भी रसोइयों को मानदेय नहीं दिया गया। सरोज चौबे ने झारखंड और दिल्ली का उदाहरण देते हुए कहा कि जहां झारखंड में रसोइयों को 3000 प्रति माह का मानदेय मिलता है, वहीं दिल्ली सरकार ने भी कोई वृद्धि नहीं की है। बिहार सरकार ने भी 2019 के बाद से मानदेय में बढ़ोतरी नहीं की है। सरकार पर आरोप लगाया गया कि वह अमीरों के हित में मध्यान्ह भोजन योजना को एनजीओ के हाथों में सौंपना चाहती है। संघ के जिला सचिव परशुराम पाठक ने घोषणा की कि 8 दिसंबर को जिला सम्मेलन के साथ ही प्रखंड स्तर पर भी आंदोलन होंगे। वहीं, एक्टू की नेता रानी प्रसाद ने बताया कि 28 नवंबर को पटना में विशाल प्रदर्शन होगा, जिसमें रसोइयों और जीविका दीदियों की समस्याओं को उठाया जाएगा। बैठक में विभिन्न प्रखंडों से आए रसोइयों ने नियमित भुगतान, मानदेय वृद्धि, और सम्मानजनक व्यवहार की मांग को लेकर आंदोलन जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। इस बैठक में ऐक्टू के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार, जिला सचिव मनोज कुमार यादव, और अन्य संघ सदस्यों ने भी हिस्सा लिया।

# बिहार उपचुनाव: 4 सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला, नीतीश-तेजस्वी-प्रशांत किशोर में कौन होगा विजेता?



**पटना (दीपक कुमार तिवारी)।** बिहार में चार विधानसभा सीटों के उपचुनाव में त्रिकोणीय संघर्ष का माहौल बन गया है। एनडीए के नीतीश कुमार, 'इंडिया' गठबंधन के तेजस्वी यादव, और नवगठित जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर के बीच इस बार कांटे की टक्कर है। ये चुनाव न केवल इन नेताओं की प्रतिष्ठा के लिए अहम हैं, बल्कि आने वाले विधानसभा चुनावों की दिशा भी तय करेंगे। वर्तमान में एनडीए के पास चार में से केवल एक सीट है, जबकि तीन सीटें 'इंडिया' गठबंधन के पास हैं। रामगढ़, बेलागंज, इमामगंज और तरारी सीटों पर होने वाले इस उपचुनाव में हर दल ने अपने सशक्त उम्मीदवारों को उतारा है। प्रशांत किशोर पहली बार अपने जन सुराज दल के माध्यम से इस चुनावी मैदान में उतरे हैं, जिनकी छवि पर इस चुनाव का परिणाम महत्वपूर्ण प्रभाव डालेगा।

रामगढ़ और बेलागंज सीट पर राजद के उम्मीदवार हैं, जबकि इमामगंज सीट एनडीए के खाते में रही है। तरारी पर सीपीआई (एमएल) ने उम्मीदवार उतारे हैं, जो पहले भी इसी सीट पर कब्जा बनाए हुए थे। तीनों प्रमुख नेताओं के लिए यह चुनाव एक प्रकार का लिटमस टेस्ट है। नीतीश कुमार के काम का आधार पर समर्थन देखने को मिलेगा, वहीं तेजस्वी यादव की नौकरी देने वाली छवि की भी कसौटी होगी। प्रशांत किशोर के लिए यह उनके राजनीतिक सफर की पहली परीक्षा मानी जा रही है।

### अरेराज में संपन्न दो दिवसीय श्रीसोमेश्वरनाथ महोत्सव पर कांग्रेस का बड़ा आरोप

**पूर्वी चंपारण।** जिले के -अरेराज में जिला प्रशासन की ओर से आयोजित श्रीसोमेश्वरनाथ महोत्सव को लेकर कांग्रेसजन लगातार इसे भाजपा प्रायोजित महोत्सव बता रहे है। पूरे मामले की जांच कर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग कर रहे है। इसी आलोक में जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल डीएम से मिलकर ज्ञापन सौंपा, तथा पूरे मामले की जांच कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि विगत 4 एवं 5 नवम्बर को अरेराज में आयोजित श्री सोमेश्वरनाथ महोत्सव, भाजपा महोत्सव बन कर रह गया। इसके लिए जिला प्रशासन पर भी आरोप लगाया है। बिहार का काशी कहे जाने वाला प्रसिद्ध सोमेश्वरनाथ महादेव मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को लेकर आयोजित श्री सोमेश्वरनाथ महोत्सव 2024 का आयोजन अरेराज स्थित सोमेश्वरनाथ उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित किया गया था।

## छह साल की बच्ची से हैवानियत, पड़ोसी युवक ने किया रेप



**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। जिले के हसनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक ने हैवानियत की हदें पार कर दी। छह वर्षीया मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। गंभीर रूप से जख्मी बच्ची को डीएमसीएच के गायनिक विभाग में भर्ती कराया गया है। शनिवार की शाम उसका ऑपरेशन किया गया। बच्ची की हालत नाजुक है।बताया जाता है कि शाम घटना शुक्रवार शाम पांच बजे हुई। गायनी विभाग में पीड़िता के परिजनों ने बताया कि पड़ोसी राजू महतो छह वर्षीया बच्ची को गोद में उठाकर घुमाने ले गया। इसके बाद बगल के खेत में बच्ची से दुष्कर्म किया।

बच्ची के रोने की आवाज सुन एक किसान वहां पहुंचे। उन्हें देख वह लहूलुहान हालत में बच्ची को छोड़कर फरार हो गया। आनन-फानन में बच्ची को हसनपुर पीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां अत्यधिक रक्तस्राव के कारण चिकित्सकों ने उसे समस्तीपुर सदर अस्पताल भेजा। वहां से बच्ची को डीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। गायनिक विभाग में गंभीर अवस्था में बच्ची का उपचार चल रहा है। बच्ची के मामा और मां ने रोते हुए बताया कि शुक्रवार सुबह छठ पूजा का अर्घ्य देने के बाद घर में थे। शाम में थकावट के कारण लेटे थे और बच्ची बरामदे पर खेल रही थी। इसी दौरान राजू महतो आया और बच्ची को घुमाने लेकर चला गया। उन्होंने बताया कि पड़ोसी राजू अक्सर बच्ची को घुमाता था। उन्होंने बताया कि हसनपुर पुलिस अब तक बयान लेने भी नहीं आई नहीं है। आरोपित गांव में घूम रहा है और बच्ची जीवन-मौत से जूझ रही है। उन्होंने बताया कि समझौता करने के लिए उन लोगों पर दबाव बनाया जा रहा है।

## फिर ट्रेनों में भीड़, शौचालय पर बच्चों का कब्जा, बड़े गेट से लटक रहे

छठ के बाद काम पर लौट रहे लोग



**पटना,संवाददाता।** बिहार में छठ का पर्व समाप्त होने के बाद प्रवासी अब काम पर लौटने लगे हैं। ऐसे में मुजफ्फरपुर जंक्शन पर यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी। जंक्शन से खुलने और गुजरने वाली ट्रेनों में भारी भीड़ उमड़ रही है। पर्व मनाने के बाद अब काम पर लौटने के लिए मारामारी हो रही है। पर्व के बाद दिल्ली, मुंबई, हरियाणा, अहमदाबाद, बेंगलुरु सहित अन्य शहरों में लौटने वाले यात्रियों से स्टेशन भरा हुआ है। वापस लौट रहे अधिकतर लोग मजदूर वर्ग से हैं। ऐसे में जनरल बोगी में ज्यादा भीड़ हो रही है।

भीड़ को देखते हुए आरपीएफ, जीआरपी के पदाधिकारी स्टेशन पर मौजूद रहे। आरपीएफ इंस्पेक्टर माइक के जरिए भीड़ को नियंत्रित करते दिखे। फुट ओवर ब्रिज और प्लेटफॉर्म पर भी काफी भीड़ दिखी। सबसे ज्यादा परेशानी जनरल श्रेणी में सफर करने वाले यात्रियों को हो रही है। बोगी में सीट नहीं मिलने पर कई लोग बाथरूम में चादर बिछाकर परिवार के साथ बैठ गए। कई यात्री खड़े-खड़े तो कोई लटक कर सफर कर रहा है। एक यात्री ने बताया कि वह शौचालय के दरवाजे पर बैठकर यात्रा कर रहा है और शौचालय जाम होने के कारण उसे सांस लेने में खासी परेशानी हो रही है। जनरल बोगी में यात्रा करने वालो की संख्या काफी ज्यादा थी।

सफर के दौरान यात्रियों को सुरक्षा और सफाई से समझौता करना पड़ रहा है। लंबे सफर पर निकले यात्री दरवाजे पर ही खाने-पीने का सामान लेकर खा रहे हैं। रेलवे पुलिस के बार-बार सुरक्षित तरीके से ट्रेन में चढ़ने के निर्देश के बाद भी लोग किसी तरह ट्रेन में चढ़ने की जद्दोजहद करते दिखे। यात्रियों को चढ़ाने के लिए स्काउट एंड गाइड टीम को भी बुलाया गया।सबसे अधिक भीड़ गोंदिया और आनंद बिहार जाने वाली स्पेशल ट्रेन में रही। ट्रेन आते ही यात्री टूट पड़े।

वैशाली और गोंदिया एक्सप्रेस के शौचालय के अंदर तक यात्री भरे हुए थे। जगह नही मिलने पर यात्री फर्श पर बैठकर गए। आरपीएफ ड्रोन से पूरे जंक्शन की निगरानी की। यात्रियों ने बताया कि ट्रेन मिलना मुश्किल हो रहा है। तत्काल टिकट लेने के बाद भी तीन घंटे से इंतजार कर रहे हैं। भीड़ के कारण ट्रेन में नहीं बैठ सके। कई यात्रियों ने बताया कि खड़े होकर जा रहे हैं। बैठने की जगह नहीं है। एक यात्री ने बताया कि एक घंटा ट्रेन में खड़ा रहने के बाद किसी तरह बैठने की जगह मिली। कई लोग शौचालय में बैठे हुए हैं। ट्रेन में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। आरपीएफ कमांडेंट ने बताया कि मुजफ्फरपुर से तीन स्पेशल ट्रेन चल रही हैं। दो दिल्ली और एक मुंबई के लिए चल रही है। कुछ ट्रेन लेट चल रही हैं। मुंबई जाने वाली ट्रेन 31 घंटे लेट चल रही है। उन्होंने बताया कि स्टेशन एरिया में फायर ब्रिगेड को लगाया गया है। आरपीएफ की तैनाती की गई है। ड्रोन कैमरे से हर मूवमेंट देखा जा रहा है।

## स्थानांतरण नीति के खिलाफ उच्च न्यायालय जाएंगे शिक्षक



**पश्चिम चंपारण/बेतिया,(बिट्टू कुमार)।** जिले के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत नियोजित शिक्षक जो राज्यकर्मी बनने के लिए सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण कर इंतजार कर रहे है उनके पदस्थापन के लिए 7 नवंबर से आवेदन लिया जा रहा है परंतु पदस्थापन के लिए शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रारूप को लेकर शिक्षकों ने विभाग के प्रति नाराजगी है जिसको लेकर सक्षमता उत्तीर्ण शिक्षकों की बैठक रविवार को एमजेके कॉलेज बेतिया के प्रांगण में राहुल राज की अध्यक्षता में हुई। संचालन सुनील तिवारी ने किया।

राहुल राज ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग के द्वारा स्थानांतरण , पदस्थापन नीति को लेकर जो संकल्प जारी किया गया था उसमें पुरुष शिक्षको को गृह अनुमंडल के बाहर पदस्थापित करने का जिक्र था लेकिन जब शिक्षकों द्वारा आवेदन किया जा रहा है तो गृह अनुमंडल के साथ साथ यदि शिक्षक घर से कहीं दूर पदस्थापित है तो उस जगह का अनुमंडल, ससुराल का अनुमंडल और पत्नी जिस स्थान पर नौकरी करती है उस अनुमंडल का भी ऑप्शन नहीं लिया जा रहा है जो कि सक्षमता उत्तीर्ण शिक्षकों के साथ धोखा है, अनुमंडल के इस चक्कर में शिक्षक प्रमंडल के बाहर होने के कगार पर है जबकि विभाग द्वारा पूर्व में ही स्पष्ट किया गया था कि सक्षमता उत्तीर्ण शिक्षकों का पदस्थापन उनके आवंटित जिले में ही किया जाएगा और सक्षमता परीक्षा के अंक पत्र पर भी आवंटित जिला का भी जिक्र है।

यदि आवंटित जिला के बाहर पदस्थापन किया जाता है तो शिक्षक मिलकर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। वहीं सुनील तिवारी ने कहा कि शिक्षा विभाग अब अपने ही निर्गत पत्र और नियमावली को भी नहीं मानता है, विभाग द्वारा जब विशिष्ट शिक्षक नियमावली बनाई गई थी उसमें और स्थानांतरण की प्रकिया में काफी अंतर है। शिक्षकों ने एकस्वर में कहा कि जब तक स्थानांतरण नीति में सुधार नहीं होता है तब तक सारे शिक्षक आवेदन ही नहीं करेंगे। बैठक में अविनाश कुमार, तारिक हुसैन, नवीन कुमार गुप्ता, सद्दाम हुसैन, अभय तिवारी, गोविंद कुमार, मुज्जफर वसीम, जफर इमरान, मो. शकील, प्रवीण पाठक, बृजेश कुमार, हृषिकेश शुक्ला, अशोक कुमार , सोनेलाल साह, प्रशांत शर्मा, प्रभाकर कुमार, दीनानाथ राम, रितेश कुमार, नंदन कुमार वर्मा, चंदन कुमार, सतीश कुमार, रविन्दन तिवारी, विवेक कुमार ठाकुर, सत्येंद्र साह आदि उपस्थित रहे थे।

## ट्रॉफी गौरव यात्रा और दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन




**नालन्दा।** बिहार के नालंदा जिले के राजगीर स्थित राजकीय खेल परिसर में एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2024 के आयोजन से पहले एक भव्य ट्रॉफी गौरव यात्रा और दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। महेंद्र कुमार, निदेशक खेल विभाग, बिहार ने राजगीर में फ्फ्ळ्उ में आयोजित इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने व्यवहार गिरी पर्वत पर लेजर शो के माध्यम से राजगीर के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों का अवलोकन किया।

यह प्रतियोगिता 11 से 20 नवंबर 2024 तक आयोजित की जाएगी, जिसमें छह देशों - भारत, चीन, मलेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया और थाईलैंड की टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजन की सफलता के लिए जिला प्रशासन ने ट्रॉफी गौरव यात्रा के माध्यम से जागरूकता अभियान भी चलाया। इस अवसर पर राजगीर नगर परिषद की मुख्य पार्षद, नगर आयुक्त, उप विकास आयुक्त, खेल पदाधिकारी, पुलिस अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, मीडिया और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। मैचों की जानकारी के लिए "हॉकी राजगीर 2024" ऐप का भी विमोचन किया गया है।

## बेड पर सो रहे व्यक्ति को अपराधियों ने मारी गोली

**सीतामढ़ी।** बिहार के सीतामढ़ी जिले से शनिवार को कई गंभीर घटनाएं सामने आई हैं। एक व्यक्ति को तब गोली मार दी गई, जब वो अपने कमरे में सोया हुआ था। हालांकि गोली बेड पर ही मारी गई, पर पुलिस को मामले में संदेह है। बताया जा रहा है कि न तो बेड पर और न ही मच्छरदानी पर खून के निशान हैं। इधर, नेपाल में सड़क दुर्घटना में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई है।

उधर, दो बदमाश हथियार के साथ गिरफ्तार किए गए हैं। बैरगनिया थाना क्षेत्र के पचटकी यदु गांव के मनोज साह (46) नामक व्यक्ति को अज्ञात अपराधियों ने शुक्रवार की रात करीब 12:45 बजे गोली मार दी। गोली मनोज साह की पीठ में लगी है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि हमेशा की तरह मनोज साह भोजन के बाद सो गए थे। देर रात अपराधियों ने घर में घुसकर सोए अवस्था में पीठ में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर परिजन उठे और खून से लथपथ मनोज साह को आनन-फानन में स्थानीय सीएचसी ले गए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने सदर अस्पताल, सीतामढ़ी रेफर कर दिया। हालांकि, परिजनों ने सीतामढ़ी शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां इलाज जारी है। चिकित्सक डॉ. वरुण कुमार ने बताया कि गोली रीढ़ की हड्डी से होकर हार्ट के आसपास फंसी हुई है, जिसे ऑपरेशन कर निकालने की कार्रवाई की जा रही है। मनोज साह की स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना पर सदर एसडीपीओ रामकृष्ण और बैरगनिया थानाध्यक्ष दल-बल के साथ घायल के घर पहुंचकर घटना की जांच किए। बाद में एसएफएल टीम को बुलाया गया। सदर एसडीपीओ राम कृष्णा ने बताया कि घायल ने पूछताछ के दौरान एक व्यक्ति पर आशंका जताई है, जिसके आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। घायल द्वारा बताया गया है कि घर में सोने के समय किसी ने गोली मार दी, जबकि बेड और मच्छरदानी पर न तो गोली और न ही खून के एक बूंद के निशान पाए गए हैं। पीड़ित को गोली लगी है, लेकिन गोली लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। मामले की जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## देव दीपावली को ऐतिहासिक बनाने के लिए मुक्तिधाम प्रबंध समिति की तैयारी बैठक संपन्न



**मुजफ्फरपुर।** देव दीपावली को भव्य और दिव्य बनाने के उद्देश्य से मुक्तिधाम प्रबंध कार्यकारिणी समिति की विशेष बैठक आयोजित की गई। यह बैठक आज, 10 नवंबर 2024 को समिति के संयोजक डॉ. रमेश कुमार केजरीवाल की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में इस वर्ष 15 नवंबर को शाम 5 बजे से देव दीपावली उत्सव को भव्यता से मनाने की योजना पर चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ. केजरीवाल ने टीम को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष का देव दीपावली उत्सव ऐतिहासिक और अनोखा होना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में सह संयोजक श्याम सुंदर भरतिया, राम स्वार्थ प्रसाद, राज कुमार चौधरी, प्रो. सुनील, संदीप अग्रवाल, सुभाष बिजराजका, मीनाक्षी चौधरी, अशोक कुमार, दीपू कुमार, और अप्पन पाठशाला के संस्थापक सुमित कुमार समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।



चरण सिंह

विचार

## महात्मा बुद्ध का शांति संदेश लेकर चलें मोदी, डोनाल्ड, पुतिन और जिनपिंग

आज की तारीख में जीस तरह से हथियारों की नुमाइश हो रही है। देश एक दूसरे से उलझ रहे हैं। प्रभावशाली देशों ने हथियारों का धंधा कर रखा है। जगह जगह बम विस्फोट हो रहे हैं। हर देश बड़े से बड़ा हथियार बनाकर रखना चाहता है। यह कोई समझने को तैयार नहीं कि आखिर इन हथियारों का होगा क्या। क्या हथियारों की यह होड़ शांति, अमन चैन और मानवता की दुश्मन नहीं है। राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज करने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने भले ही शांति की बात की हो पर लग नहीं रहा कि दुनिया में शांति होगी। दरअसल दुनिया के बड़े देश रूस, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन चाहते हैं कि वे तो सब कुछ करें पर विकासशील देशों को कुछ नहीं करने देना है। अब विकासशील देश भी इन देशों के प्रभाव से बाहर निकलने लगे हैं। मतलब हर देश शक्ति प्रदर्शन करना चाहता है। इस समय यह प्रश्न बड़ी तेजी से उठ रहा है कि आखिरकार डोलाल्ड ट्रंप दुनिया में शांति स्थापित करने में महत्वपूर्ण योगदान अदा करेंगे। इसमें दो राय नहीं कि दुनिया महात्मा बुद्ध के संदेश से ही शांति की ओर जा सकती है। डोनाल्ड ट्रंप वास्तव में ही दुनिया को शांति के रास्ते पर ले जाना चाहते हैं तो उन्हें पीएम मोदी को साथ लेकर महात्मा बुद्ध के शांति के संदेश को आगे बढ़ाना होगा। मोदी भी इस समय हर देश में युद्ध नहीं बुद्ध की बात कर रहे हैं। दरअसल महात्मा बुद्ध ने उस समय भारत में शांति का संदेश दिया था जब देश में राजा एक दूसरे के खून के प्यासे थे। एक दूसरे की सीमा में हस्तक्षेप कर रहे थे। उस समय महात्मा बुद्ध ने न केवल भारत बल्कि दुनिया को शांति का संदेश दिया था। अशोक सम्राट जैसे राजा हिंसा का रास्ता छोड़कर महात्मा बुद्ध की शरण में चले गए थे। आज की तारीख में भी दुनिया के हालात कुछ इसी तरह के हैं। डोनाल्ड ट्रंप, पीएम मोदी, ब्लादिमीर पुतिन, शी जिनपिंग मिलकर दुनिया को शांतिनिक रास्ते पर ला सकते हैं पर पहले इन शासकों को महात्मा बुद्ध का शांति का रास्ता अपनाना होगा।

## विशेष दर्जे की बहाली का प्रस्ताव अंधेरों की आहट

-ललित गर्ग-

नेशनल कॉन्फ्रेंस एवं उमर अब्दुला सरकार ने सदन में अपने बहुमत का लाभ उठाते हुए बुधवार को बिना अनुच्छेद 370 की पुर्नबहाली शब्द का इस्तेमाल कर, विशेष दर्जे की बहाली का प्रस्ताव तीखी झड़पों, हाथापाई, लात-घूंसे एवं शोरशराबे के बीच ध्वनिमत से पारित करा, साबित कर दिया है, वह पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ इस होड़ में पीछे रहने के मूड में नही है। ऐसा लगता है कि जम्मू कश्मीर में अलगाववाद और तुष्टिकरण की राजनीति फिर से परवान चढ़ने लगी है, आम कश्मीरी अवाम को गुमराह कर उसे बबार्दी की तरफ धकेलने की कुचेष्टाएं प्रारंभ हो गयी है। इस पारित प्रस्ताव में केंद्र सरकार से कहा गया है कि वह विशेष दर्जा वापस देने के लिए राज्य के प्रतिनिधियों से बातचीत करे। बुधवार को नवगठित राज्य विधानसभा में जब यह प्रस्ताव उप-मुख्यमंत्री सुरिंदर सिंह चौधरी ने पेश किया, तभी यह स्पष्ट हो गया था कि चौधरी का चयन ही इसलिए किया गया है कि भारतीय जनता पार्टी इसे सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश न कर सके। लेकिन भाजपा ने एक विधान एक निशान और राष्ट्रवाद के प्रति अपनी संकल्पबद्धता को दोहराते हुए इस प्रस्ताव का विरोध कर बताया कि वह प्रत्यक्ष तो क्या परोक्ष तौर पर भी किसी को घड़ी की सुइयां पीछे मोढ़ने की अनुमति नहीं देगी। जब तक केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की नरेन्द्र मोदी सरकार है, कोई भी अनुच्छेद 370 और 35ए को वापस नहीं ला सकता। अनुच्छेद 370 एक मरा हुआ सांप है, जिसे वह एक गले से दूसरे गले में डाल, जहर, आतंक एवं हिंसा फैलाने के षडयंत्र को सफल नहीं होने देगी। कश्मीर के नेताओं को समझना ही होगा कि पूरे भारत में अनुच्छेद 370 को लेकर जैसा जनमानस है, उसे देखते हुए अनुच्छेद 370 की वापसी असंभव है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर की धरती पर अनेक सकारात्मक स्थितियां उद्घाटित हुई है, विशेषतः लोकतंत्र को जीवंतता मिली है, वहां की अवाम ने चुनावों में बढ़-चढ़कर भाग लिया, शांति एवं विकास से इस प्रांत में एक नई इबारत लिखी जाने लगी है। जम्मू-कश्मीर हमारे देश का वो गहना है जिसे जब तक सम्पूर्ण भारत के साथ जोड़ा नहीं जाता, वहां शांति, आतंकमुक्ति एवं विकास की गंगा प्रवहमान नहीं होती, अधूरापन-सा नजर आता रहा है। इसलिए इसे शेष भारत के साथ हर दृष्टि से जोड़ा जाना महत्वपूर्ण है और यह कार्य मोदी एवं उनकी सरकार ने करके एक नये सूरज को उदित किया है, अब उस सूरज को अस्त नहीं होने दिया जायेगा। बड़ी जद्दोजहद से वहां एक नया दौर शुरू हुआ है, अब इस सुनहरे एवं उजले दौर को स्वार्थी एवं सत्ता की अलगाववादी एवं विघटनकारी राजनीति की भेंट नहीं चढ़ने देना चाहिए।

भारत की महानता उसकी विविधता में है। साम्प्रदायिकता एवं दलगत राजनीति का खेल, उसकी विविधता में एकता की पीठ में छुरा भोंकता रहा है, घाटी उसकी प्रतीक बनकर लहूलुहान रही है। जब हम नये भारत-सशक्त भारत बनने की ओर अग्रसर हैं, विश्व के बहुत बड़े आर्थिक बाजार बनने जा रहे हैं, विश्व की एक शक्ति बनने की भूमिका तैयार करने जा रहे हैं, तब हमारे मस्तक के ताज जम्मू-कश्मीर को जाति, धर्म व स्वार्थी राजनीति से बाहर रखना सबसे बड़ी जरूरत है। इसी दिशा में घाटी को अग्रसर करने में मोदी सरकार के प्रयत्न सराहनीय एवं स्वागतयोग्य रहे हैं। घाटी की कमजोर राजनीति एवं साम्प्रदायिक आग्रहों का फायदा पडोसी उठा रहे हैं, जिनके खुद के पांव जमीन पर नहीं वे आंख दिखाते रहे हैं। अब ऐसा न होना, केन्द्र की कठोरता एवं सशक्तीकरण का द्योतक हैं। कश्मीर के तथाकथित राजनीतिक कर्णधारों! अलगाववाद और तुष्टिकरण की राजनीति छोड़ो। अगर तेवर ही दिखाने हैं तो देश के दुश्मनों को दिखाओ, पडौसी देश के मनसूबों को निस्तेज करों। अतीत की राजनीतिक भूलों को सुधारना और भविष्य के निर्माण में सावधानी से आगे कदमों को बढ़ाना, जम्मू-कश्मीर की चुनी हुई सरकार का संकल्प होना चाहिए। विशेष राज्य का दर्जा पाने के मसले पर नेशनल कॉन्फ्रेंस जहां खड़ी है, पीडीपी उससे दो कदम आगे रहना चाहती है। ऐसे करके नेशनल कान्फ्रेंस और पीडीपी सरीखे दल यहां अलगाववाद और एक वर्ग विशेष की तुष्टिकरण की राजनीति को जारी रखना चाहते हैं, वह यहां फिर से अलगाववाद को पैदा करना चाहते हैं, आम कश्मीरी अवाम को गुमराह कर उसे बबार्दी की तरफ धकेलना चाहते हैं, तभी अनुच्छेद 370 की बहाली का प्रस्ताव लाये हैं। जबकि अनुच्छेद 370 के हटने से घाटी में एक उजाला अवतरित हुआ है, अब फिर से घाटी को अंधेरों से नहीं घिरने देना चाहिए। भले ही नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर का चुनाव ही इसी घोषणा के साथ लड़ा और जीता है कि वह भारतीय संविधान में राज्य को उसका विशेष दर्जा वापस दिलाएगी। इसीलिये नेशनल कॉन्फ्रेंस ने सत्ता में आते ही पहला काम यही किया और विधानसभा ने राज्य को विशेष दर्जा दिए जाने का प्रस्ताव पारित कर दिया।

नेशनल कान्फ्रेंस को लगता है कि विशेष दर्जे के मुद्दे से कुछ लोगों के तार भावनात्मक रूप से जुड़े हैं, इसलिए ज्यादा अतिवादी रूख अपनाकर इसका कुछ राजनीतिक फायदा उठाया जा सकता है। दोनों ही प्रमुख दल इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ उठाने की होड़ लगाते हुए दिख रहे हैं। तभी मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की टिप्पणी थी कि यह पीडीपी का केवल प्रचार स्टंट है और उसके विधायक सिर्फ कैमरे के आगे आने के लिए यह सब कर रहे हैं।

# भारत की आर्थिक प्रगति में समाज से अपेक्षा

-प्रहलाद सबनानी-

> भारत में आर्थिक प्रगति के चलते सम्पत्ति के निर्माण की गति भी तेज हुई है। वित्तीय वर्ष 2023 के अंत में आयकर विभाग में जमा की गई विवरणियों के अनुसार, 230,000 नागरिकों ने अपनी कर योग्य आय को एक करोड़ रुपए से अधिक की बताया है। यह संख्या पिछले 10 वर्षों के दौरान 5 गुणा बढ़ी है। वित्तीय वर्ष 2012-13 में 44,078 नागरिकों ने अपनी कर योग्य आय को एक करोड़ रुपए से अधिक की घोषित किया था।

विश्व के लगभग समस्त देशों में पूंजीवादी मॉडल को अपनाकर आर्थिक विकास को गति देने का प्रयास पिछले 100 वर्षों से भी अधिक समय से हो रहा है। पूंजीवाद की यह विशेषता है कि व्यक्ति केवल अपनी प्रगति के बारे में ही विचार करता है और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के एहसास को भूल जाता है। जिससे, विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के चलते समाज में असमानता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। विनिर्माण इकाईयों में मशीनों के अधिक उपयोग से उत्पादन में तो वृद्धि होती है परंतु रोजगार के पर्याप्त अवसर निर्मित नहीं हो पाते हैं। रोजगार की उपलब्धता में कमी के चलते समाज में कई प्रकार की बुराईयां जन्म लेने लगती हैं क्योंकि यदि किसी नागरिक के पास रोजगार ही नहीं होगा तो वह अपनी भूख मिटाने के लिए चोरी चकारी एवं हिंसा जैसी गतिविधियों में लिप्त होने लगता है। पूंजीवाद की नीतियों के अनुपालन के चलते वर्तमान में विश्व के कई देशों में सामाजिक तानाबाना छिन्न भिन्न हो रहा है। परंतु, प्राचीनकाल में भारत में उपयोग में लाए जा रहे आर्थिक मॉडल को अपनाए जाने के कारण भारत में प्रत्येक नागरिक को रोजगार उपलब्ध रहता था। भारत में अतिप्राचीन काल से ग्रामीण क्षेत्र ही विकास के केंद्र रहते आए हैं। भारत का कृषि क्षेत्र तो विकसित था ही, साथ में, कुटीर उद्योग भी अपने चरम पर था। पीढ़ी दर पीढ़ी व्यवसाय को आगे बढ़ाया जाता था। नौकरी शब्द तो शायद उपयोग में था ही नहीं क्योंकि परिवार के सदस्य ही अपने पुरखों के व्यवसाय को आगे बढ़ाने में रुचि लेते थे अतः भारत के प्राचीन काल में नागरिक उद्यमी थे। नौकरी को तो निकृष्ट कार्य की श्रेणी में रखा जाता था।

भारत में भी आर्थिक विकास की दर में तेजी तो दृष्टिगोचर है तथा प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि हो रही है और आज यह लगभग 2500 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष हो गई है। प्रति व्यक्ति आय यदि 14000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष हो जाती है तो भारत विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। अतः प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाने के लिए भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की आय में वृद्धि करने पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत में आर्थिक विकास के साथ साथ मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या भी बढ़ रही है। परंतु, साथ में आय की असमानता की खाई भी चौड़ी हो रही है, क्योंकि उच्चवर्गीय एवं उच्च मध्यमवर्गीय परिवारों की आय तुलनात्मक रूप से तेज गति से बढ़ रही है। हालांकि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा गरीब वर्ग, विशेष रूप से गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों, के लिए कई विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं और इसका असर भी धरातल पर दिखाई दे रहा है। हाल ही के वर्षों में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की संख्या में भारी कमी दिखाई दी है।

भारत में आर्थिक प्रगति के चलते सम्पत्ति के निर्माण की गति भी तेज हुई है। वित्तीय वर्ष 2023 के अंत में आयकर विभाग में जमा की गई विवरणियों के अनुसार, 230,000 नागरिकों ने अपनी कर योग्य आय को एक करोड़ रुपए से अधिक की बताया है। यह संख्या पिछले 10 वर्षों के दौरान 5 गुणा बढ़ी है। वित्तीय वर्ष 2012-13 में 44,078 नागरिकों ने अपनी कर योग्य आय को एक करोड़ रुपए से अधिक की घोषित किया था। उक्त आंकड़ों में वेतन पाने वाले नागरिकों का प्रतिशत वित्तीय वर्ष 2022-23 में 52 प्रतिशत रहा है, वित्तीय वर्ष 2021-22 में यह 49.2 प्रतिशत था तथा वित्तीय वर्ष 2012-13 में यह प्रतिशत 51 प्रतिशत था। इस प्रकार एक करोड़ रुपए से अधिक का वेतन पाने वाले नागरिकों की संख्या में कोई परिवर्तन नहीं आया है। जबकि व्यवसाय करने वाले नागरिकों की आय और अधिक तेज गति से बढ़ी है। 500 करोड़ रुपए से अधिक की कर योग्य आय घोषित करने वाले नागरिकों में समस्त करदाता व्यवसायी हैं। 100 करोड़ रुपए से 500 करोड़ रुपए की कर योग्य आय घोषित करने वाले नागरिकों में 262 व्यवसायी हैं एवं केवल 19 वेतन पाने वाले नागरिक हैं। भारत के एक प्रतिशत नागरिकों के पास देश की 40 प्रतिशत से अधिक की सम्पत्ति है। अतः देश में आय की असमानता स्पष्टतः दिखाई दे रही है।

एक अनुमान के अनुसार यदि उच्चवर्गीय एवं उच्च मध्यमवर्गीय परिवार की आय में 100 रुपए की वृद्धि होती है तो वह केवल 10 रुपए का खर्च करता है एवं 90 रुपए की बचत करता है जबकि एक गरीब परिवार की आय में यदि 100 रुपए की वृद्धि होती है तो वह 90 रुपए का खर्च करता है एवं केवल 10 रुपए की बचत करता है। इस प्रकार किसी भी देश को यदि उपभोक्ताओं की संख्या में वृद्धि करना है तो गरीब वर्ग के हाथों में अधिक धनराशि उपलब्ध करानी होगी। जबकि विकसित देशों एवं अन्य देशों में इसके ठीक विपरीत हो रहा है, उच्चवर्गीय एवं उच्च मध्यमवर्गीय परिवारों की आय में तेज गति से वृद्धि हो रही है जिसके चलते कई विकसित देशों में आज उत्पादों की मांग बढ़ने के स्थान पर कम हो रही है और इन देशों के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि की दर बहुत कम हो गई है तथा इन देशों की अर्थव्यवस्था में आज मंदी का खतरा मंडरा रहा है।

उक्त परिस्थितियों के बीच वैश्विक पटल पर भारत आज एक दैदीप्यमान सितारे के रूप में चमक रहा है। भारत में आर्थिक विकास दर 8 प्रतिशत के आसपास आ गई है और इसे यदि 10 प्रतिशत के ऊपर ले जाना है तो भारत में ही उत्पादों की आंतरिक मांग उत्पन्न करनी होगी इसके लिए गरीब वर्ग की आय में वृद्धि करने सम्बंधी उपाय करने होंगे तथा रोजगार के अधिक से अधिक अवसर निर्मित करने होंगे। प्राचीनकाल में भारत में उपयोग किए जा रहे आर्थिक दर्शन को एक बार पुनः देश में लागू किए जाने की आवश्यकता है। आज भारत में शहरों को केंद्र में रखकर विकास की विभिन्न योजनाएं (स्मार्ट सिटी, आदि) बनाई जा रही है, जबकि, आज भी 60 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामीण इलाकों में ही निवास करती है। इसलिए भारत को पुनः ग्रामों की ओर रूख करना होगा। न केवल कृषि क्षेत्र बल्कि ग्रामीण इलाकों में कुटीर एवं लघु उद्योगों की स्थापना की जानी चाहिए जिससे रोजगार के पर्याप्त अवसर ग्रामीण इलाकों में ही निर्मित हों और इन स्थानों पर उत्पादित की जा रही वस्तुओं के लिए बाजार भी ग्रामीण इलाकों में ही विकसित हो सकें। लगभग 50 गावों के क्लस्टर विकसित किए जा सकते हैं, इन इलाकों में निर्मित उत्पादों को इस क्लस्टर में ही बेचा जा सकता है और यदि इन इलाकों के स्थित कुटीर एवं लघु उद्योगों में उत्पादन बढ़ता है तो उसे आस पास के अन्य क्लस्टर एवं शहरों में बेचा जा सकता है। इससे स्थानीय स्तर पर ही उत्पादों की मांग को बढ़ावा मिलेगा एवं रोजगार के अवसर निर्मित होने से ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे परिवारों के शहरों की ओर पलायन को भी रोका जा सकेगा। अंततः इससे शहरों के बुनियादी ढांचे पर लगातार बढ़ रहे दबाव को भी कम किया जा सकेगा।

भारत में हिंदू सनातन संस्कृति की यह विशेषता रही है कि समाज में निवास कर रहे गरीब वर्ग के नागरिकों की सहायता के लिए सक्षम समाज हमेशा से ही आगे रहता आया है। यह सेवा कार्य विभिन्न मंदिरों, मट्ठ, सामाजिक संस्थाओं, सांस्कृतिक संस्थाओं एवं न्यासों द्वारा सफलता पूर्वक किया जाता रहा हैं। एक अनुमान के अनुसार, भारत में प्रतिदिन लगभग 10 करोड़ नागरिकों के लिए अन्न क्षेत्रों में भोजन प्रसादी उपलब्ध कराई जाती है। इसी प्रकार कई सामाजिक, सांस्कृतिक एवं न्यासों द्वारा अस्पताल चलाए जाते हैं, जहां मुफ्त अथवा बहुत ही कम कीमत पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। कुछ संस्थानों द्वारा स्कूल भी चलाए जाते हैं जहां गरीब वर्ग के बच्चों को शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। इस प्रकार समाज के गरीब वर्ग को यदि भोजन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाएं मुफ्त अथवा कम कीमत पर उपलब्ध हो सकती हैं तो उनके द्वारा अर्जित की जा रही आय को अन्य उत्पादों को खरीदने में उपयोग किया जा सकता है जिससे अंततः विभिन्न उत्पादों की मांग में वृद्धि दर्ज होती है। यह मॉडल भी केवल भारत में ही दिखाई देता है। वरना, अन्य विकसित देशों में तो कुछ भी मुफ्त नहीं है। विकसित देशों में नागरिकों को केवल अपनी प्रगति की चिंता है, समाज में गरीब वर्ग के अन्य नागरिकों के लिए कोई चिंता का भाव दिखाई ही नहीं देता है।

# सुख सुविधा होते हुए भी मनुष्य परेशान क्यों है



ऊषा शुक्ला

अजीब सा लालच भरा पड़ा हुआ है मनुष्य के मन में, जानता है ,कि उसे जितना भी प्राप्त हुआ है वह उसे उसकी औकात से ज्यादा मिला है फिर भी संतुष्टि नहीं है । क्योंकि मनुष्य को कोई भी सुख सुविधा अपने लिए थोड़ी ना चाहिए उसे तो पड़ोसी से ज्यादा चाहिए । सबको पता है कि कोई भी व्यक्ति इस धरती से अपने साथ एक सुई की नोक पर भी सुख सुविधा लेकर नहीं जा सकता पर फिर भी पाप किए जा रहा है ।अपरंपार सुख सुविधा होते हुए भी मनुष्य बहुत अधिक परेशान करते हैं ।देखा गया है कि मनुष्य अपने सुख संसाधन से सुखी नहीं है पर अपने जानने वालों के सुख संसाधन को देख देख करके जला जा रहा है और बहुत दुखी है ।कारण समझ नहीं आया। भौतिक वस्तुएँ किसी को भी कोई सुख नहीं दे सकती हाँ क्योंकि मनुष्य प्रसन्नता का असली अर्थ जानता ही नहीं। अच्छे कर्म और मेहनत से कमाया हुआ पैसा ही मनुष्यता असीम सुख दे सकता है । प्रसन्नता संसार का सबसे बड़ा सुख है, जो प्रसन्न है, वह सुखी है और जो सुखी है वह अवश्य प्रसन्न रहेगा। प्रसन्न मन ही आत्मा को देख सकता है, परमात्मा का साक्षात्कार कर सकता है और जीवन के समस्त श्रेयों को पा सकता है। जीवन को हर प्रकार से सफल बनाने के लिए प्रसन्न रहना आवश्यक है।।अज्ञानता और कभी का मिटने वाली तृष्णा! अगर व्यस्क्ति " जो प्राप्त है, पर्याप्त है" को माने तो ऐसा नही होगा! जो यहां का है वह यही रहेगा, साथ केवल व्यक्ति के कर्म ही जायेंगे, इस सत्य को समझ ले तो मानसिक सकून जरूर मिलेगा! अपने बच्चो का भविष्य अपने हिसाब से बनने की अहम और गलती नही करनी चाहिए क्योंकि हर बच्चा अपना भविष्य जन्म से ही अपने साथ लेकर आता है। प्रभु और उस बच्चे के कर्मो को चुनौती देने की गलती न करना, हम अभी इतने शक्तिशाली अभी नहीं हुए! जितना सिंपल और सरल बनाएंगे जिंदगी उतनी ही सरल होगी।मेरे अनुभव के अनुसार जिंदगी में कुछ भी एब्सोल्यूट या नियत नहीं होता ।मतलब हर चीज के जबरदस्त अपवाद मिलेंगे . जैसे आप सोच रहे हैं की मनुष्य जितना सुख भोगता तो उसका स्वभाव विचार बिगड़ने लगता है ।पर ऐसा होता भी है और नहीं भी ।मैं अपने पूर्वजो के उदाहरण से शुरू करते हुए, आज के जमाने के प्रसिद्ध व्यक्तियों के बारे में भी अपने विचार बताऊंगी।अगर पुराने जमाने की बात करें तो भगवान् राम और भगवान् बुद्ध को राजपुत्र होने के नाते सब सुख प्राप्त थे पर उन्होंने अपनी मयार्दा कभी नहीं छोड़ी मतलब अगर आपके शब्दों में कहें तो सारे सुख होते हुए भी उनका स्वभाव या विचार नहीं बिगाड़ा ।आज के जमाने में लें तो रतन टाटा, मुकेश अम्बानी, प्रेम अजीम जी, हमारे प्रधान मंत्री मोदी, बिल गेट्स, कितने नाम हैं , जिनको गिनाया जा सकता, जिन्हे पैसा, पद और रसूख, तीनों हासिल होने के बावजूद उन्होंने अपने जमीनी स्तर वाली सोच को छोड़ कर, हवा में कभी नहीं उड़े ।जबकि आप अगर अपने आस पास नजर दौड़ाएं तो आप पाएंगे की, ज्यादातर बिगड़े वही होते हैं ।जिनके जीवन में अभाव पाया जाता। पैसा आते ही, ऐश करने की उनकी लालसा इतनी बेलगाम हो जाती है की नैतिक अनैतिक के ऊपर विचार करने की भावना ही विलुप्त हो जाती है . कहना न होगा अपराध की दुनिया अधिकतर ऐसे लोगों से पटी पड़ी है ।ऐसा क्यों है कि मनुष्य अपने लिए जितनी अधिक सुख-सुविधाओं को अर्जित करता है उसका जीवन उतना ही अधिक उलझन भरा और दुख पूर्ण हो जाता है? क्योंकि दुःख, सुख की छाया है । असुविधा, सुविधा की छाया है दोनों एक दूसरे के साथ ही रहते हैं, बिना दुःख के सुख की कामना करना वैसे ही है जैसे कोई छप्पर के ऊपर खोया हुआ ऊँट ढूँढ रहा हो ।एक राजा अपने राजमहल में आराम कर रहा था । तभी उसे छप्पर के ऊपर कुछ हलचल महसूस हुई, राजा ने पूछा- ऊपर कौन उछल कूद कर रहा है ? जवाब आयाः मैं एक फकीर हूँ, कल मेरा ऊँट कहीं खो गया था उसे ढूँढता हूँ । राजा ने कहा अरे बेवकूफ फकीर, ऊँट भी कहीं छप्पर के ऊपर मिला करते हैं? जिस पर फकीर ने कहा अगर तूँ राजमहल में सुख ढूँढ रहा है, तब मैं छप्पर के ऊपर ऊँट क्यों न ढूँढूँ?, अगर तुझे यहाँ सुख मिल सकता है तो मुझे भी यहाँ छप्पर पर ऊँट देर-सवेर मिल ही जाएगा । इतने में हलचल बंद हो गई, राजा उछल कर बिस्तर से चल पड़ा, संदेश अपने लक्ष्य को भेद चुका था, राजा तुरंत उस फकीर के पीछे हो लिया मुझे भी तेरे साथ चलना है , तूँ कोई साधारण फकीर नहीं पहुँचा हुआ फकीर है ।जो दुख हो रहा है उसे अवश्य मिलना है सुख,क्योंकि दुखों का मिलना एक संचित कर्म हो सकता है। उसके पिछले जन्मों का। लेकिन दोस्तों हर दुख के बाद सुख व सुख के बाद दुख होना स्वाभाविक है ।इसलिए बिल्कुल भी चिंता ना करें ।अपना कर्म करते जाइए ।मेहनत के साथ पूरे दिल के साथ और अपने आप को भगवान के ऊपर छोड़ दो ।जब हम अपने जीवन को ही भगवान को समर्पित कर देते हैं। उनके काबिल बना देते हैं, तो हमें दुख की मात्रा काफी कम महसूस होगी।लेकिन जो जिंदगी में भगवान के अस्तित्व को मानने से इनकार करते हैं ।उनके दुखों का अंत होना बड़ा मुश्किल हो जाता है। यह मेरा व्यक्तिगत राय है। मैं तो यही कहूंगा कि हम सभी भगवान को हाजिर नाजिर मानते हुए अपने आस्था को ज्यादा ज्यादा बढ़ाएं और दुखों को दूर भगाएं।

# बलात्कार और वायदा खिलाफी को छोड़कर मर्द और औरत का हर रिश्ता जायज है

प्रोफेसर राजकुमार जैन

डॉ. लोहिया
'रचनाकारों की नजर में'
(भाग -2)

जब कभी लोहिया का ज़िक्र होगा तो उनके दो अनुयायियों राजनारायण और मधु लिमये का संदर्भ कहीं न कहीं आएगा ही। राजनारायण जी ने "डॉ॰ लोहिया की चिंतनधारा' लेख में डॉ॰ लोहिया के वैचारिक पक्ष के विभिन्न आयामों पर रोशनी डालते हुए विदेश नीति पर लिखा, 'एक और अमरीकी खेमा और दूसरी ओर रूसी खेमा, अपना अपना प्रभाव क्षेत्र बढ़ाने की कशमकश में ये दोनों पुनः विश्व को युद्धाग्नि में झोंक देंगे।" वह भविष्यवाणी आज रूस और युक्रेन की जंग से सही साबित हो रही हैं।

कांग्रेस से निकलकर सोशलिस्ट पार्टी बनने पर लोहिया के साथ पहले दौर में जो पढ़े-लिखे दीवाने जुड़े थे, उसमें कृष्णनाथ भी शामिल थे। लोहिया ने जो साहित्यिक पत्रिका "कल्पना" तथा अंग्रेजी में "मैनकाइण्ड" हैदराबाद से निकाली थी उसका सह-संपादन भी इन्होंने किया था, कृष्णनाथ जी मात्र एक प्रोफेसर, विचारक, लेखक या सिद्धांतकार ही नहीं आंदोलनकारी सिपाही भी थे। लोहिया के साथ जन सवालों पर हुए संघर्षों में जेल का बंदी जीवन भी इन्होंने बिताया था। इन्होंने सत्याग्रह, सर्वोदय आंदोलन, सत्याग्रही की जटिलता की गुत्थी को खोलकर लोहिया की सिविलनाफरमानी का खुलासा करते हुए एक सवालिया निशान भी लगाया कि लोहिया क्रोध की अति की ओर झुके थे। अपने भिक्षु संघ सहित तथा अकेले बुद्ध या लोहिया अक्रोध से क्रोध को जीत सकते है, क्रोध से क्रोध नहीं, अवैर से वैर जीत सकते हैं, वैर से नहीं, सच से झूठ को जीत सकते है, झूठ से नहीं।

प्रो॰ निर्मलकुमार बोस, आजादी की जंग के सिपाही होने के साथ-साथ मुल्क के मशहूर एंथ्रोपॉलजिस्ट मानव शरीर रचना विज्ञानी भी थे। डॉ॰ लोहिया ने अपनी किताब "गिल्टी मैन ऑफ इण्डियास पार्टिशन" में आजादी के बाद मुल्क में हिंदू-मुसलमानों के सांप्रदायिक दंगों, जिसमें भयंकर कत्लेआम हुआ था उसका विस्तार से ज़िक्र किया है।

प्रो॰बोस ने अपने लेख 'गांधी जी और लोहिया' में चश्मदीद गवाह के रूप में तस्दीक करते हुए नोआखली तथा कोलकाता के सांप्रदायिक दंगों, जिसमें भयंकर कत्लेआम हुआ था, ज़िक्र किया है। गांधी जी ने दंगों की आग बुझाने के लिए अपनी ज़िंदगी को दाँव पर लगा दिया। लोहिया भी अपनी जान की परवाह किये बिना गांधी जी के साथ, इस हिंसक हत्या कांड में लगे नौजवानो को जो बंदूकें हथगोलों से लैस थे ने उन्हें राजी किया कि वे अपने शस्त्र गांधी जी के आगे समर्पण करे

गणेश मंत्री का लेख "लोहियाः सप्तक्रांति की सीमा, लोहिया के राजनैतिक दर्शन की गहराई से पड़ताल करता हुआ, उनके अनुयायियों और उस संगठन जिसको लोहिया ने बनाया था, उसके विभिन्न आयामों की परतों को बेबाकी से खोलता हुआ दिखाई पड़ता है। "धर्मयुग' के संपादक रह चुके गणेश मंत्री ने कई चर्चित पुस्तकों, रूस-चीन विवाद, मार्क्स, गांधी और समाजवाद तथा विशेष रूप से 'गोआ मुक्ति संघर्ष' जैसी किताबें जिसमें लोहिया की पहल तथा संघर्षों का विस्तार से वर्णन किया है, हिंदी में गोवा के मुक्म्मल इतिहास को जानने के लिए यह बहुत ही उपयोगी किताब है। गणेश मंत्री ने अपने लेख में लोहिया द्वारा सप्त क्रांति का जो दर्शन दिया था, उसको गिनवाते हुए उसकी व्यापक व्याख्या करते हुए विशेष रूप से लोहिया की रचना 'इकॉनॉमिक्स आफ्टर मार्क्स' में विषमता के बुनियादी कारणों की छानबीन की थी।

लोहिया के प्रति अनुयायियों में मसीहा सरीखा विश्वास तथा विरोधियों में खलनायक की तस्वीर थी परंतु लोहिया का यकीन था कि "लोग मेरी बात सुनेंगे, शायद मेरे मरने के बाद लेकिन किसी दिन सुनेंगे जरूर। उनकी यह बात अब सच साबित हो रही है।

मधुलियमे की पत्नी होने के कारण चम्पा लिमये को लोहिया को बहुत नजदीक से देखने और जानने का मौका मिला था । उन्होंने विशेष रूप से भारतीय नारी पर पौराणिक प्रसंगों से लेकर आधुनिक नारी मुक्ति आंदोलन पर लोहिया का क्या नजरिया था, चर्चा की है। अनेकों मिसालें देकर उन्होंने लोहिया का स्त्री के प्रति विशालता, उसकी कोमलता, त्याग, करुणा, साहस तथा उसके साथ होने वाली गैर-बराबरी पर बिफरना व्यक्त किया है। मर्द और औरत के बीच कैसा रिश्ता हो, इस पर लोहिया के एक वाक्य ने जवाब दे दिया था कि "बलात्कार और वायदा खिलाफी को छोड़कर मर्द और औरत का हर रिश्ता जायज है। लोहिया ने अपनी निजी जीवन में इस पर अमल करते हुए अपनी मित्र प्रो. रमा मित्रा को लिखे गए खतों में बिना किसी दुराव-छिपाव के ज्यों का त्यों व्यक्त कर दिया था।

रामधारी सिंह दिनकर किसी परिचय के मोहताज नहीं हालाँकि वे मूलतः एक कवि थे। उन्होंने अपने लेख स्वर्गीय लोहिया साहब में एक ऐतिहासिक बहस जो उस समय चलती थी कि नेहरू के बाद मुल्क की बागडोर कौन सम्भालेगा, उसका खुलासा करते हुए लिखा कि हम लोग विश्वासपूर्वक मानते थे इसका बोझ समाजवादियों के कंधों पर आएगा। परंतु इसके सारे नेता शासन की बागडोर संभालने के स्थान पर अलग-अलग राह के राही बन गए। अकेले लोहिया आजीवन विस्फोटक बने रहे । संसद में लोहिया के आते ही तहलका मच गया । दिनकर ने कविता के माध्यम से भी लोहिया के व्यक्तित्व को याद किया।

(जारी- है)......*

चित्र ; दाएं से क्रमशः श्रीकांत वर्मा (पत्रकार) डॉ राम मनोहर लोहिया और प्रोफेसर राम मित्रा, शोभन ( लोहिया के सहायक)

(यह लेखक के निजी विचार हैं)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, **विक्रम राज** द्वारा हाऊस नं. आर-132 ब्लॉक-ए नियर मेन नसीरपुर रोड डाबरी पालम गांव न्यू दिल्ली-110045 से प्रकाशित एवं आर.डी. प्रिंटर्स पब्लिसर प्राइवेट लिमिटेड ए-41 सेक्टर-8 नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित। **सम्पादक : विक्रम राज**
समाचारों के चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदारी। समाचार पत्र में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। न्यायलय संबंधी सभी मामले दिल्ली न्यायालय में ही निपटाए जाएंगे। RNI NO.- DELHIN/2023/86360. Telephone No.-011-49385179

## एक नजर

### आप और भाजपा कृषि अर्थव्यवस्था को तबाह करने के लिए जिम्मेदार

**चंडीगढ़।** शिरोमणी अकाली दल (शिअद) ने रविवार को राज्य में कृषि के संकट के लिए आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जिम्मेदार ठहराते हुए आरोप लगाया कि दोनों पार्टियों ने पंजाब की कृषि अर्थव्यवस्था को तबाह करने के लिए एक दूसरे के साथ मिलकर काम कर रही हैं। शिअद के वरिष्ठ नेता दलजीत सिंह चीमा ने यहां एक प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि आप और भाजपा दोनों सयंक्त रूप से राज्य के सामने आ रही समस्याओं -न्यूनतम समर्थन मूल्य(एमएसपी) पर खरीद की कमी, धान पर 300 रुपए प्रति क्विंटल तक की कटौती, उठान में कमी , विभिन्न राज्यों द्वारा पंजाब से चावल का स्टॉक लेने से मना करना और डीएपी की कमी से आगामी गेंहू की बुआई खतरे में पड़ जाने जैसी समस्यओं से ध्यान हटाने के लिए ड्रग्ज पर एक झूठी कहानी गढ़ रहे हैं। डॉ. चीमा ने कहा कि राज्य और केंद्र दोनों सरकारें ऐसे नाजुक मोड़ पर ड्रग कार्ड खेल रही हैं, जबकि राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था खतरे में पड़ी हुई हैं। उन्होने कहा,ह्यह्य ड्रग्ज की समस्या कोई नई बात नही है। वास्तव में राज्य और केंद्र सरकारें क्रमशः आंतरिक सुरक्षा और सीमा सुरक्षा के लिए जिम्मेदार हैं और दोनों ही अपने कर्तव्यों में नाकाम रही हैं। उन्होंने कहा कि अपनी विफलता को स्वीकार करने और नशे को खत्म करने में नाकाम रहने के लिए पंजाबियों से माफी मांगने के बजाय उन्होने खेती संकट से ध्यान भटकाने के लिए इस मुददे को उठाया है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि आप संयोजक अरविंद केजरीवाल और केंद्र सरकार ने किसानों की समस्याओं के बारे में बोलने या उनका समाधान करने से इनकार क्यों कर दिया। उन्होंने किसानों की शिकायतों का समाधान करने की बजाया उन पर दंडात्मक कार्रवाई के जरिए धमकाने के लिए भी भाजपा की निंदा की है।



### तिहरे हत्याकांड में शामिल पांच गिरफ्तार

**होशियारपुर।** पंजाब की होशियारपुर जिला पुलिस ने रविवार को मोरनवाली गांव में दो समूहों के बीच खूनी झड़प के दौरान तीन लोगों की हत्या में शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। होशियारपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सुरेंद्र लांबा ने रविवार शाम कहा कि तीन लोगों की हत्या मोरनवाली के निवासी मनप्रीत सिंह उर्फ मनी, सुखप्यार सिंह उर्फ सुखा और एसबीएस नगर जिले के बंगा के सरनप्रीत सिंह के रूप में हुई थी। शनिवार को गढ़शंकर थाने में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कथित तौर पर तिहरे हत्याकांड में शामिल 11 व्यक्तियों में से गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी; दलजीत सिंह; बलजिंदर सिंह, सभी मोरनवाली से; इंद्रजीत सिंह पड्डी सूरा सिंह से; और दीपकप्रीत सिंह खवासपुर (तरनतारन) को गिरफ्तार किया है। श्री लांबा ने बताया कि गुरविंदर सिंह, प्रभ, बाबू, गौरव उर्फ भागा, दविंदर भलवान और जस्सी जो फरार हैं उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गौरतलब है कि शनिवार को मोरनवाली गांव में धारदार हथियारों से हुई झड़प में तीन लोगों की मौत हो गई थी और दो अन्य घायल हो गए थे। शुरूआती जांच में पता चला है कि मोरनवाली में नशा मुक्ति केंद्र चलाने वाले गुरप्रीत सिंह का मनप्रीत सिंह के साथ केंद्र में युवकों की आवाजाही को लेकर पहले से विवाद था। बताया जाता है कि करीब 15 दिन पहले इस मुद्दे पर दोनों के बीच झड़प हुई थी। शनिवार को जब दोनों समूह फिर से एक-दूसरे से भिड़ गए, तो विवाद बढ़ गया।

### हिसार: नशे की ओवरडोज से दस दिन में तीन युवकों की मौत, सहमे ग्रामीण



**हिसार।** जिले के उकलाना थाना क्षेत्र के गांव पाबड़ा में नशे के प्रभाव व ओवरडोज से तीन युवकों की मौत का समाचार है। हालांकि तीनों की मौत अलग–अलग समय में हुई है लेकिन युवा वर्ग में बढ़ते नशे व इस तरह हो रही मौतों से ग्रामीण सहमें हुए हैं। वे इस बात से आशंकित है कि कहीं यह नशा घर–घर न फैल जाए। बताया जा रहा है कि मात्र दस दिन के अंतराल में पाबड़ा गांव के तीन युवक नशे की ओवरडोज की वजह से मौत के मुंह में समा चुके हैं। इनमें लगभग 20 वर्षीय सोनू, 30 वर्षीय विनोद व 22 साल का चरणदास शामिल है। बताया जा रहा है कि लगभग 20 वर्षीय सोनू के पिता बीमार रहते हैं। सोनू ही काम धंधा करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। गांव दिलबाग सिंह के अनुसार सोनू पिछले दो सालों से सफेद चिट्टा, नशे की गोलियां व इंजेक्शन का नशा कर रहा था। परिवार ने उन्हें रोकने की काफी कोशिश की लेकिन नशे की ऐसी लत लगी कि वह रुक नहीं पाया। उन्होंने बताया कि सोनू ने घर पर ही नशे का इंजेक्शन लगाया था और और उसके शरीर में रिएक्शन हो गया जिसके चलते परिवार उसे अग्रोहा मेडिकल में लेकर गए लेकिन गत 29 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई। इसी तरह 30 वर्षीय मृतक विनोद के पिता निहाल सिंह की पहले ही मौत हो चुकी है और विनोद की तीन बहनें और मां है। परिवार का पालन पोषण विनोद कुमार ही मजदूरी करके करता था। पिछले दो वर्षों से उसे भी नशे की बुरी लत लग गई थी और इस नशे की लत से बाहर नहीं निकल पाया जिस कारण विनोद कुमार की पांच नवंबर को मौत हो गई। तीसरे मृतक चरण दास के एक एक भाई है, जो दिव्यांग है। मां-बाप पिछले काफी समय से बीमार रहते हैं और एक बहन विधवा हो चुकी है। चरण दास अपने विकलांग भाई हकीकत, मां-बाप व विधवा बहन के पालन पोषण का कार्य करता था और मजदूरी करके अपने परिवार को चला रहा था। पिछले लगभग तीन वर्षों से उसे सफेद चिट्टे का नशा, गोलियां व इंजेक्शन का नशा करने की बुरी लत लग गई और वह इस नशे की लत से बाहर नहीं निकल पाया। परिवार के ही दिलबाग सिंह ने बताया कि दो दिन पूर्व 8 नवंबर को चरण दास घर में ही एक अलग बने कमरे में अकेला मृत अवस्था में पाया गया। उसके पास एक नशे से भरी हुई इंजेक्शन मिली है तथा चार खाली मिले हैं। इसकी मौत नशे के ओवरडोज के कारण हुई है। पाबड़ा गांव में सोनू, विनोद व चरण दास की नशे के कारण मौत होने की सूचना के बाद उकलाना के विधायक नरेश सेलवाल गांव पाबड़ा में पीड़ित परिवारों से मिलने के लिए पहुंचे। उन्होंने घटना पर दुख व्यक्त किया। विधायक नरेश सेलवाल ने कहा कि नशे के ओवरडोज के कारण इस तरह से तीन युवाओं का आकस्मिक जाना हमारे लिए बहुत बड़ा दुखदाई है।

# रक्तदान महादान, रक्तदान से मिल सकता है किसी को जीवनदान : आनंद

## विश्व विज्ञान दिवस पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा सेव लाइफ ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन



**करनाल, (विसु)।** विश्व विज्ञान दिवस के अवसर पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा रविवार को स्थानीय जरनैली कॉलोनी स्थित सेव लाइफ ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने शिरकत की। उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित किया और इस पुण्य कार्य के लिए धन्यवाद कहा। विधायक ने कहा कि मानवता की सच्ची सेवा ही ईश्वर की सेवा है। मानवता की सेवा के मार्ग अनेक हैं, रक्तदान भी इनमें से एक है। उन्होंने कहा कि मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं है, इसकी पूर्ति केवल रक्तदाताओं द्वारा किए गए रक्तदान से ही की जा सकती है। आए दिन होने वाली सडक दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल होने वाले व्यक्तियों को रक्त की अत्यंत जरूरत रहती है और अन्य गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए भी रक्त की आवश्यकता होती है। इन सभी जरूरतों की पूर्ति का एकमात्र माध्यम रक्तदान शिविर हैं। धार्मिक-सामाजिक संस्थाएं आए दिन रक्तदान शिविरों का आयोजन करके इस पुण्य कार्य को आगे बढ़ा रही हैं।

विधायक ने कहा कि रक्तदान महादान है। अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को इसके लिए आगे आना चाहिए। रक्तदान करके हम आपातकाल स्थिति में किसी जरूरतमंद के जीवन को बचा सकते हैं। ऐसा करने वाले रक्तदाता को भी स्वास्थ्य लाभ मिलता है। इससे उनका रक्तचाप सामान्य रहता है और हृदयाघात की संभावनाएं भी कम हो जाती हैं। कार्यक्रम में विधायक ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाजपा के चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा विधायक को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर में 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व डिप्टी मेयर राजेश अग्गी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ अशोक कुमार, भाजपा जिला संयोजक अमित कुमार, सह-संहयोजक डॉ. महेन्द्र प्रताप, सचिव डॉ विक्रम टुटेजा, डॉ मुकेश कौशिक, कंवरप्रीत बब्बर, राजेश दीवान, दुष्यंत धींगरा, कमल गाबा, नवीन गुंबर, आकाश अरोड़ा, अंकित दाबरा सहित चिकित्सा प्रकोष्ठ से जुड़े अन्य कार्यकर्ता तथा रक्तदाता उपस्थित रहे।

## नशे की खेप के साथ तस्कर गिरफतार, 31.250 किलोग्राम चुरापोस्त बरामद



**करनाल, (विसु)।** आज निसिंग थाना प्रभारी एंव उप निरीक्षक जगदीश कुमार को नशा तस्करी के संबंध में सुचना प्राप्त हुई, जिस पर उन्होंने अपनी टीम के साथ योजनाबद्व तरीके से कार्यवाही करते हुए कल्लाहड़ी रोड़ निसिंग पर नाकाबंदी करके एक एल्टो कार में दो आरोपीयों रजविन्द्र सिंह पुत्र गुरचरण सिंह और जसबीर पुत्र रेशम सिंह निवासी जिला पटियाला, पंजाब को काबू किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से 31.250 किलोग्राम चुरापोस्त बरामद की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रबंधक थाना निसिंग उप निरिक्षक जगदीश कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ थाना निसिंग में एन.डी.पी.एस. एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ पर आरोपियों ने बताया कि वे नशे की इस खेप को रामपूरा यूपी से लेकर आए थे और उन्हें इस खेप को पटियाला लेकर जाना था। उन्होंने कहा कि कल को दोनों आरोपियों को माननीय अदालत के सामने पेशकर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा व दौराने रिमांड आगामी जांच के लिए दोनों को यूपी लेकर जाया जाएगा।

## जालंधर में 300 ग्राम हेरोइन के साथ तीन ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर ग्रामीण पुलिस ने फिल्लौर में सतलुज पुल के पास एक चेकपॉइंट पर मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से 300 ग्राम हेरोइन जब्त की गई।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान लुधियाना के तलवंडी कलां निवासी विनय प्रताप सिंह , अमृतसर के रोरावाला निवासी विशाल सिंह और उसी इलाके के जगदीश सिंह के तौर पर हुई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हरकमल प्रीत सिंह खख ने रविवार को बताया कि सतलुज ब्रिज पर नाके के दौरान फिल्लौर थाने के स्टेशन हाउस ऑफिसर इंस्पेक्टर सुखदेव सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने चार व्यक्तियों के साथ एक मोटरसाइकिल को रोका। चेकपॉइंट पर पहुंचने से पहले एक संदिग्ध भागने में सफल रहा, जबकि अन्य तीन को पकड़ लिया गया। संदिग्धों की तलाशी में 300 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तारी के बाद फिल्लौर पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(सी) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी अमृतसर जिले के बोपाराय गांव से हेरोइन लाकर तलवंडी कलां, लुधियाना और फिल्लौर इलाकों में ग्राहकों को सप्लाई करता था। गौरतलब है कि विशाल सिंह उर्फ ??शालू पर अमृतसर जिले के पुलिस स्टेशन में आधा किलो हेरोइन से जुड़ा एक मामला पहले भी दर्ज है। उनके फरार साथी अजय कुमार पुत्र बलविंदर सिंह निवासी तलवंडी कलां, लुधियाना को पकड़ने के लिए आगे की जांच जारी है। पुलिस की टीमें उसे पकड़ने और क्षेत्र में ड्रग सप्लाई के लिए जिम्मेदार नेटवर्क को खत्म करने के लिए छापेमारी कर रही हैं।

## खरड़ में अर्श दल्ला के दो गुर्गे गिरफ्तार

**चण्डीगढ़।** पंजाब में स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल मोहाली ने एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स और फरीदकोट पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में फरीदकोट में गुरप्रीत सिंह हरि नौ की हत्या में शामिल कनाडा स्थित अर्श दल्ला के दो प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि जांच से पता चला है कि आरोपियों ने 7 नवंबर, 2024 को ग्वालियर, मध्य प्रदेश में अर्श दल्ला के निर्देश पर जसवंत सिंह गिल की भी हत्या की थी। दोनों संदिग्ध अपराध के बाद पंजाब लौट आए, जहां उन्हें खरड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। डीजीपी यादव ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी के साथ, राज्य में एक और संभावित लक्ष्य हत्या को टाला गया है। पुलिस ने उनके पास से दो अत्याधुनिक हथियार बरामद किए हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस संगठित अपराध को खत्म करने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## किसानों की तुलना तालिबान से करने वाले बयान पर स्पष्टीकरण दे भाजपा

**चंडीगढ़।** शिरोमणी अकाली दल (शिअद) ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से यह स्पष्ट करने को कहा है कि क्या पार्टी सांसद रवनीत बिटटू का किसानों के बारे बयान निजी धारणा है यां यह पार्टी का रूख है, जिसमें उन्होने डीएपी खाद की खरीद में कटौती और उसकी कमी के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों की तुलना तालिबान से की है। शिअद के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने यहां एक प्रेस बयान जारी करते हुए कहा, यह बेहद निंदनीय है कि रवनीत बिटटू किसानों की तुलना तालिबान से कर रहे हैं और उन पर झूठे मामले दर्ज करने की धमकी दे रहे हैं, तथा भाजपा इस मुददे पर चुप्पी साधे है। उन्होने कहा कि पार्टी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि बिटटू द्वारा फैलाई जा रही नफरत को पार्टी का समर्थन प्राप्त है यां यह सांसद का निजी एजेंडा है।



श्री मजीठिया ने कहा कि इस तरह की बांटने वाली राजनीति को बढ़ावा देने के बजाय केंद्र सरकार को किसानों की जख्मों पर मरहम लगाने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होने कहा,ह्यह्य हम यह नही भूल सकते कि किसान आंदोलन के दौरान 800 किसान शहीद हुए थे। उन्होने कहा कि हमने हरियाणा पुलिस द्वारा प्रीतपाल सिंह को अगवा किए जाने के बाद अत्याचारों के अलावा खनौरी में शुभकरण का कत्ल होते देखा। उन्होंने कहा कि इसके बाद केंद्र सरकार पंजाब से अनाज उठाने में नाकाम रही, जिसके कारण मंडियों में अनाज की अधिकता हो गई और राज्य के किसानों को डीएपी खाद की आवंटित आपूर्ति भी नही हो पाई। उन्होने कहा, इससे किसानों में अलगाव की भावना पैदा हो रही है, जिन्हे लगता है कि केंद्र सरकार किसान आंदोलन में भाग लेने के लिए उनसे बदला ले रही है। उन्होने केंद्र से धान उठाने और डीएपी की आपूर्ति के मुददे का समाधान करने और स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को पूरी तरह लागू करने का भी आग्रह किया। उन्होने कहा,ह्यह्यफिलहाल दावे किए जा रहे हैं कि स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू किया गया है, जोकि सरासर गलत है और किसानों को धोखा देने के बराबर है।

### कैथल पुलिस स्कूलों व कॉलेजों में बांटेगी फूलों के पौधे

**कैथल।** फ्लावर मैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध डॉ. रामजी जयमल द्वारा दस दिन पूर्व पुलिस लाइन कैथल में बिजाई किए गए फूलों के पौधे अंकुरित हो गए हैं। पौधे तैयार होने के बाद स्कूल कॉलेजों में पुलिस विभाग की ओर से यह पौधे निशुल्क वितरित किए जाएंगे। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि पुलिस लाइन कैथल स्थित कम्युनिटी सेंटर के ग्राउंड में डीएसपी सुशील प्रकाश, सीडीआई एएसआई अजय व अन्य पुलिस कर्मचारियों के सहयोग से क्यारियां तैयार की गई थी। जिनमें डॉ. रामजी जयमल द्वारा लगभग 40 किस्मों के सीजनल फूलों के बीज लगाए गए थे।

## कैथल पुलिस खंगाल रही दो दशक पुराने तस्करों का रिकॉर्ड, सौ ठिकानों पर छापेमारी

**कैथल।** कैथल पुलिस जिला के हर थाने में 20 साल पुराने नशा तस्करों के रिकॉर्ड खंगालने में लग गई है। इस काम के लिए पुलिस की पांच टीमों का गठन किया गया है। तस्करों को निष्क्रिय करने के लिए सूची के आधार पर पुलिस उनके ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। अब तक 100 तस्करों के ठिकानों पर छापेमारी की जा चुकी है। नशा तस्करों को निष्क्रिय करने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से पुलिस विभाग को आदेश मिले हैं। एसएचओ बीर सिंह ने रविवार को बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशों अनुसार आज सुबह शहर में पांच टीमों का गठन किया गया है, जिन्होंने लगभग 100 ऐसे नशा तस्करों के ठिकानों पर छापे मारे हैं जो पिछले 20 साल में नशा तस्करी में एक्टिव रहे है, परंतु पुलिस को कहीं भी कुछ नशे से संबंधित सामग्री नहीं मिली। पुलिस की सख्ती के कारण ऐसा संभव हो पाया है कि लोग नशा तस्करी छोड़ रहे हैं। उन्होंने कुछ ऐसे चिन्हित स्थानों पर लोगों को इकट्ठा किया और



उनसे बातचीत की। उनको समझाया कि नशा तस्करी एक अपराध है जिसको दूर करने के लिए आमजन को भी सरकार का साथ देना होगा। प्रदेश में नशा तस्करों पर सरकार भी पूरी तरह से सख्त हैं, अगर कोई भी व्यक्ति नशा तस्करी में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा जो कोई व्यक्ति नशा तस्कर के खिलाफ पुलिस को इसकी सूचना देगा तो पुलिस द्वारा उसे सम्मानित भी करेगी और उसका नाम भी गुप्त रखा जाएगा।

## कनाडा घटना के बाद एकजुट हुए पंजाब व हरियाणा के खाप और किसान प्रतिनिधि

**रोहतक।** कनाडा में हुई घटना के बाद पंजाब व हरियाणा के खाप और किसान संगठन प्रतिनिधि एकजुट हो गए हैं। इन खाप व किसान संगठन प्रतिनिधियों की रविवार को बैठक हुई। इस बैठक का आयोजन सामाजिक कार्यकर्ता मनोज सिंह दूहन ने यूनियनिस्ट सिख मिशन के बैनर तले किया। बैठक में पंजाब की सिख जत्थेबंदियों ने प्रमुख तौर पर भाग लिया। इस बैठक के दौरान कनाडा सरकार से मांग की है कि कनाडा में पढने के लिए जाने वाले विद्यार्थियों के लिए नियमों में ढिलाई बरती जाए। गौरतलब है कि 3 नवंबर को कनाडा के ब्रैम्पटन के हिंदू सभा मंदिर के बाहर खालिस्तान समर्थकों और हिंदू महासभा के प्रतिनिधियों के बीच झड़प हो गई थी। इस घटना की तस्वीर और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। जिसके बाद से भारत-कनाडा संबंधों में और तनाव बढ गया है। मनोज सिंह दूहन ने जाट युवाओं को आरएसएस की चाल से बचने की हिदायत दी। बैठक में पंजाब से आए किसान नेता अजय पाल सिंह ने कहा कि कनाडा में हुई घटना के बाद पंजाब और हरियाणा के भाईचारे को बांटने का प्रयास किया जा रहा है, जो सही नहीं है। पंजाब और हरियाणा का भाईचारा सदैव कायम रहेगा। कादियान खाप के प्रवक्ता अतर सिंह कादियान ने कहा कि कनाडा सरकार से निवेदन है कि इस मुद्दे को सही तरीके से हल निकाले। उन्होंने कहा कि इस समय वही ताकत सक्रिय हैं, जिन्होंने किसान आंदोलन में भी बरगलाने का काम किया। किसान यूनियन की महिला नेता मोनिका नैन ने कहा कि कनाडा में धर्म के नाम पर राजनीति की जा रही है ताकि पंजाब और हरियाणा का भाईचारा खत्म हो। जिसके पीछे आरएसएस है। वहीं, खाप नेता प्रदीप हुड्डा ने आरोप लगाया कि सरकार अलग-अलग तरीके से भाईचारे को तोड़ने का काम कर रही है। कनाडा का उदाहरण सबके सामने है। ऐसे में भाईचारा कायम रखने के लिए ही बैठक बुलाई गई थी। इस अवसर पर निर्मल सिंह, अमरजीत कपूर उर्फ नीटू सरदार, चंचल नांदल, विक्की सिंह, जयकंवार बुधवार आदि भी मौजूद रहे।

## नाका बंद करने के विवाद में एक की हत्या, एक घायल

**हिसार।** आजाद नगर थाना क्षेत्र के गांव चिड़ौद में जमीनी विवाद के चलते एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। अभी इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। इस संबंध में मृतक के भाई अजमेर सिंह ने रविवार को पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत के अनुसार उसके सगा चाचा रतन सिंह व दूसरे चाचा के लड़के जयपाल के साथ उनका दीवानी मामला अदालत में विचाराधीन है। उसका चाचा रतन सिंह बार-बार जयपाल को हमारे खिलाफ भड़काता रहता है।

इसी के चलते रतन सिंह, जयपाल और जयपाल की पत्नी ने हमारे साथ काफी दिन पहले हमारी पानी की नाली के बारे मे हमारे खेत मे झगड़ा किया और हमारे खेत की पानी की नाली को बंद कर दिया था। इस झगड़े का मुकदमा अब भी अदालत मे चल रहा है। करीब सात आठ महीने पहले जयपाल ने रतन सिंह के कहने से हमारे खेत की नहरी पानी की पक्की नाली का नाक्का बंद कर दिया था। इस बात की शिकायत हमने नहर विभाग के अधिकारियो को दी थी। शिकायत की सुनवाई के बाद उसका फैसला हमारे हक मे आ गया था और अधिकारियों द्वारा



जगपाल द्वारा बंद किये गए हमारे नाक्का को शनिवार को खुलवाया जाना था। इस बारे मे जयपाल को व हमारे को दो दिन पहले ही सूचना दे दी गई थी और शनिवार को नहर विभाग के कर्मचारी व अधिकारी मौके पर नाका खुलवाने के लिये खेत मे आए। उस समय शिकायतकर्ता, उसक पत्नी तारावती, उसका भाई वेदपाल व वेदपाल की पत्नी शारदा सभी मौके पर पहुंचे और जयपाल पहले से ही मौके पर था। रतन सिंह जो मुंबई में रहता है औरजो गांव चिड़ोद आया हुआ था मौके पर पहुंचा। जयपाल और रतन सिंह ने हमारे को नुकसान पहुंचाने की योजना पहले ही बना रखी थी। नहर विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने हमारे को मौके पर बंद नाका को फैसले के अनुसार खोलने के लिये कहा। जब शिकायतकर्ता की पत्नी और मेरे भाई वेदपाल की पत्नी नाके को खोलने लगी तब जयपाल ने इस बात का विरोध करते हुये कहा कि अगर किसी ने भी नाका खोला तो वह जान से मार देगा। इसी दौरान जयपाल ने अपने हाथ मे लिया हुआ लकडी का मोगरा उसके भाई वेदपाल के सिर मे मारा। चोट लगते ही उसका भाई वेदपाल जमीन पर गिर गया। जब शिकायतकर्ता अपने भाई को उठाने के लिये उसकी तरफ जाने लगा तो जयपाल ने रास्ता रोक लिया और उसने मेरे भी सिर में उसी मोगरे से चोट मारी। चोट की वजह से हम दोनों भाइयो के सिर से काफी खून निकल गया। झगडे का शोर सुनकर वहां पर काफी लोग आते हुए दिखाई दिए जिस पर जयपाल हमें जान से मारने की धमकी देकर यह कहते हुए भाग गया कि वेदपाल को जान से मार दिया जो तुम्हारा घर का मुखिया था। सूचना पाकर शिकायतकर्ता का लड़का सुधीर साधन की व्यवस्था करके मौके पर पहुंचा और शिकायतकर्ता व उसके भाई वेदपाल को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में इलाज के दौरान रात को वेदपाल की मौत हो गई।

## युवा महोत्सव विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभाओं को सशक्त बनाने का मंच: राजबीर सिंह

**रोहतक।** युवा महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के भीत छिपी हुई प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें सशक्त बनाने का सशक्त मंच है। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने आज अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में एमडीयू के फरीदाबाद-झज्जर जोन के जोनल यूथ फेस्टिवल का का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। इस तीन दिवसीय सांस्कृतिक-साहित्यिक महोत्सव में रविवार को पहले दिन 40 कॉलेजों के 700 विद्यार्थियों ने 20 इवेंट्स में हिस्सा लिया। कुलपति युवाओं को देश का भविष्य बताते हुए उनसे राष्ट्र निर्माण में अपना अहम योगदान देने का आह्वान किया। भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा डा. शरणजीत कौर ने बतौर विशिष्ट अतिथि इस युवा उत्सव के उद्घाटन सत्र में शिरकत की और अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर कार्यक्रम में शामिल हुए। निदेशक युवा कल्याण डा. प्रताप राठी ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया और युवा उत्सव की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। आयोजन सचिव डा. सुप्रिया हांडा ने बताया कि यूथ फेस्टिवल के आयोजन के लिए महाविद्यालय में छह स्टेज बनाए गए हैं। पहले दिन सभी छह स्टेजों पर इवेंट आयोजित किए गए। इस फेस्टिवल में फरीदाबाद, पलवल व झज्जर जिले के कॉलेजों से छात्र हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन जनरल डांस इवेंट से फेस्टिवल की शुरूआत हुई। मुख्य स्टेज पर ग्रुप डांस जनरल, क्लासिकल डांस, हरियाणवी स्किट व माइम इवेंट हुए। दूसरे स्टेज पर सिंग फॉर परेंट्स, टीचर एंड सोल्जर्स व संस्कृत नाटक, तीसरे स्टेज पर गीत, गजल, भजन, फोक सॉन्ग व क्लासिकल म्यूजिक के तीन इवेंट हुए। चौथे स्टेज पर हिंदी कविता पाठ, क्विज व इंग्लिश कविता पाठ की प्रतियोगिताएं हुई। पांचवें स्टेज पर ऑन द स्पॉट पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, कार्टूनिंग व छठे स्टेज पर संस्कृत संभाषण, संस्कृत श्लोकोच्चारण और उर्दू कविता पाठ की प्रतियोगिताएं हुई। यूथ फेस्टिवल में इस बार छात्रों को नशा मुक्ति को लेकर भी जागरूक किया गया।

# एक नजर

## भाई बहन के बीच अटूट संबंध का प्रतीक है सामाचकेवा: मुख्यमंत्री




**जनकपुरधाम,संवाददाता।** सामा चकेवा भाई बहन के बीच अटूट का संबंध का प्रतीक है। उपरोक्त बातें मधेश प्रदेश के मुख्यमंत्री सतीश कुमार सिंह ने रविवार को नेपाल ललित कला प्रज्ञा प्रतिष्ठान तथा मैथिली विकास कोष द्वारा आयोजित सामा चकेवा मूर्ति कला निर्माण कार्यशाला के उद्घाटन के बाद प्रमुख अतिथि पद से बोलते हुए कही। उन्होंने कहा कि मिथिला मधेश के पर्वों को सामाजिक संबंध को सृदृढ बनने तथा नयी पीढ़ी को अनुशासन तथा समूहबद्ध होकर काम करने के संस्कार तथा चेतना देने के साथ असल जीवन शैली के अभ्यास हेतु प्रेरित करें। नेपाल ललित कला प्रज्ञा प्रतिष्ठान के कुलपति नारद मुनि हार्तम्छाली ने कहा कि सामा चकेवा सहित अन्य मूर्तियां का निर्माण कर कलाकार को जीवकोपार्जन का अच्छा आय का स्त्रोत बन सकता है। जीवनाथ चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न उद्घाटन कार्यक्रम में विधायक राम सरोज यादव,बरिष्ठ साहित्यकार राजेंद्र विमल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपने अपने विचार रखें।

## कोरिया जिले में बाघ के मृत होने की सूचना पर वन विभाग सतर्क

**रायपुर।** कोरिया जिले में एक बाघ की मौत की खबर ने वन विभाग को सतर्क कर दिया है। आज रविवार को गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के संचालक एवं वनमण्डलाधिकारी बैकुंठपुर ने इस सम्बंध में जानकारी दी है कि, 8 नवम्बर 2024 को दोपहर एक बजे ग्रामीणों से परिसर रक्षक गरनई को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कटवार के पास खनखोपड़ नाला के किनारे एक बाघ की मृत्यु हुई है। घटना स्थल बीट गरनई, सर्किल रामगढ़, परिक्षेत्र सोनहत, कोरिया वनमण्डल के असीमांकित वनक्षेत्र के समीप है। संबंधित वनरक्षक के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। तत्काल वन मण्डलाधिकारी कोरिया, संचालक गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान बैकुन्ठपुर, उप वनमण्डलाधिकारी उत्तर बैकुन्ठपुर, मुख्य वन संरक्षक सरगुजा वन वृत्त अम्बिकापुर, वन संरक्षक (वन्यप्राणी) सरगुजा मौके पर पहुंचे। वन विभाग के कर्मचारियों की टीम के द्वारा घटना स्थल के आसपास डेढ़ से दो किलोमीटर परिधि में तलाशी की गई। प्रारंभिक जांच में यह पाया गया कि, बाघ का शव दो-तीन दिन पुराना था। 9 नवम्बर को वन विभाग, पुलिस, एनटीसीए प्रतिनिधि और ग्रामीणों की उपस्थिति में चार सदस्यीय पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा बाघ का पोस्टमार्टम किया गया। जांच में यह भी पाया गया कि बाघ के स्किन, नाखून, दाँत और अन्य सभी अंग सुरक्षित थे, किसी भी प्रकार का अंग-भंग नहीं हुआ था। पोस्टमार्टम के बाद बाघ का दाह संस्कार कर दिया गया और उसके महत्वपूर्ण अंगों को प्रयोगशाला परीक्षण के लिए संरक्षित किया गया। इस मामले में गोमर्दा अभ्यारण्य के डॉग स्क्वायड और वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा आसपास के क्षेत्रों में सघन जांच की गई। सम्पूर्ण कार्यवाही के दौरान अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) रायपुर उपस्थित रहे एवं समस्त वन अधिकारियों व कर्मचारियों को अपराधियों की पतासाजी करने एवं वाइल्ड लाइफ क्राइम की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

## नेपाल के पूर्व गृह मंत्री रवि लामिछाने की पुलिस रिमांड चौथी बार बढ़ाई गई



**काठमांडू।** सहकारी घोटाले में गिरफ्तार नेपाल के पूर्व गृह मंत्री रवि लामिछाने की पुलिस रिमांड एक बार फिर 13 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। यह चौथी बार है, जब पूर्व गृहमंत्री की पुलिस रिमांड बढ़ाई गई है। पोखरा पुलिस की हिरासत में रहे पूर्व गृह मंत्री रवि लामिछाने को आज जिला अदालत कास्की में पेश किया गया। न्यायाधीश नवराज दहाल की बेंच ने लामिछाने की पुलिस रिमांड 13 दिनों के लिए बढ़ा दी। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि उनसे सहकारी घोटाले के अलावा ठगी और संगठित अपराध के बारे में भी पूछताछ करनी है, जिसके रिमांड पर लिया जाना जरूरी है। नेपाल के कानून के मुताबिक संगठित अपराध का आरोप लगने पर किसी भी व्यक्ति को न्यूनतम 60 दिनों की पुलिस हिरासत में रखा जा सकता है। दरअसल, सहकारी घोटाला में रवि लामिछाने को 19 सितंबर को उनके पार्टी दफ्तर से गिरफ्तार किया गया था। पहली बार उन्हें 7 दिनों की पुलिस रिमांड पर भेजा गया था। उसके बाद हर बार कभी 13 दिन तो कभी 15 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। आज चौथी बार रवि लामिछाने की रिमांड अवधि बढ़ाई गई है। इधर पोखरा से जमानत मिलते ही उनको बुटवल पुलिस के हवाले किया जाएगा, क्योंकि वहां भी एक दूसरे सहकारी बैंक के घोटाले में भी लामिछाने नामजद अभियुक्त हैं।

## हसीना की पार्टी की छात्र इकाई के कार्यकताओं का आज ढाका में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने के करीब तीन महीने बाद अवामी लीग की छात्र इकाई ने रविवार को राजधानी ढाका में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। हालांकि, मुहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार ने विरोध प्रदर्शन करने के खिलाफ अवामी लीग को सख्त चेतावनी जारी की है। शनिवार को यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने अवामी लीग को फासिस्ट पार्टी बताते हुए कहा कि इसे बांग्लादेश में विरोध प्रदर्शन की इजाजत नहीं दी जाएगी। उनका कहना है कि शेख हसीना के आदेश पर रैलियां निकालने वालों के खिलाफ कानूनी एजेंसियां कठोर कार्रवाई करेंगी। अंतरिम सरकार देश में किसी भी हिंसा या कानून-व्यवस्था की स्थिति को बिगाड़ने के प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगी। उल्लेखनीय है कि मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने पिछले महीने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग की छात्र इकाई स्टूडेंट लीग पर आतंकवाद विरोधी कानून के तहत प्रतिबंध लगा दिया था। दावा किया गया कि संगठन की गतिविधियां सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा हैं। अंतरिम सरकार ने आवामी लीग को भी फासिस्ट बताते हुए उसपर प्रतिबंध लगाने की हिमायत की। सरकार के इस फैसले के खिलाफ आवामी लीग की छात्र इकाई ने आज ढाका में विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। गौरतलब है कि इसी साल जून में बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में हुए कोटा सुधार आंदोलन के बाद बनाए गए सरकारी फैसले को पलटते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों के लिए 30 प्रतिशत कोटा दोबारा बहाल कर दिया। इससे आम छात्रों में इस कदर नाराजगी फैली कि उसने हिंसक रूप ले लिया। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि 5 अगस्त को देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़ कर जाना पड़ा।

# मुजफ्फरपुर में पूर्व सरपंच हत्याकांड: दो शूटर अरेस्ट

**मुजफ्फरपुर,संवाददाता।** मुजफ्फरपुर में मीनापुर थाना क्षेत्र के नेउरा में पिछले 24 अगस्त को पूर्व सरपंच विजय कुमार के सिर पर गोली मारकर हत्या कर देने के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है, जहां किराना दुकानदार की लूट के दौरान तीन लोगों को गोली मारने के मामले में आरोपित दो शातिर अपराधियों को विश्वकर्मा चौक के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने ये कार्रवाई वाहन चेकिंग के दौरान की।

दरअसल पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी एक बाइक पर सवार होकर दोनों शातिर अपराधी हथियार से लैश होकर जा रहे थे। एक बदमाश की कमर से पिस्टल और दूसरे की कमर से 9 टट की दो कारतूस बरामद हुई। नेउरा मे अपराधियों ने तीन लोगों को गोली मार दी थी। अपने भाई की दुकान में लूटपाट का विरोध करने पर पूर्व सरपंच विजय कुमार उर्फ विजय प्रताप की भी गोली मारकर लखिन्द्र नेपाली गैंग गिरोह ने हत्या कर दी थी। लखिन्द्र औराई के रतवारा गांव का रहने वाला था। इस मामले में पुलिस ने दो शूटर को गिरफ्तार कर लिया है, जिनकी पहचान झपहां डीह गांव के बिट्टू साहनी और छोटू उर्फ धर्मेंद्र के रूप में हुई है। घटना में इस्तेमाल की गई बाइक को भी जब्त कर लिया गया है। ग्रामीण रढ विद्यासागर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस घटना में लखिन्द्र नेपाली और शिवम झा भी शामिल थे। इस गिरोह के



अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दस दिनों से नेपाल में कैंप लगा रही थी।

इसी बीच जब पुलिस विश्वकर्मा चौक के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी बीच झपहां की ओर से बाइक सवार दो अपराधी तेजी से पहुंचे। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो भागने की कोशिश करने लगे। इस दौरान पुलिस ने शातिर बिट्टू सहनी और छोटू उर्फ धर्मेंद्र को दबोच लिया। जांच के दौरान जब उनकी तलाशी ली गई, तो एक के कमर से पिस्टल और दूसरे के जेब से 9 टट बोर की दो कारतूस बरामद हुई। पूछताछ की गई तो पता चला कि ये दोनों लखिन्द्र नेपाली गैंग के शूटर हैं। इन दोनों ने ही लखिन्द्र और शिवम झा के साथ मिलकर पूर्व सरपंच को गोली मारी थी। बताया कि फिलहाल देखने से घटना की वजह लूटपाट का विरोध करना सामने आई है. बिट्टू और छोटू को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। बीते 26 अगस्त को करीब 7:45 मिनट पर दो बाइक से आए चार लोग आए। इनमें से दो शूटर बाइक से उतरकर नंदलाल साह के घर स्थित किराना दुकान में गए, जहां नंदलाल शाह और उनके बेटे नीरज कुमार को गोली मार दी। इसके बाद बाहर निकले दोनों शूटर बाइक लगाकर खड़े अपने दो साथियों के साथ भागे, तब पूर्व सरपंच विजय कुमार ने अपराधियों को सड़क की दूसरी साइड से आकर घेरने की कोशिश की तो इस पर अपराधियों ने विजय के सिर में भी गोली मार दी।

## सिविल सेवा मातृभूमि की सेवा करने का एक पवित्र मार्ग है: राज्यपाल

**गुवाहाटी।** असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने कहा कि सिविल सेवा मातृभूमि की सेवा करने का एक पवित्र मार्ग है और सिविल सेवक सरकार और जनता के बीच एक मजबूत सेतु हैं जो कल्याणकारी राष्ट्र की इमारत को मजबूत करने के लिए सरकार की नीतियों और योजनाओं के कार्यान्वयन में मदद करते हैं। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने ये बातें रविवार को यहां कृष्णकांत हैंडिक राज्य मुक्त विश्वविद्यालय के सभागार में ह्यराज्यपाल असम की प्रतिभा प्रोत्साहन योजनाह्न के तहत असम के सिविल सेवा परीक्षा के लिए चयनित उम्मीदवारों के लिए परामर्श और तैयारी मार्गदर्शन सत्र में भाग लेने के दौरान कही। राज्यपाल ने सत्र में हिस्सा लेने से पूर्व कृष्णकांत हैंडिक की 12 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया और पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत केकेएचएसओयू के परिसर में एक पौधा भी लगाया। यह प्रतिमा विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय स्टेट बैंक की सहायता से स्थापित की गई है।

राज्यपाल ने कहा कि जब हमारे युवा मातृभूमि की सेवा करने का सपना देखते हैं, तो बदले में हमें भी उन्हें अपने सपने को साकार करने का अवसर प्रदान करने की जिम्मेदारी महसूस करनी चाहिए। राज्यपाल असम की प्रतिभा प्रोत्साहन योजना के माध्यम से, हम न केवल असम के युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग प्रदान कर रहे हैं, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा रहे हैं और उन्हें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि कार्यक्रम के तहत युवाओं की प्रतिभा को निखारने, उनके और राज्य के भविष्य को आकार देने और इच्छुक उम्मीदवारों को वित्तीय सहायता और मार्गदर्शन प्रदान करके सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में उचित मार्गदर्शन सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह कार्यक्रम 2047 तक विकसित भारत की नींव को मजबूत करने में सहायक होगा। राज्यपाल आचार्य ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने अंदर "राष्ट्र प्रथम" की भावना बनाए रखें।

राज्यपाल ने कहा कि जब किसी देश के युवा "राष्ट्र प्रथम" की सोच के साथ आगे बढ़ते हैं, तो दुनिया की कोई भी ताकत उन्हें मातृभूमि के लिए अपनी सेवाएं देने से नहीं रोक सकती। राज्यपाल ने कहा, "साथ ही, हमें अपनी संस्कृति, अपनी सभ्यता और अपने मूल्यों को संरक्षित और पोषित करना चाहिए। हमें अपने अतीत के गौरव को पुनर्जीवित करने, अपनी विरासत को समृद्ध करने और अपनी शिक्षा और प्रौद्योगिकी को आधुनिक बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने चाहिए।

## नेपाल: जापान के एयरपोर्ट से डिपोर्ट किए गए कोशी सरकार के गृह मंत्री मानव तस्करी के आरोप में गिरफ्तार

**काठमांडू।** कोशी प्रदेश सरकार के गृह मंत्री को रविवार दोपहर में नेपाल पुलिस ने विराटनगर स्थित उनके निवास से मानव तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। कुछ दिन पहले ही उन्हें जापान के एक विमानस्थल से डिपोर्ट करके नेपाल लाया गया था। इन मंत्री पर अवैध तरीके से जापान जाने और अपने साथ कुछ लोगों को ले जाने का आरोप है। इन मंत्री के साथ जापान गए लोगों को वहीं पर सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार कर लिया है।

कोशी प्रदेश के गृह मंत्री लीला वल्लभ कोइराला ने आज अपनी गिरफ्तारी से पहले ही प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। गिरफ्तारी के बाद कोइराला को विमान से काठमांडू भेजा गया है। सरकार की स्वीकृति के बगैर जापान जाने को लेकर गृह मंत्री कोइराला की काफी आलोचना हो रही थी। वह टोक्यो में आयोजित एक कल्चरल कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कुछ लोगों के साथ जापान गए थे। गैर कानूनी दस्तावेज बनाकर अनधिकृत रूप से लोगों को विदेश ले जाने के कारण ही उन्हें टोक्यो विमानस्थल से नेपाल के लिए डिपोर्ट कर दिया गया था, जबकि उनके साथ गए चार लोगों को फर्जी दस्तावेज के साथ वहीं गिरफ्तार किया गया है। विराटनगर पुलिस के एसपी नारायण प्रसाद चिमारीया ने बताया कि जापान के इमिग्रेशन से कोइराला को डिपोर्ट किए जाने की औपचारिक जानकारी मिलने के बाद यहां उनके खिलाफ मामले की जांच शुरू की गई। इसी दौरान पुलिस ने मंत्री को जापान के लिए फर्जी निमंत्रण पत्र देने और अन्य लोगों को जापान भेजने में सहयोग करने के आरोप में विराटनगर से गिरफ्तार किया गया है। काठमांडू में केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो के आग्रह पर प्रदेश के गृह मंत्री लीला वल्लभ कोइराला को गिरफ्तार करके काठमांडू भेजा जा रहा है। यह पहली बार है जब मानव तस्करी के आरोप में मंत्री पद पर रहे किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

## अररिया में नहर टूटने से मुश्किल में किसान

□सैकड़ों एकड़ में लगा धान बर्बाद □एक साल में तीसरी बार टूटी





**अररिया,संवाददाता।** अररिया जिले के रानीगंज में बगुलाहा से खरसायी जाने वाली नहर के टूटने से सैकड़ों एकड़ में लगी धान की फसलें बर्बाद हो गयी। नहर टूटते ही पानी खेतों में तेजी से फैलने लगा, जिससे खेतों में लगे धान की पकी फसल बर्बाद होने लगी। इधर नहर टूटने से यहां के किसानों में आक्रोश पनप रहा है। स्थानीय किसान मनीष यादव, सुकाय शर्मा, जनार्दन यादव आदि ने बताया कि एक तो हम लोग किसी तरह पटवन कर रोपनी किये, कुछ दिन पहले बेमौसम बारिश ने धान की फसल को काफी हद तक बर्बाद कर दिया अब नहर टूटने से धान की पकी फसल बर्बाद हो रही है। आखिर हम लोगों को इस फसल की क्षति का कौन मुआवजा देगा।

स्थानीय समाजसेवी मनीष यादव ने बताया कि नहर टूटने के बाद सिंचाई विभाग के कर्मियों को सूचना दी गयी थी लेकिन काफी समय तक पानी बंद नहीं किया गया। जिसके कारण दर्जनों किसानों के सैकड़ों एकड़ खेतों में लगी धान की फसल बर्बाद हो गयी। बगुलाहा से खरसायी जाने वाली नहर इसी साल दो बार टूट चुकी है। दोनों बार नहर टूटने से धान और पटवन की फसल को भारी नुकसान पहुंचा था।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ समय पहले खरसायी सायफन का मरम्मत किया गया था। घटिया किस्म की सामग्री के इस्तेमाल की बात भी सामने आई थी। सायफन के पास ही इसी साल 14 जुलाई और 23 अगस्त को नहर टूटा थी। इधर सिंचाई विभाग कनीय अभियंता अमित कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पानी बंद करवा दिया गया था। छठ को लेकर लोगो के कहने पर नहर में पानी छोड़ा गया था।

## कालिदास समारोह की श्यामलादण्डकम पाठ से हुई औपचारिक शुरूआत

**उज्जैन।** भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में रविवार को 66वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह-2024 की औपचारिक शुरूआत मां गढ़कालिका की आराधना से हो गई है। इस अवसर पर कालिदास संस्कृत अकादमी के बैनर तले विद्यालय, गुरुकुल एवं अन्य संस्थाओं के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक श्यामलादण्डकम का पाठ किया। समारोह की पारंपरिक शुरूआत देव प्रबोधिनी एकादशी पर 12 नवंबर को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में होगा। कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. गोविन्द गन्धे ने बताया कि प्रतिवर्ष की परम्परा के अनुसार अखिल भारतीय कालीदास समारोह के औपराचरिक शुरूआत के बाद इस वर्ष भी वागर्चन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर महाकालेश्वर शोध एवं वैदिक प्रशिक्षण संस्थान, महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, शासकीय आर्दश संस्कृत विद्यालय मोहन नगर, भारतीय गुरुकुल के विद्यार्थियों सहित संस्कृत के विद्वान, गणमान्य नागरीक एवं संत सुन्दरदास संस्थान के सभी पदाधिकारी एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

## हिमाचल में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं : यादविंदर गोमा

**धर्मशाला।** आयुष, युवा सेवायें एवं खेल मंत्री, यादविंदर गोमा ने कहा कि हिमाचल सरकार, खिलाड़ियों को उचित सम्मान प्रदान करने के साथ-साथ खेलों तथा खिलाड़ियों के लिये आधारभूत ढांचे के विकास के लिये गंभीरता से प्रयास कर रही है। रविवार को आयुष, युवा सेवायें एवं खेल मंत्री, ग्राम पंचायत भट्टू में भट्टू बैडमिंटन क्लब द्वारा आयोजित बैडमिंटन टूनार्मेंट 2024 के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे।

उन्होंने भट्टू विलेज क्लब को बैडमिंटन का शानदार टूनार्मेंट आयोजन गांव में करने सराहना की। उन्होंने क्लब के सभी सदस्यों और गांव वासियों को बधाई दी। गोमा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व प्रदेश के इतिहास में पहली बार हिमाचल प्रदेश सरकार ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को मिलने वाली पुरस्कार राशि को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक, शीतकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 5 करोड़ रुपये, सिल्वर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 3 करोड़ और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 2 करोड़ रुपये प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है और प्रदेश के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं में बढ़ती नशाखोरी सरकार और समाज के समक्ष बड़ी चुनोती है और खेलों के माध्यम से ही युवाओं को नशाखोरी से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भट्टू विलेज क्लब अपने स्तर पर खेलों का आयोजन कर युवा पीढ़ी को खेलों से जोड़ रहा है यह बहुत सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि क्लब द्वारा गांव में इंडोर बैडमिंटन कोर्ट के लिये बधाई के पात्र हैं। उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट के जीर्णोद्धार के लिये हरसम्भव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट की फ्लोरिंग के लिये धनराशि उपलब्ध करवाने की घोषणा की। इससे पहले प्रतियोगिता के कन्वीनर अरुण राणा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में अंडर 15 और अंडर 19, वेटरन्स, ओपन सिंगल, ओपन डबल, लड़कियों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कपूर क्लब कांगड़ा की टीम रही और उपविजेता अशीम एवम अशिव नालागढ़ की टीम रही। सिंगल प्रतियोगिता में प्रथम करण कांगड़ा और साहिल उपविजेता रहे।

## हिंदू मंदिर में हमला मामले में एक और आरोपित गिरफ्तार

**ब्रैम्पटन।** कनाडा के ब्रैम्पटन में पिछले दिनों एक हिंदू मंदिर में किए गए उपद्रव को लेकर पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान खालिस्तान समर्थक इंद्रजीत गोसाल (35) के रूप में हुई है। हथियार से हमले के आरोपित इंद्रजीत गोसाल को 8 नवंबर को गिरफ्तार किया था। हालांकि उसे बाद में कुछ शर्तों पर रिहा कर दिया गया। उसे बाद में ब्रैम्पटन में ओन्टारियो कोर्ट ऑफ जस्टिस में पेश होना है। कनाडा की पील पुलिस ने अपने बयान में कहा कि इस अपराध में शामिल और संदिग्धों की पहचान व गिरफ्तारी के लिए घटना के करीब एक सौ वीडियो की जांच की जा रही है। इन वीडियो में लोग झंडे और डंडों का इस्तेमाल कर दूसरे लोगों पर हमला करते दिख रहे थे। उल्लेखनीय है कि 3 नवंबर को खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों ने ओंटारियो के ग्रेटर टोरंटो क्षेत्र के ब्रैम्पटन शहर स्थित हिंदू सभा मंदिर में लोगों पर हमला कर दिया था। खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारियों ने मंदिर अधिकारियों और भारतीय वाणिज्य दूतावास की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बाधा डाली थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट साझा कर हमले की निंदा की थी। इसके अलावा भारतीय उच्चायोग ने कनाडा में एक वाणिज्य दूतावास शिविर के बाहर "भारत विरोधी" तत्वों द्वारा किए गए हिंसक व्यवधान की निंदा की।

## छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य के क्षेत्र में वरदान साबित हो रहे हैं आयुष्मान आरोग्य मंदिर




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए राज्य सरकार बेहद संवेदनशील है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए स्वास्थ्य बजट को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य सेवाओं को सजग रूप से आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। राज्य स्तर पर डीकेएस और मेकाहारा जैसे अस्पताल अत्याधुनिक तकनीकों से लैस हो रहे हैं तो वहीं संभाग स्तर पर सुपर स्पेशिलिटी अस्पतालों का कार्य निरंतर जारी है।

इसी तरह से जिले और ब्लाक स्तर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर राज्य के लोगों की सेहत का विशेष ध्यान रख रहे हैं। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में कुल 400 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं। ये आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुर्वेद के मूलभूत सिद्धांतों की सामान्य जानकारी एवं रोगों के घरेलू उपचार तथा औषधियों की जानकारी प्रदान करने में बेहद मददगार साबित हो रहे हैं । इसके अंतर्गत संपूर्ण 12 सेवाओं का आयुष पद्धति के माध्यम से क्रियान्वयन किया जा रहा है जिससे मरीजो को लगातार लाभ मिल रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में योग प्रशिक्षकों के माध्यम से जनसामान्य को दैनिक योगाभ्यास हेतु प्रेरणा एवं प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है ताकि मरीज शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से स्वस्थ रहें।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) द्वारा निरंतर मरीजों का इलाज किया जा रहा है एवं उनकी देखभाल की जा रही है। राज्य सरकार की इस पहल से लोगों को लगातार लाभ भी मिल रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सालाना 1 करोड़ 38 लाख ओपीडी और मासिक 3 लाख एनसीडी मरीजों का इलाज हो रहा है जो अपनी सफलता की कहानी स्वयं बयां करता है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में प्रदान की जाने वाली मुख्य 12 स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान देखभाल, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, बाल एवं किशोर स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, परिवार नियोजन गर्भनिरोधक सेवाएं और अन्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम सहित संचारी रोगों का प्रबंधन, सामान्य संचारी रोगों का प्रबंधन तथा तीव्र साधारण बीमारियों और छोटी बीमारियों के लिए बाह्य रोगी देखभाल शामिल हैं। इसी तरह से गैर संचारी रोगों की जांच, रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन, सामान्य नेत्र और ईएनटी समस्याओं की देखभाल, बुनियादी मौखिक स्वास्थ्य देखभाल, वृद्धजन एवं उपशामक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं तथा मानसिक स्वास्थ्य बीमारियों की जांच और बुनियादी प्रबंधन जैसी सेवाएं भी शामिल हैं।

# मोदी सरकार में निजी निवेश, व्यापक उपभोग पटरी से उतरे: कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने रविवार को दावा किया कि भारत लगातार आय में स्थिरता के कारण 'मांग संकट' का सामना कर रहा है।



मुख्य विपक्षी दल ने कहा कि संप्रग सरकार के दौरान लगातार जीडीपी वृद्धि को गति देने वाला निजी निवेश और व्यापक उपभोग का 'दोहरा इंजन' मोदी सरकार के पिछले दस वर्षों में 'पटरी से उतर गया' है।

कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने सरकार से कहा कि वह कांग्रेस के प्रस्तावों को स्वीकार करे, जिसमें ग्रामीण भारत में आय वृद्धि को गति देने के लिए मनरेगा मजदूरी को न्यूनतम 400 रुपये प्रतिदिन तक बढ़ाना, किसानों के लिए एमएसपी और ऋण माफी की गारंटी देना तथा महिलाओं के लिए मासिक आय सहायता योजना शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि समय बीतने के साथ ही भारत के घटते उपभोग की त्रासदी अधिक स्पष्ट होती जा रही है।

उन्होंने एक बयान में कहा कि पिछले सप्ताह, भारतीय उद्योग जगत के कई सीईओ ने 'सिकुड़ते' मध्य वर्ग पर चिंता जताई थी और अब, नाबार्ड के अखिल भारतीय ग्रामीण वित्तीय समावेशन सर्वेक्षण (एनएएफआईएस) 2021-22 के नए आंकड़े भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारत के मांग संकट की वजह लगातार आय में स्थिरता है।

रमेश ने सर्वेक्षण के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि औसत मासिक घरेलू आय कृषि परिवारों के लिए 12,698 रुपये से 13,661 रुपये और गैर-कृषि परिवारों के लिए 11,438 रुपये है।

उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अनुमानित प्रति व्यक्ति आय 2,886 रुपये प्रति माह है, जो प्रतिदिन 100 रुपये से भी कम है। इसलिए ज्यादातर भारतीयों के पास बुनियादी जरूरतों के अलावा विवेकाधीन उपभोग के लिए बहुत कम पैसा है।

उन्होंने दावा किया, 'लगभग हर सबूत इसी निष्कर्ष की ओर इशारा करते हैं कि औसत भारतीय आज 10 साल पहले की तुलना में कम खरीद सकता है। यह भारत की खपत में मंदी का मूल कारण है।'

श्रम ब्यूरो के वेतन दर सूचकांक के आंकड़ों का हवाला देते हुए, रमेश ने कहा कि 2014 से 2023 के बीच मजदूरों की वास्तविक मजदूरी स्थिर रही और वास्तव में 2019 से 2024 के बीच इसमें गिरावट आई।

उन्होंने कृषि मंत्रालय के कृषि सांख्यिकी आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि मनमोहन सिंह के कार्यकाल में कृषि मजदूरों की वास्तविक मजदूरी हर साल 6.8 प्रतिशत बढ़ी।

रमेश ने कहा, 'मोदी के कार्यकाल में कृषि मजदूरों की वास्तविक मजदूरी हर साल -1.3 प्रतिशत घटी।'

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण श्रृंखला के आंकड़ों का हवाला देते हुए, रमेश ने कहा कि समय के साथ औसत वास्तविक आय 2017 से 2022 के बीच स्थिर रही है।

उन्होंने सेंटर फॉर लेबर रिसर्च एंड एक्शन के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया कि ईंट भट्टों में काम करने वाले श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी 2014 से 2022 के बीच स्थिर रही या कम हो गई।

उन्होंने दावा किया कि खपत में यह मंदी हमारी मध्यम अवधि और दीर्घकालिक आर्थिक क्षमता को नष्ट कर रही है।

रमेश ने दलील दी कि खपत में पर्याप्त वृद्धि के बिना भारत का निजी क्षेत्र नए उत्पादन में निवेश करने के लिए इच्छुक नहीं होगा।

## शीर्ष 10 सर्वाधिक मूल्यवान कंपनियों में छह का बाजार पूंजीकरण 1.55 लाख करोड़ रुपये घटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की शीर्ष 10 कंपनियों में छह का कुल मूल्यांकन पिछले सप्ताह 1,55,721.12 करोड़ रुपये घट गया। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ।

पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 237.8 अंक या 0.29 फीसदी की गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार मूल्यांकन घट गया। दूसरी ओर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस और भारतीय स्टेट बैंक को फायदा हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 74,563.37 करोड़ रुपये घटकर 17,37,556.68 करोड़ रुपये रह गया। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 26,274.75 करोड़ रुपये घटकर 8,94,024.60 करोड़ रुपये रह गया।

इसी तरह आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 22,254.79 करोड़ रुपये घटकर 8,88,432.06 करोड़ रुपये और आईटीसी का मूल्यांकन 15,449.47 करोड़ रुपये घटकर 5,98,213.49 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी के बाजार पूंजीकरण में 9,930.25 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में 7,248.49 करोड़ रुपये की कमी हुई।

दूसरी ओर टीसीएस का मूल्यांकन 57,744.68 करोड़ रुपये बढ़कर 14,99,697.28 करोड़ रुपये हो गया। इंफोसिस का मूल्यांकन 28,838.95 करोड़ रुपये बढ़कर 7,60,281.13 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 19,812.65 करोड़ रुपये बढ़कर 7,52,568.58 करोड़ रुपये हो गया।

रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। इसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान है।

# महंगाई आंकड़ों पर रहेगी बाजार की नजर

**मुंबई, एजेंसी।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह गिरावट में रहे घरेलू शेयर बाजार की नजर अगले सप्ताह अक्टूबर के जारी होने वाले खुदरा एवं थोक महंगाई आंकड़ों पर रहेगी।



बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 237.8 अंक अर्थात 0.3 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 79486.32 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 156.15 अंक यानी 0.64 प्रतिशत कमजोर होकर 24148.20 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी बिकवाली का दबाव रहा। इससे मिडकैप 204.36 अंक अर्थात 0.44 प्रतिशत टूटकर सप्ताहांत पर 46080.07 अंक और स्मॉलकैप 708.75 अंक यानी 1.3 प्रतिशत का गोता लगाकर 54913.85 अंक रह गया।

विश्लेषकों के अनुसार, स्थानीय स्तर पर अगले सप्ताह अक्टूबर 2024 की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई और थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई के आंकड़े जारी होने वाले हैं। निवेशकों की महंगाई आंकड़ों पर नजर रहेगी।

इनके अलावा वैश्विक स्तर पर मध्य-पश्चिम तनाव, डॉलर सूचकांक, कच्चे तेल की कीमत और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश प्रवाह की भी बाजार को दिशा देने में अहम भूमिका रहेगी। नवंबर में अबतक एफआईआई ने बाजार में कुल 19,849.53 करोड़ रुपये की बिकवाली की है वहीं इस अवधि में घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) 14,014.18 करोड़ रुपये के लिवाल रहे।

बीते सप्ताह बाजार में तीन दिन गिरावट जबकि दो दिन तेजी रही। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की अनिश्चितता से फेड रिजर्व की ब्याज दर में संभावित कटौती का निर्णय प्रभावित होने की आशंका में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से सोमवार को सेंसेक्स 941.88 अंक की भारी गिरावट के साथ 78,782.24 अंक और निफ्टी 309.00 अंक का गोता लगाकर 23,995.35 अंक पर बंद हुआ। वहीं, अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के दिन विश्व बाजार में रही तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर धातु, बैंकिंग, कमोडिटीज, वित्तीय सेवाएं और तेल एवं गैस समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 694.39 अंक की तेजी के साथ 79,476.63 अंक और निफ्टी 217.95 अंक की छलांग लगाकर 24,213.30 अंक हो गया। इसी तरह रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जीतने के दावे से यूरोपीय बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 901.50 अंक की जबरदस्त तेजी के साथ करीब एक सप्ताह बाद 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 80,378.13 अंक और निफ्टी 270.75 अंक उछलकर 24,484.05 अंक हो गया।

वहीं, निवेशकों की उम्मीद के अनुरूप फेड और अन्य प्रमुख केंद्रीय बैंकों के नीतिगत निर्णय से पहले डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने का रास्ता साफ होने से विश्व बाजार में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से गुरुवार को सेंसेक्स 836.34 अंक का गोता लगाकर 79,541.79 अंक और निफ्टी 284.70 अंक लुढ़ककर 24,199.35 अंक पर आ गया।

# एफपीआई ने पिछले पांच कारोबारी सत्रों में इक्विटी से 20,000 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय इक्विटी बाजारों से विदेशी निवेशकों का पलायन बीते सप्ताह बेरोकटोक जारी रहा। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने पिछले पांच कारोबारी सत्रों में लगभग 20,000 करोड़ रुपये निकाले।





घरेलू शेयरों के अधिक मूल्यांकन और चीन में अपना आवंटन स्थानांतरित करने के कारण एफपीआई ने बिकवाली की।

ऐसे में एफपीआई 2024 में अब तक इक्विटी बाजार में शुद्ध विक्रेता बन गए हैं, और उन्होंने कुल 13,401 करोड़ रुपये की निकासी की है।

आने वाले समय में एफपीआई की बिकवाली जारी रहने का अनुमान है। अगर तीसरी तिमाही के नतीजे और प्रमुख संकेतक आय में सुधार का संकेत देते हैं, तो यह परिदृश्य बदल सकता है और एफपीआई बिकवाली कम कर सकते हैं।

मोजोपीएमएस के मुख्य निवेश अधिकारी सुनील दमानिया ने कहा कि अमेरिका में नव निर्वाचित राष्ट्रपति जनवरी 2025 में पदभार ग्रहण करेंगे। इसलिए भारतीय बाजार निकट अवधि में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों, कॉरपोरेट आय और खुदरा निवेशकों के रुख से प्रभावित होगा।

आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने इस महीने अब तक 19,994 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है। इससे पहले अक्टूबर में उन्होंने 94,017 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। यह एफपीआई की अब तक की सबसे अधिक बिकवाली थी।

सितंबर 2024 में विदेशी निवेशकों ने 57,724 करोड़ रुपये का निवेश किया था। एफपीआई के भारतीय इक्विटी से बाहर निकलने का एक प्रमुख कारण चीन के प्रति उनका नया आकर्षण है। उनका मानना है कि इस समय चीन का मूल्यांकन आकर्षक है।

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के संयुक्त निदेशक हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि चीन ने हाल ही में अपनी धीमी अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने और विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए कई उपाय किए हैं।

## भारत यूरोपीय संघ को ईंधन का सबसे बड़ा निर्यात्क बना, भारत के रास्ते यूरोप पहुंच रहा रूसी तेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ष 2024 की पहली तीन तिमाहियों में भारत से यूरोपीय संघ को डीजल जैसे ईंधन का निर्यात 58 प्रतिशत बढ़ गया। एक मासिक निगरानी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

ऐसे में माना जा रहा है कि इसमें रूस से आने वाले कच्चे तेल की बड़ी हिस्सेदारी है, जिसे परिष्कृत करके यूरोप भेजा जा रहा है।

दिसंबर 2022 में यूरोपीय संघ और जी7 देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाते हुए उसके कच्चे तेल के आयात पर मूल्य सीमा और प्रतिबंध लगा दिया था।

हालांकि, रूस के कच्चे तेल से बने परिष्कृत ईंधन पर नीति में स्पष्टता की कमी का मतलब था कि प्रतिबंध नहीं लगाने वाले देश बड़ी मात्रा में रूसी कच्चे तेल का आयात कर सकते हैं और उन्हें परिष्कृत उत्पादों में बदलकर प्रतिबंध लगाने वाले देशों को कानूनी रूप से निर्यात कर सकते हैं।

रूस के यूक्रेन पर आक्रमण के बाद भारत रूसी कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बन गया है। देश का रूस से आयात यूक्रेन युद्ध से पहले कुल आयातित तेल के एक प्रतिशत से भी कम था और युद्ध के बाद खरीद बढ़कर लगभग 40 प्रतिशत हो गई है।

ऊर्जा और स्वच्छ वायु पर शोध केंद्र (सीआरईए) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि शोधन नियमों में खामियों का लाभ उठाते हुए, भारत अब यूरोपीय संघ को तेल उत्पादों का सबसे बड़ा निर्यातक बन गया है। रिपोर्ट के मुताबिक 2024 की पहली तीन तिमाहियों में जामनगर, वडिनार (गुजरात) और मैंगलोर रिफाइनरी से यूरोपीय संघ को निर्यात सालाना आधार पर 58 प्रतिशत बढ़ा।

# दाम बढ़ने, शादी-विवाह की मांग से बीते सप्ताह तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी बाजारों में खाद्यतेलों के दाम मजबूत होने तथा शादी विवाह के मौसम की मांग बढ़ने के कारण देश के खाद्य तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम मजबूत रहे।



आवक बढ़ने और निर्यात मांग कमजोर रहने के बीच मूंगफली तिलहन के दाम पिछले सप्ताहांत के स्तर पर बने रहे जबकि मूंगफली तेल के दाम हानि दशार्ते बंद हुए।

बाजार सूत्रों ने कहा कि मंडियों में मूंगफली की आवक बढ़ रही है और यह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से भी नीचे दाम पर बिक रहा है और किसान अधिक नीचे दाम पर मूंगफली बेचने को राजी नहीं हैं। मूंगफली तेल मिल वालों को मूंगफली तेल के निर्यात मांग बढ़ने का इंतजार है। इस स्थिति के बीच बीते सप्ताह भी मूंगफली तिलहन के भाव पूर्व सप्ताहांत के स्तर पर बने रहे।

उन्होंने कहा कि दूसरी ओर, राजस्थान के मूंगफली तेल का भाव गुजरात के मूंगफली तेल के दाम से 15 रुपये लीटर नीचे बिक रहा है। इस कारण गुजरात का मूंगफली तेल खप नहीं रहा है। इस वजह से समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल कीमतों में गिरावट आई।

सूत्रों ने कहा कि आयातित खाद्यतेलों पर 22.5 प्रतिशत की ड्यूटी (आयात शुल्क) भी लगाने के बाद विदेशी तेलों के दाम लगभग 15 प्रतिशत बढ़े हैं।

इसके बावजूद देश में मूंगफली तेल-तिलहन के थोक दाम 5-7 रुपये लीटर घटे हैं। फिर भी खुदरा में यही तेल कहीं 200 रुपये लीटर तो कहीं इससे भी अधिक दाम पर मिल रहा है। खुदरा दाम में वृद्धि का लाभ इस बार मूंगफली की पैदावार बढ़ाने वाले किसानों को मिल रहा है या नही, मंहगाई की चिंता करने वाले तेल समीक्षकों को इस बात की भी छानबीन करनी चाहिये।

सूत्रों ने कहा कि विदेशी आयात होने वाले खाद्यतेलों में से सोयाबीन डीगम का दाम अपने पिछले सप्ताहांत के 1,220-1,225 डॉलर प्रति टन के मुकाबले बढ़कर बीते सप्ताह 1,270 डॉलर प्रति टन हो गया।

इसी प्रकार, सूरजमुखी तेल का दाम पहले के 1,240-1,245 डॉलर प्रति टन से बढ़कर समीक्षाधीन सप्ताह में 1,280-1,285 डॉलर प्रति टन हो गया। समीक्षाधीन सप्ताह में यह बाकी तेल-तिलहन कीमतों में सुधार आने का प्रमुख कारण है।

सूत्रों ने कहा कि किसानों को पिछले साल के मुकाबले कपास नरमा के अच्छे दाम मिल रहे हैं और मजबूत किसान भी रोक-रोक कर अपना माल बेच रहे हैं। सरकारी खरीद की गारंटी की वजह से जिस तरह कपास की अच्छे दामों पर खपत बढ़ रही है, अगर यही स्थिति बनी रही तो जो किसान कपास की जगह मूंगफली खेती का रुख कर बैठे थे, वे फिर से कपास की खेती करने की ओर लौटेंगे और आगे उत्पादन बढ़ सकता है। सूत्रों ने कहा कि सरकार के द्वारा आयातित तेलों पर आयात शुल्क बढ़ाने और विदेशों में तेजी रहने के बावजूद देश में सरसों तेल के दाम में मात्र 20 रुपये लीटर के लगभग वृद्धि हुई है जबकि कुछ खाद्यतेल समीक्षकों को दाम में बेतहाशा वृद्धि की उम्मीद हो रही थी।

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही सरकार को इस बात की ओर निरंतर ध्यान देना होगा कि देशी तेल-तिलहनों का बाजार विकसित हो अन्यथा तेल-तिलहनों का उत्पादन बढ़ाने का कोई फायदा नहीं होगा। जिस तरह मूंगफली और सोयाबीन किसान उत्पादन बढ़ाने के बावजूद मुश्किलों का सामना कर रहे हैं, उससे उनकी हिम्मत टूट सकती है। इसलिए तिलहन किसानों के अनुकूल स्थितियों का निर्माण करने, तेल-तिलहन नीति बनाने, एमएसपी पर खरीद की गारंटी जैसे उपायों पर ध्यान देते रहने की जरुरत है।

बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 15 रुपये के सुधार के साथ 6,615-6,665 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 25 रुपये की तेजी के साथ 14,125 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 20 -20 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 2,300-2,400 रुपये और 2,300-2,425 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। देशी मंहगे डीओसी की कमजोर निर्यात मांग से समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 175-175 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,550-4,600 रुपये और 4,250-4,285 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमशः 125 रुपये, 225 रुपये और 100 रुपये बढ़कर क्रमशः 14,525 रुपये, 14,225 रुपये और 10,600 रुपये क्विंटल पर बंद हुए।

आवक बढ़ने और निर्यात मांग बढ़ने के इंतजार के बीच मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में भी पिछले सप्ताहांत के मुकाबले गिरावट का रुख दिखा। मूंगफली तिलहन के भाव जहां 6,450-6,725 रुपये क्विंटल पर अपरिवर्तित रहे वहीं मूंगफली तेल गुजरात 75 रुपये की हानि के साथ 15,250 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव 5 रुपये की गिरावट दशार्ता 2,300-2,600 रुपये प्रति टिन पर बंद हुए।

कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 600 रुपये मजबूत होकर 13,200 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 200 रुपये की तेजी के साथ 14,700 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 200 रुपये की तेजी के साथ 13,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## एक नजर

### सेबी का अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील सूचना का दायरा बढ़ाने पर विचार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार से जुड़े खुलासे में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए सेबी अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील सूचना (यूपीएसआई) के दायरे को बढ़ाने पर विचार कर रहा है। बाजार नियामक की इसमें प्रस्तावित पूंजी जुटाने की गतिविधियों, पुनर्गठन योजनाओं और एकमुश्त बैंक निपटान को शामिल करने की योजना है। सेबी ने अपने परामर्श पत्र में प्रस्ताव दिया है कि शेयरधारक, संयुक्त उद्यम और पारिवारिक निपटान सहित केवल ऐसे समझौते, जो फर्म के प्रबंधन और नियंत्रण को प्रभावित करते हैं और फर्म को ज्ञात हैं, उन्हें मूल्य संवेदनशील माना जाना चाहिए। इसके अलावा कॉरपोरेट दिवाला कार्यवाही के प्रमुख घटनाक्रम को मूल्य-संवेदनशील सूचना के रूप में बताना चाहिए। यदि धन के दुरुपयोग या वित्तीय गलत बयानों जैसे मुद्दों के चलते फोरेंसिक ऑडिट शुरू किया जाता है या कोई निष्कर्ष निकाला जाता है, तो उसे भी मूल्य-संवेदनशील सूचना के रूप में बताना चाहिए।

### कोयला आयात अप्रैल-सितंबर में आठ प्रतिशत बढ़कर 14.06 करोड़ टन पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर अवधि में 7.8 प्रतिशत बढ़कर 14.06 करोड़ टन हो गया। ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड के आंकड़ों के अनुसार एक साल पहले इसी अवधि में देश का कोयला आयात 13.03 करोड़ टन था। एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक और सीईओ विनय वर्मा ने कहा कि स्टॉक की अच्छी स्थिति और घरेलू बाजार में हाजिर ई-नीलामी के जरिये अधिक मात्रा की पेशकश के कारण कोयला आयात की मांग सामान्य रहने की संभावना है। सितंबर में कोयला आयात सालाना आधार पर 2.16 करोड़ टन से 10.09 प्रतिशत घटकर 1.94 करोड़ टन रह गया। सितंबर के कुल आयात में गैर-कोकिंग कोयले की मात्रा 1.32 करोड़ टन थी, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह आंकड़ा 1.48 करोड़ टन था। कोकिंग कोयले का आयात 33.9 लाख टन रहा।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.7 अरब डॉलर घटकर 682.1 अरब डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसी।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में भारी कमी होने से 01 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.7 अरब डॉलर घटकर 682.1 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 3.5 अरब डॉलर गिरकर 684.8 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 01 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.9 अरब डॉलर की भारी गिरावट के साथ 589.8 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.2 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 69.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 10 लाख डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 18.2 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में 40 लाख डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 4.3 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

### 2024-25 में 31 अरब डॉलर के रसायन निर्यात का लक्ष्य हासिल करने का भरोसा: केमेक्सिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त वर्ष 2024-25 में 31 अरब डॉलर के रसायन निर्यात का लक्ष्य हासिल किया जाएगा। उद्योग निकाय केमेक्सिल के महानिदेशक रघुवीर किनी ने यह उम्मीद जताते हुए कहा कि ब्राजील, अमेरिका, जापान और सऊदी अरब जैसे देशों में भारत में बने रसायनों की अच्छी मांग है। मूल रसायन, सौंदर्य प्रसाधन और रंग निर्यात संवर्धन परिषद (केमेक्सिल) की स्थापना वाणिज्य मंत्रालय ने की है। किनी ने कहा कि अप्रैल-सितंबर के दौरान रसायनों का कुल निर्यात 4.57 प्रतिशत बढ़कर 14.1 अरब डॉलर हो गया। उन्होंने कहा, 'अब तक हम अच्छी वृद्धि दर्ज कर रहे हैं और हमें चालू वित्त वर्ष में 31 अरब डॉलर के लक्ष्य को हासिल करने का भरोसा है। पिछले साल यह आंकड़ा लगभग 30 अरब डॉलर था।' उन्होंने कहा कि इस साल की दूसरी छमाही के दौरान निर्यात तेज गति से बढ़ेगा। किनी ने कहा, 'पिछले साल, ब्राजील में सूखे के कारण वहां निर्यात कम हो गया था। इस साल स्थिति अच्छी है, और हम उच्च वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।' भारत ब्राजील को सालाना लगभग एक अरब डॉलर मूल्य के रसायनों का निर्यात करता है। महानिदेशक ने कहा कि परिषद यूरोपीय संघ के कार्बन कर और गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों का मुकाबला करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। उन्होंने कहा, 'यूरोपीय संघ का कार्बन कर एक वास्तविकता है, और हमें इसके लिए तैयार रहना होगा। निर्यातकों को अनजान नहीं रहना चाहिए। हम इस कर से निपटने के लिए जरूरी कागजी कार्रवाई के बारे में जानकारी दे रहे हैं।'

### वेदांता रिसोर्सेज का कर्ज 4.7 अरब डॉलर घटा: अनिल अग्रवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सूचीबद्ध खनन समूह वेदांता लिमिटेड की मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज का कर्ज पिछले दो वर्षों में 4.7 अरब अमेरिकी डॉलर घटा है। समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि वित्तीय अनुशासन से समूह को ऋणमुक्त बनाने में मदद मिली। उन्होंने शेयरधारकों को लिखे एक पत्र में कहा कि वेदांता लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 20,639 करोड़ रुपये का अपना अब तक का सबसे अधिक एबिटडा दर्ज किया। ऐसा उच्च उत्पादन, परिचालन उत्कृष्टता और गतिशील वैश्विक वातावरण से लाभ उठाने के कारण हुआ। वेदांता का एल्यूमीनियम और जस्ता उत्पादन मात्रा के लिहाज से रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा, 'निकट भविष्य में, हम अपनी सहायक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड में उत्पादन स्तर को दोगुना करने, केयर्न ऑयल एंड गैस में तेल उत्पादन को बढ़ाकर तीन लाख बैरल प्रतिदिन करने और अपने एल्युमीनियम स्मेल्टर की क्षमता को बढ़ाकर 30 लाख टन प्रति वर्ष करने का लक्ष्य बना रहे हैं।' उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, वेदांता नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के जरिये अपनी प्रमुख धातुओं के अधिक से अधिक उत्पादन करने और पर्यावरण के अनुकूल कंपनी बनने के लिए प्रतिबद्ध है।

### आईएमएफ पाकिस्तान की बाहरी वित्तपोषण जरूरतों का आकलन करेगा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) अगले सप्ताह पाकिस्तान में प्रदर्शन समीक्षा के दौरान चालू वित्त वर्ष के लिए लगभग 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर के बाहरी वित्तपोषण अंतर को भरने पर चर्चा करेगा। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। सरकारी सूत्रों के अनुसार आईएमएफ इन चचाओं के दौरान पाकिस्तान की बाहरी वित्तपोषण आवश्यकताओं का आकलन करेगा। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार के अनुसार आईएमएफ मिशन प्रमुख नाथन पोर्टर के नेतृत्व में बातचीत औपचारिक रूप से मंगलवार को शुरू होगी। इसमें पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब के साथ एक उद्घाटन सत्र का आयोजन भी किया जाएगा। आईएमएफ मिशन का पाकिस्तान आना तय कार्यक्रम के अनुसार नहीं है, क्योंकि 1.1 अरब डॉलर की दूसरी किश्त जारी करने के लिए पहली औपचारिक समीक्षा मार्च 2025 में होनी है।

# ब्रोकली की खेती

## कर किसान कमाएं अधिक मुनाफा



ब्रोकली गोभीय वर्गीय सब्जियों के अंतर्गत एक प्रमुख सब्जी है। यह एक पौष्टिक इटालियन गोभी है। जिसे मूलतः सलाद, सूप, व सब्जी के रूप में प्रयोग किया जाता है। ब्रोकली दो तरह की होती है - स्प्राउटिंग ब्रोकली एवं हेडिंग ब्रोकली। इसमें से स्प्राउटिंग ब्रोकली का प्रचलन अधिक है। हेडिंग ब्रोकली बिलकुल फूलगोभी की तरह होती है, इसका रंग हरा, पीला अथवा बैंगनी होता है। हरे रंग की किस्म ज्यादा लोकप्रिय है। इसमें विटामिन, खनिज लवन (कैल्शियम, फास्फोरस एवं लौह तत्व) प्रचुरता में पाये जाते हैं।



पौष्टिकता से भरपूर होने के कारण गर्भवती महिलाओं के लिए अधिक फायदेमंद है। देश के बड़े शहरों में इसकी अत्यधिक मांग होने के कारण इसकी खेती पर्वतीय क्षेत्रों में विशेषकर हिमाचल प्रदेश में बड़े पैमाने पर की जाने लगी है। उत्तराखंड में भी इसकी लोकप्रियता बढ़ रही है। इसका बाजार भाव अधिक होने के कारण किसानों को अधिक आय प्रदान कर सकती है। अधिक मुनाफा देने के कारण किसान समाधान इसकी जानकारी लेकर आया है।

### खेत की तैयारियां



ब्रोकोली के लिए दुमट अथवा बलुई - दुमट मिटटी वाली भूमि सर्वोतम मणि जाती है। अधिक अम्लीय भूमि इसके लिए अच्छी नहीं होती है। भूरी मिटटी एवं उपजाऊपन वाले खेत भी इसकी खेती हेतु उपयुक्त होते हैं, किन्तु उनमें जल निकास का उचित प्रबंध होना चाहिए। खेत में पानी रुकना नहीं चाहिए अन्यथा पौधों की बढवार रुक जाती है और पौधे पीले पड़कर सड़ने लग जाते हैं। खेत की तैयारी के लिए दो जुताई पर्याप्त होती हैं, जिसमें अच्छी साड़ी गोबर की खाद दो कुन्तल प्रति नाली की दर से मिलाकर रोपाई हेतु भली - भंति तैयार करना चाहिए।

### बीज बुवाई का समय

अच्छे शीर्षो के निकलने एवं विकास के लिए 12 - 16 डिग्री सेन्टीग्रेट तापमान उपयुक्त होता है। अतः बीज की बुवाई एवं रोपाई के समय का निर्धारण उचित तापमान तथा क्षेत्र विशेषकर एवं वातावरणीय प्रस्थिति को ध्यान में रखते हुये किया जाना चाहिए।

निचले पर्वतीय क्षेत्र - सितम्बर अन्त से अक्तूबर
मध्य पर्वतीय क्षेत्र - मध्य अगत से सितम्बर
वेमौसमी खेती हेतु नवम्बर से मध्य जनवरी
ऊँचे पर्वतीय क्षेत्र - मार्च अथवा अप्रैल

### बीज दर

ब्रोकोली के लिए 400 - 500 ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर ( 8 - 10 ग्राम प्रति नाली ) पर्याप्त होता है।

### पौधशाला की तैयारी

जमीन से 15 सेमी. उठी हुयी नर्सरी की क्यारी में अच्छी साड़ी हुयी गोबर / कम्पोष्ट खाद तथा 50 - 60 ग्राम प्रति वर्गमीटर की दर से सिंगल सुपर फास्फेट मिलाकर भूमि की तैयारी करनी चाहिए। पौधशाला में भूमिगत कीटों एवं व्याधियों से बचाव के इए यह उपाय अपनायें।

क्यारी में 5 ग्राम थायरम प्रति वर्गमीटर की दर से अच्छी प्रकार मिलाकर 5 - 7 सेमी. की दुरी पर 1.5 - 2 सेमी. गहरी कतारें निकालें। तत्पश्चात कवकनाशी 10 ग्राम ड्राईकोर्डमा या एक ग्राम कार्बेन्डाजिम अथवा 2.5 ग्राम थाइरम प्रति किलोग्राम बीज के हिसाब से शोधित बीज की बुवाई करें तथा जमने तक हल्की सिंचाई फव्वारे द्वारा करें। अधिक वर्ष से बचाव हेतु नर्सरी की क्यारी को घासफूस की छपर अथवा पालीथीन शीट से ढकने का प्रबन्ध रखना चाहिए। बेमौसमी खेती हेतु पौध पालीहाउस अथवा पालिटनल के अन्दर तैयार करनी चाहिए। पालीहॉउस अथवा पालीटनल के अन्दर भी पौधशाला में जड़ों में तापमान आवश्यकता से कम होने पर पालीहाउस में हीटर लगा दें। इससे बीजों का जमाव शीघ्र होने में मदद मिलेगी।

### रोपाई

रोपाई हेतु 25 - 30 दिन की पौध उपयुक्त होती है। अतः पौध तैयार होने पर रोपाई शीघ्र करें। रोपाई से पूर्व नत्रजन की आधी मात्रा तथा फास्फोरस एवं पोटाश की पूरी मात्रा और 500 ग्राम थीमेट प्रति नाली की दर से खेत में छिड़क कर अच्छी तरह खेत तैयार कर लें। उसके बाद कतार से कतार की दूरी 45 - 50 सेमी. तथा पौध की दुरी 45 - 50 सेमी. रखते हुये पौध रोपाई कर हल्की सिंचाई करें। यदि कुछ पौधे मर गये हों अथवा बढवार अच्छी न हो तो उनके स्थान पर नई पौध की पुन : रोपाई एक हफ्ते के अन्दर कर दें। रोपाई के एक माह बाद शेष आधी नत्रजन मात्रा छिड़क कर पौधों के चारों तरफ मिटटी चढायें।

### खाद या उर्वरक

उर्वरको का प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर करना उपयुक्त रहता है। अच्छी उपज के लिए प्रति हैक्टेयर 15 - 20 टन गोबर / कम्पोष्ट खद, 100 किलोग्राम नत्रजन, 100 किलोग्राम फास्फोरस तथा 50 किलोग्राम पोटाश का प्रयोग किया जाना अनुकूल होता है।

### खरपतवार नियंत्रण

शुरू के डेढ़ से दो माह तक खेत से खरपतवार निकलते रहें जिससे पौधों की बढवार अच्छी हो सके। इसके लिए आवश्यकतानुसार दो से तिन निराई - गुडाई पर्याप्त होगी।

### जड़ विगलन

इस रोग के कारण रोपाई के उपरान्त कुछ पौधों की बढ़वार रुकी हुई दिखायी पड़ती है। पौधों को उखाड़कर देखने पर पत्ता चलता है कि इनकी जड़ें गलकर केवल एक तार की तरह हो गई हैं। इसकी रोकथाम के लिए बीज उपचार आर्द्रगलन रोग जैसा करें, रोपाई के समय पौध को दावा के घोल में डुबोकर लगायें तथा रोग के लक्षण खेत में दिखाई देने पर कार्बेन्डाजिम का 0.1 प्रतिशत की दर (एक ग्राम / लीटर पानी) से घोल बनाकर पौधों की जड़ों के पास छिड़काव करें तथा उचित फसलचक्र भी अपनायें।

कलि पर्णचिती रोग व मृदुल आसिता :-

इस रोग के कारण पत्तियों पर काले या भूरे धब्बे दिखाई देते हैं। इसके नियंत्रण हेतु मैंकोजेब 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से पौधों में छिड़काव करें।

### कीट नियंत्रण

माहू :- इस कीट के व्यस्क तथा शिशु दोनों ही मुलायम पत्तियों से रस चूसकर पौधों को हानि पहुंचाते हैं। पत्तियां पिली पद कर सूखने लगती हैं। प्रकोप अधिक होने पर गोभी के शीर्षो में भी माहू दिखायी पड़ते हैं। इसके नियंत्रण हेतु एजेडारेकटीन 1 - 2 मिली. अथवा इमिडाक्लोप्रिड 0.3 मिली. प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

### गोभी की तितली

यह एक सफ़ेद रंग की तितली हैं, जिसके पीले रंग के अंडे गुच्छे में पत्तियों के पिछली स्थ पर बहुतायत में दिखाई पड़ते हैं। अंडो से निकलने वाली शुरुआती अवस्था से ही पत्तियों को भरी मात्रा में क्षति पहुंचती हैं। इसके नियंत्रण हेतु सबसे अंडों को चुनकर नष्ट कर दें फिर नियंत्रण हेतु इंडोसल्फान 35 ई.सी.का 2 मिली. अथवा इंडोक्साकार्ब 14.5 ई.सी. का 0.2 मिली. या बैसिलस थुरिंजीयेन्सिस का 1.5 - 2.0 ग्राम दवा प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

### फसल की कटाई

ब्रोकोली के शीर्ष की कटाई शीर्ष की कलियों के खुलने से पहले ही की जाती है। शीर्ष को 10 - 20 से.मी. तने ( डंठल ) के साथ काट लिया जाता है। इसके पश्चात् निचले पत्तों के कक्षों से नई कोपलें निकलती है जिनमे छोटे - छोटे शीर्ष बनते हैं। इन्हें भी समय - समय पर काट लेना चाहिए।

### उपज

ब्रोकोली की औसत उपज 150 - 200 कुन्तल प्रति हैक्टेयर ( 3 - 4 कुन्तल प्रति नाली ) है।

### अनुमोदित किस्में

#### के.टी.एस.- 1 :-

इस किस्म के शीर्ष हरे रंग के कोमल डंठल युक्त होते हैं, जिनका औसत वजन 200 - 300 ग्राम होता है और रोपाई के लगभग 80 - 90 दिनों बाद काटने योग्य हो जाता है। मुख्य शीर्ष काटने के कुछ दिनों बाद छोटे - छोटे शीर्ष शाखाओं की तरह मुख्य भाग के रूप में पत्तियों के कक्षों से निकलते हैं उन्हें भी काटकर उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है।

#### पालक समृद्धि

यह किस्म भी हरे शीर्ष वाली स्प्राउटिंग ब्रोकोली किस्म है। जिसका शीर्ष भाग बड़ा एवं लम्बे कोमल डंठल युक्त होता है। प्रत्येक शीर्ष का औसत वजन 25- - 300 ग्राम होता है। मुख्य शीर्ष को काटने के बाद छोटे - छोटे शीर्ष पत्तों के कक्षों से निकलते हैं। यह किस्म 85 - 90 दिनों में रोपाई के बाद कटाई योग्य हो जाती है। इसमें येलो आई रोग एवं ब्रैक्टिंग विकार के लिए प्रतिरोधिता पायी जाती है।

#### एन.एस.- 50

यह मध्यम अवधि में तैयार होने वाली संकर किस्म है। इनके हेड गठीले, समरूप एवं गुम्बदाकार होते हैं। यह किस्म कैट आई से रहित है। इसके पौधे मृदुरोमिल आसिता एवं काला सडन रोग के प्रति सहनशील है। इसका बीज नामधारी मार्क से बाजार में मिलता है।

#### ब्रोकोली संकर - 1 :

इसकी परिपक्वता रोपाई के 60 - 65 दिन बाद होती है। इसके शीर्ष हरे रंग के गठीले होते हैं, जिसका औसत वजन 600 - 800 ग्राम होता है। इसके बीज राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा किसानों को उपलब्ध कराये जाते हैं।

#### टी.डी.सी. - 6 :

इसके शीर्ष हरे रंग के होते हैं, जिसका औसत वजन 600 - 800 ग्राम होता है। इसकी फसल रोपाई के 65 - 70 दिन बाद तैयार हो जाती है। इसकी बुवाई दर 300 - 350 ग्राम प्रति हैक्टेयर अनुमोदित की गयी है। इस प्रजाति के बीज उत्तराखंड तराई बीज निगम, पंतनगर द्वारा किसानों को उपलब्ध कराये जाते है।

### रोग नियंत्रण

इस फसल में बीमारियों का प्रकोप अधिक नहीं होता है किन्तु रोपाई के बाद कुछ कीटों एवं व्याधियों का प्रकोप हो सकता है।

#### आर्द्रपतन

पौध जमीन की स्थ से गलकर मरने लगती है। इसके उपचार एवं रोकथाम के लिए निम्न उपाय अपनाने चाहिए।

भूमि में जल निकास का उचित प्रबन्ध करें।

नर्सरी का स्थान ऊँची जगह पर चुने एवं हर वर्ष बदलते रहें।

कार्बेन्डाजिम एक ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से बीजोपचार कर बुवाई करें अथवा जैविक विधि से बीज उपचार हेतु ट्राइकोडर्मा विरिडी ( 4 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज ) अथवा ट्राइकोडर्मा हरजियानम 10 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज अथवा 25 ग्राम ट्राइकोडर्मा एवं 2.5 किलोग्राम गोबर की खाद में मिलाकर प्रति नाली की दर से पौधशाला की मिटटी में मिलायें।

नर्सरी में बीज की घनी बुवाई न करें और बुवाई कतारों में करें।

पौधशाला को सौर्यकरण द्वारा निर्जिविकरण करें।

बुवाई के 10 दिन बाद कार्बेन्डाजिम की 1 ग्राम दवा प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर क्यारियों को तर करें तथा पुः 15 - 20 दिन बाद इसी दावा के घोल से क्यारी को ट्र कर लें।

---

# चीकू की आधुनिक खेती कैसे करें ?

चीकू की खेती भारत के आंध्रप्रदेश, गुजरात, महारष्ट्र, कर्नाटक तथा तमिलनाडु राज्यों में की जाती है। हाल के वर्षों में इसकी खेती अलग - अलग राज्यों में होने लगी है। इसकी खेती में कम लगत में अधिक मुनाफे के कारण तेजी से लोकप्रिय हो रही है। इस फल के लिए एक खास बात यह है की इसकी खेती के लिए कम सिंचाई के साथ - साथ रख - रखाव आसान है। सबसे बड़ी बात है की इसकी अधिक मांग रहने से बाजार आसानी से उपलब्ध हो जाता है। लेकिन उन्नत तरह से खेती करने से चीकू का उत्पादन अधिक होता है।

### उन्नत किस्में

बड़े फल तथा पतले छिलके के साथ गुदा मीठा अच्छे चीकू का पहचान है इसलिए इसकी उन्नत किस्मों का अधिक ध्यान रखना जरुरी है। चीकू की उन्नत किस्में क्रिकेट बाल, कलि पत्ती, भूरी पत्ती, पी.के.एम.1, डीएसएच - 2 झुमकिया, आदि किस्में अति उपयुक्त है। क्रिकेट की बाल, कालीपट्टी, कलकत्ता राउंड, कीर्तिभारती, द्वारापुड़ी, पाला, पीकेएम -1, जोनावालासा द्व और द्वद्व, बैंगलोर, वावी वलसा आदि परन्तु उत्तरभारत में बारहमासी किस्म ज्यादा फेमस है।



### पौध प्रवर्धन

चीकू की पौध बीज तथा कलम, भेट कलम से तैयार की जाती है लेकिन व्यवसायिक खेती के लिए किसान को शीर्ष कलम, तथा भेंट कलम विधि द्वारा तैयार पौधों को ही बोना चाहिए। पौध तैयार करने की सबसे उपयुक्त समय मार्च - अप्रैल है।

### पौधों की रोपाई

पौधों की रोपाई वर्ष ऋतू में उपयुक्त रहती है। पौधों की रोपाई से पहले पौधों के लिए जड़ों को तैयार जरुर कर लेना चाहिए। इसके लिए गर्मी के दिनों में ही 7 - 8 मी. दुरी वर्गाकार विधि से 90 से.मी. गहरा आकार के गड्ढे तैयार कर लेना चाहिए। गड्ढों को भरते समय मिट्टी के साथ लगभग 30 किलोग्राम गोबर की अच्छी तरह सड़ी खाद, 2 किलोग्राम करंज की खली एवं 5 - 7 कि.ग्रा. हड्डी का चुरा प्रत्येक गद्दे में डालकर भर देना चाहिए। पौधों को बोने के बाद जड़ों में मिट्टी भरकर थाला बना लें।

### खाद एवं उर्वरक का उपयोग

पेड़ों में समय - समय पर खाद देते रहना चाहिए, जिससे पौधों का विकास 10 वर्षों तक होता रहे। पोधों के रोपाई के एक वर्ष बाद 4 - 5 टोकरी गोबर की खाद, 2 - 3 कि.ग्रा. अरण्डी / करंज की खली एवं 50:25:25 ग्रा. एन.पी.के. प्रति वर्ष डालते रहना चाहिए। यह मात्रा 10 वर्ष तक बढ़ाते रहना चाहिए तत्पश्चात 500:250:250 ग्रा. एन.पी.के. की मात्रा प्रत्येक वर्ष देना चाहिए। इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए की खाद और उर्वरक का उपयोग केवल जून तथा जुलाई में ही करना चाहिए। खाद सीधे जड़ में नहीं डालें बल्कि इसके लिए पौधे से दूर एक नाली बना लें उस नाली से खाद का घोल बनाकर दें।

### सिंचाई

बरसात के मौसम में सिंचाई की जरुरत नहीं पड़ती है लेकिन गर्मी के मौसम में 7 दिन पर तथा सर्दी के मौसम में 15 दिन पर सिंचाई करने से पौधों में फल तथा फूल अच्छे लगते है।

### पौधों की देख रेख तथा काट छांट

चीकू के पौधों को विशेष रूप से सर्दी के मौसम में पाले से बचाना जरुरी रहता है। यह खास ध्यान पौधों की रोपाई के 3 वर्ष तक रखने की जरुरत है। इसके लिए छोटे पौधों को बचाने के लिए पुआल या घास के छप्पर से इस प्रकार ढक दिया जाता है कि वे तीन तरफ से ढके रहते हैं और दक्षिण - पूर्व दिशा धूप एवं प्रकाश के लिए खुली रहती है।पौधों की रोपाई के समय मूल वृत्त पर निकली हुई टहनियों को काटकर साफ कर देना चाहिए। पेड़ का क्षत्रक भूमि से 1 मी. ऊँचाई पर बनने देना चाहिए। जब पेड़ बड़ा हो जाता है, तब उसकी निचली शाखायें झुकती चली जाती है और अन्त में भूमि को चुने लगती है तथा पेड़ की ऊपर की शाखाओं से ढक जाती है। इस शाखाओं में फल लगने भी बंद हो जाते हैं। इस अवस्था में इन शाखाओं को छीलकर निकाल देना चाहिए।

### पुष्पन एवं फलन

शीर्ष कलम तथा भेंट कलम के द्वारा तैयार पौधों में 2 वर्षों के बाद फूल एवं फल आना आरम्भ हो जाता है। इसमें फल साल में 2 बार आते है। पहली फ़रवरी से जून तक और दूसरा सितम्बर से ऑक्टोबर तक। फूल लगने से लेकर फल पककर तैयार होने में लगभग चार महीने लग जाते हैं। चीकू के पौधों से फल को गिरने से रोकने के लिए फूल के समय जिबरेलिक अम्ल के 50 से 100 पी.पी.एम. अथवा फल लगने के तुरंत बाद प्लैनोफिक्स 4 मिली./ली. पानी के घोल का छिड़काव करने से फलन में वृद्धि एवं फल गिरने में कमी आती है।



### रोग एवं कीट नियंत्रण

चीकू की पौधों में एक विशेषता यह रहती है की इस पर रोगों तथा कीटों का प्रकोप कम होता है। इसके बाबजूद भी पर्ण दाग रोग तथा कलि बेधक, तना बेधक, पत्ती लपेटक एवं मिलीबग आदि कीटों का प्रभाव देखा जाता है। इसके नियंत्रण के लिए मैंकोजेब 2 ग्रा./ लीटर तथा मोनोक्रोटोफास 1.5 मिली./ लीटर के घोल का छिड़काव करना चाहिए।

### उपज

चीकू में रोपाई के दो वर्ष फल मिलना प्रारम्भ हो जाता है। जैसे - जैसे पौधा पुराना होता जाता है। उपज में वृद्धि होती जाती है। एक 30 वर्ष पेड़ से 25,00 से 3,000 तक फल प्रति वर्ष हो जाते हैं।



## पाकिस्तान ने रचा इतिहास...

# 22 साल बाद ऑस्ट्रेलियाई धरती पर जीती वनडे सीरीज



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला 10 नवबंर (रविवार) को पर्थ में खेला गया. इस मुकाबले में पाकिस्तान ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया पर 8 विकेट से जीत हासिल की.

मुकाबले में पाकिस्तान को जीत के लिए 141 रनों का टारगेट मिला था, जिसे उसने 26.5 ओवर में ही हासिल कर लिया. इस जीत के साथ ही मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में पाकिस्तान ने तीन मैचों की वनडे सीरीज पर 2-1 से कब्जा कर लिया. सीरीज का पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया ने 2 विकेट से जीता था, वहीं पाकिस्तानी टीम ने दूसरे मुकाबले में 9 विकेट से जीत हासिल की थी.

**पाकिस्तान का खत्म हुआ 22 सालों का इंतजार**

देखा जाए तो पाकिस्तानी टीम ने 22 साल बाद ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में द्विपक्षीय वनडे सीरीज में मात दी है. इससे पहले साल 2002 में वकार यूनुस की कप्तानी में पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलियाई को उसके घर में वनडे सीरीज में 2-1 से हराया था. यानी पाकिस्तान की ये जीत काफी ऐतिहासिक है. तेज गेंदबाज हारिस रऊफ प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए.

इस मुकाबले में टारगेट का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत शानदार रही. अब्दुल्लाह शफीक और सैम अयूब ने मिलकर पहले विकेट के लिए 84 रनों की पार्टनरशिप की, जिसने पाकिस्तान का काम आसान कर दिया. शफीक ने 1 चौके और एक सिक्स की मदद से 53 गेंदों पर 37 रन बनाए. वहीं अयूब ने 52 गेंदों पर 42 रन बनाए, जिसमें 4 चौके के अलावा एक सिक्स शामिल रहा. सैम अयूब और अब्दुल्लाह शफीक को तेज गेंदबाज लांस मॉरिस ने चलता किया. यहां से बाबर आजम और कप्तान मोहम्मद रिजवान ने नाबाद 58 रन जोड़कर पाकिस्तान को जीत के द्वार तक पहुंचाया. बाबर ने चार चौके की मदद से 28 बॉल पर 30 रनों का योगदान दिया. जबकि रिजवान ने नाबाद 30 रन बनाए. रिजवान ने 27 गेंदों की पारी में दो छक्के के अलावा एक चौके जड़ा.

**नसीम-शाहीन-हारिस के तूफान में उड़े कंगारू**

इससे पहले टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम 31.5 ओवरों में 140 रनों पर सिमट गई. सीन एबॉट ने ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा 41 गेंदों पर 30 रन बनाए, जिसमें 2 चौके के अलावा एक सिक्स शामिल रहा. वहीं ओपनर मैथ्यू शॉर्ट ने 22 रनों की पारी खेली. इ

सके अलावा एडम जाम्पा (13), एरॉन हॉर्डी (12) और स्पेंसर जॉनसन (11*) ही दोहरे अंकों में पहुंच सके. पाकिस्तान की ओर से शाहीन आफरीदी और नसीम शाह ने तीन-तीन विकेट चटकाए. हारिस रऊफ को 2, जबकि मोहम्मद हसनैन को एक विकेट मिला.

### सार समाचार

## बिग बैश लीग में दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर ने रचा इतिहास

### खेल डाली सबसे बड़ी पारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इन दिनों ऑस्ट्रेलिया में महिला बिग बैश लीग खेला जा रहा है. टूर्नामेंट के 21वें मुकाबले में होबार्ट हेरिकेन्स वुमेन के लिए खेल रहीं दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाज लिजेल ली ने 12 चौके और 12 छक्कों की मदद से सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड बना दिया. लिजेल ली ने पर्थ स्कॉर्चर्स वुमेन के खिलाफ खेले गए मुकाबले में यह रिकॉर्ड कायम किया.

लिजेल ली ने 75 गेंदों 12 चौके और 12 छक्कों की मदद से 150* रनों की पारी खेली. इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 200 का रहा. मजे की बात यह रही कि लिजेल ओपनिंग पर बल्लेबाजी के लिए मैदान पर आई थीं और अंत तक नाबाद रहीं. बता दें कि इससे पहले महिला बिग बैश लीग में सबसे बड़ा निजी स्कोर 136 रनों का था, जो पिछले सीजन (2023) ब्रिस्बेन हीट की ग्रेस हैरिस ने बनाया था.

**लिजेल ली की पारी ने होबार्ट हेरिकेन्स को दिलाई जीत**

सिडनी के सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में पर्थ स्कॉचर्स ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया, जो शायद उनके लिए सबसे गलत फैसला रहा. पहले बैटिंग करने उतरी होबार्ट हेरिकेन्स ने लिजेल ली की शानदार पारी की बदलौत 20 ओवर में 203/3 रन बोर्ड पर लगाए.

फिर लक्ष्य का पीछा करने उतरी पर्थ स्कॉर्चर्स की टीम 19.3 ओवर में सिर्फ 131 रनों के स्कोर पर ऑलआउट हो गई. इस तरह पर्थ स्कॉर्चर्स ने मुकाबले में 72 रनों से हार का सामना किया. टीम के लिए क्लो एन्सवर्थ ने सबसे बड़ी पारी खेलते हुए 27 गेंदों में 4 चौके और 2 छक्कों की मदद से 41 रन स्कोर किए. इसके अलावा टीम बाकी लगभग सभी बल्लेबाज फ्लॉप रहे. इस दौरान होबार्ट हेरिकेन्स की तरफ से हीदर ग्राहम ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके.

शानदार पारी के बाद क्या बोलीं लिजेल ली

रिकॉर्ड तोड़ पारी खेलने के बाद लिजेल ली ने चैनल सेवन पर बात करते हुए कहा, मुझे टीम में मौजूद सभी लोगों को क्रेडिट देना होगा, जिन्होंने मेरे ऊपर भरोसा रखा. जब मैं अपने ऊपर शक कर रही थीं और रो रही थीं, तो वो सब वहां थे.

## भारत के स्टार क्यू खिलाड़ी पंकज ने 28वीं बार जीता बिलियडर्स खिताब, इस खिलाड़ी को हराया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के अनुभवी और स्टार क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने एक और खास उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है। उन्होंने दोहा में आईबीएसएफ विश्व बिलियडर्स चैंपियनशिप में इंग्लैंड के रॉबर्ट हाल को 4-2 से हराकर 28वीं बार इसका खिताब जीता। आडवाणी ने पहला विश्व खिताब 2016 में जीता था। कोरोना महामारी के दौरान 2020 और 2021 में विश्व चैंपियनशिप नहीं हुई थी।

पंकज आडवाणी ने 151-94, 151-0, 150-84, 74-151, 6-154, 152-46 से जीत दर्ज की। यह लगातार सातवीं बार है जब पकंज यह खिताब अपने नाम करने में सफल रहे हैं। जीत के बाद पंकज आडवाणी ने कहा, विश्व बिलियडर्स खिताब बार-बार जीतकर अच्छा लगता है। यह मुकाबला हालांकि आसान नहीं था। प्रतिस्पर्धा काफी कठिन थी।

# हरियाणा के यशवर्धन ने बनाया रिकॉर्ड चौहरा शतक



**गुरुग्राम, एजेंसी।** हरियाणा के ओपनर यशवर्धन दलाल ने अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी मुकाबले में मुंबई के खिलाफ शनिवार को रिकॉर्ड नाबाद 426 रन की पारी खेलकर इतिहास रच दिया। वह टूर्नामेंट के इतिहास में चौहरा शतक जड़ने वाले पहले बल्लेबाज़ हैं।

उन्होंने उत्तर प्रदेश के समीर रिज़्वी का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने पिछले सत्र में 312 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी। मुंबई ने सुल्तानपुर हरियाणा के गुरुग्राम क्रिकेट ग्राउंड पर टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी का निर्णय लिया था। यशवर्धन की शानदार पारी के दम पर हरियाणा ने तीसरे दिन रविवार की सुबह को आठ विकेट पर 742 रनों पर पारी घोषित कर दी। यशवर्धन 426 रन नाबाद बनाकर पवेलियन लौटे।

पिछले दो मैचों में मध्य प्रदेश के ख़िलाफ़ चार और झारखंड के ख़िलाफ़ 23 और 67 रन बनाने वाले यशवर्धन को इस मैच में ओपनिंग पर भेजा गया था और उन्होंने अर्श रांगा के साथ पहले विकेट के लिए 410 रन की साझेदारी की।

रांगा ने भी 151 रनों की पारी खेली। यशवर्धन ने अपनी मैराथन पारी में 463 गेंद में 46 चौके और 12 छक्के लगाए हैं। यह पहली बार नहीं है जब झज्जर के इस बल्लेबाज़ ने बड़ी पारी खेलकर सभी का ध्यान खींचा है। यशवर्धन ने दिसंबर 2021 में अंडर-16 लीग मैच में 237 रन की पारी खेली थी। उस मैच में हरियाणा ने 40 ओवर के मैच में 452 रन बनाए थे।

### महिला एसीटी हॉकी:

# अपनी धरती पर खिताब बरकरार रखने उतरेगी भारतीय टीम



**राजगीर (बिहार), एजेंसी।** पूरे साल खराब फॉर्म से जूझती रही भारतीय महिला हॉकी टीम नए ओलंपिक सत्र की शुरूआत अपनी धरती पर एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी (एसीटी) खिताब जीतकर करना चाहेगी और सोमवार को उसका पहला मुकाबला निचली रैंकिंग वाली मलेशियाई टीम से होगा। भारत ने अब तक सात बार हुए टूर्नामेंट में से सिंगापुर (2016) और रांची (2023) में खिताब जीते हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद भारतीय टीम ने इस साल एफआईएच प्रो लीग में 16 में से 13 मैच गंवाए और सिर्फ दो जीते जबकि एक ड्रॉ रहा।

भारत ने सलीमा टेटे की कप्तानी में मिली जुली टीम उतारी है जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ी दोनों हैं। स्ट्राइकर नवनीत कौर उपकप्तान होंगी। भारत को मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड से चुनौती मिलेगी। भारतीय डिफेंस की कमान उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी, सुशीला चानू और वैष्णवी विट्ठल फाल्के के हाथ में होगी।

मिडफील्ड में कप्तान टेटे के अलावा नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिटा टोप्पो और लालरेम्सियामी जिम्मा संभालेंगी। फॉरवर्ड पंक्ति में नवनीत , संगीता कुमारी, दीपिका , प्रीति दुबे और ब्यूटी डुंगडुंग पर जिम्मेदारी होगी। गोलकीपिंग में पूर्व कप्तान सविता और युवा बिछू देवी खारीबम पर नजरें रहेंगी। सुशीला और ब्यूटी फिटनेस समस्याओं से उबरकर टीम में वापसी कर रहीं हैं। भारतीय टीम विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज चीन के साथ खिताब की प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी।

दक्षिण कोरिया ने तीन बार और जापान ने दो बार खिताब जीते हैं। पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने में नाकाम रही भारतीय महिला हॉकी टीम के लिये यह नई शुरूआत है। कोच हरेंद्र सिंह ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'पेरिस ओलंपिक नहीं खेल पाना अब अतीत की बात है। हम उससे आगे निकलकर अब लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक की तैयारी कर रहे हैं और उसके लिये यह पहला कदम है। काफी महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है और हम जीत के साथ आगाज करना चाहेंगे।

टेटे प्रो लीग के यूरोपीय चरण में भारत की कप्तानी कर चुकी है जिसमें प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। उन्होंने इसके लिए फिटनेस की कमी और मानसिक दृढता के अभाव को दोषी ठहराया था। तोक्यो ओलंपिक 2021 में इतिहास रचने के बाद टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी और पिछली बार एफआईएच प्रो लीग में भी खराब प्रदर्शन रहा।

टेटे ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'हमारे पास बेहतरीन टीम है जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ी है। हमें पेरिस ओलंपिक को भुलाकर आगे बढ़ना है और अपनी धरती पर एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब बरकरार रखकर हम अगले ओलंपिक चक्र की तैयारी शुरू करेंगे। कोच हरेंद्र सर ने भी हमें यही सिखाया है और हमें भी पता है कि अतीत का दुख मनाते रहने से कुछ हासिल नहीं होने वाला।

सोमवार को बाकी मैचों में जापान का सामना दक्षिण कोरिया से और चीन की टक्कर थाईलैंड से होगी। टूर्नामेंट के सारे मैच अब फ्लडलाइट में कीट पतंगों के झुंड से संभावित व्यवधान से बचने के लिये शाम की बजाय दोपहर में खेले जाएंगे। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब दिन का पहला मैच 12.15 पर, दूसरा 2.30 और आखिरी 4.45 पर खेला जाएगा। पहले ये मैच दोपहर तीन बजे, शाम सवा पांच और साढ़े सात बजे से होने थे। भारत का मैच शाम 4.45 बजे से होगा।

### दो अनकैप्ड प्लेयर्स शामिल

## ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए टीम की घोषणा की



**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए अपनी 13 सदस्यीय टीम में दो अनकैप्ड खिलाड़ियों को शामिल करके सभी को चौंका दिया है। पर्थ स्टेडियम में 22 नवंबर को शुरू होने वाला यह मुकाबला काफी रोमांचक होने वाला है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने युवा बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी को खाली पड़े ओपनर की भूमिका के लिए चुना है, जो उनके उभरते करियर में एक महत्वपूर्ण कदम है।

भारत ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए के लिए 156 रनों की शानदार पारी खेलने वाले मैकस्वीनी ने प्रशंसकों और चयनकर्ताओं को समान रूप से प्रभावित किया। होनहार दाएं हाथ के इस बल्लेबाज के शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के उस्मान ख्वाजा के साथ जोड़ी बनाने की संभावना है। व्हाइट-बॉल विशेषज्ञ जोश इंगलिस का एक और उल्लेखनीय समावेश है, जो शेफील्ड शील्ड में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद टेस्ट टीम में पदार्पण कर रहे हैं। इंगलिस के शामिल होने से ऑस्ट्रेलियाई मध्यक्रम में गहराई आई है, जो पहले से ही नंबर 4 स्थान पर स्टीव स्मिथ की वापसी से मजबूत हुआ है, साथ ही नियमित खिलाड़ी मार्नस लाबुशेन, ट्रैविस हेड और मिशेल मार्श भी हैं।

गेंदबाजी विभाग में टीम में कोई आश्चर्य नहीं है। अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड रीढ़ की हड्डी हैं जिनका साथ भरोसेमंद स्कॉट बोलैंड दे रहे हैं। अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन ने ऑस्ट्रेलिया के स्पिन विभाग में अपने व्यापक अनुभव को लाते हुए इस क्रम को पूरा किया। चयन अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, नाथन ने घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और शेफील्ड शील्ड में जोश का फॉर्म शानदार रहा है। यह संतुलित टीम हमें वह लचीलापन देती है जिसकी हमें एक आकर्षक श्रृंखला के लिए आवश्यकता है।

**पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया टीमः**

पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिच मार्श, नाथन मैकस्वीनी, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क।

## पृथ्वी शॉ की खुली किस्मत, इस टी20 टूर्नामेंट के लिए श्रेयस अय्यर के साथ टीम में हुए शामिल

**मुंबई, एजेंसी।** खराब फिटनेस और अनुशासनहीन का तमगा झेल रहे पृथ्वी शॉ के लिए खुशखबरी है। उन्हें श्रेयस अय्यर को 23 नवंबर से



15 दिसंबर तक होने वाले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टूर्नामेंट के लिए मुंबई के 28 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। लीग दौर के मुकाबले 23 नवंबर से पांच दिसंबर तक जबकि नॉकआउट 9 से 15 दिसंबर तक खेले जाएंगे। शॉ के करियर को इससे नया जीवन मिल सकता है जिन्हें फिटनेस और अनुशासनात्मक कारणों से मुंबई की रणजी टीम से बाहर कर दिया गया था। हालांकि, यह हैरान करने वाला था, क्योंकि मुंबई ने उन्हें तब टीम से बाहर किया जब इंडियन प्रीमियर लीग के लिए रिटेन और रिलीज प्लेयर्स की लिस्ट आने वाली थी।

शॉ ने दो रणजी मैचों में 7, 12, 1 और नाबाद 39 रन बनाए हैं।

# गावस्कर की टिप्पणियों के बाद रोहित के बचाव में आए आरोन फिंच

### रितिका ने खिलाड़ी को किया सलाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा की पत्नी रितिका सजदेह ने भारतीय कप्तान का साथ देने के लिए आरोन फिंच को धन्यवाद दिया। सजदेह ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर फिंच को टैग किया जिसमें बताया गया कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान पितृत्व अवकाश के मुद्दे पर फिंच सुनील गावस्कर से असहमत थे।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर आरोन फिंच भारत के कप्तान रोहित शर्मा का समर्थन करते हैं, क्योंकि उनके ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी सीरीज के पहले टेस्ट से बाहर रहने की संभावना है। भारतीय कप्तान रोहित ने पहले कहा था कि वह पहले टेस्ट में खेलने को लेकर अनिश्चित हैं, क्योंकि



वह किसी निजी कारण से इसे छोड़ सकते हैं।

फिंच ने गावस्कर से असहमति जताई, जिन्होंने इस मामले पर टिप्पणी की थी। गावस्कर ने कहा था कि अगर रोहित एक से अधिक मैच से बाहर रहते हैं तो उप-कप्तान जसप्रीत बुमराह को पूरी सीरीज के लिए कप्तानी सौंपी जानी चाहिए। गावस्कर की टिप्पणी फिंच को पसंद नहीं आई और उन्होंने कहा कि रोहित को अपनी पत्नी के साथ रहना चाहिए क्योंकि यह उनके परिवार के लिए एक खास पल है। हालांकि भारतीय कप्तान ने अपनी अनुपस्थिति के पीछे के कारण की पुष्टि नहीं की है, लेकिन यह व्यापक रूप से बताया गया है कि वह अपनी पत्नी रितिका सजदेह से दूसरे बच्चे को जन्म देने वाली हैं। फिंच ने कहा, मैं सनी से पूरी तरह असहमत हूं। रोहित शर्मा भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान हैं। अगर आपको घर पर रहने की जरूरत है क्योंकि आपकी पत्नी को बच्चा होने वाला है तो यह बहुत खूबसूरत पल होता है और आपको उस संबंध में जितना समय चाहिए उतना समय निकालना चाहिए।



# दीपिका ने वीडियो शेयर कर बताया वर्कआउट का महत्व

छोटे परदे की अभिनेत्री दीपिका सिंह ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक मंडे मोटिवेशन वीडियो शेयर किया। अभिनेत्री इस वीडियो में वह सुपरसेट्स करते हुए पैरों और हाथों का वर्कआउट कर रही हैं। इस वर्कआउट के महत्व पर जोर देते हुए दीपिका ने बताया कि सुपरसेट्स का अभ्यास मांसपेशियों की सक्रियता को बढ़ाता है, जिससे मांसपेशियों की वृद्धि और ताकत में सुधार होता है। सुपरसेट्स के फायदे बताते हुए दीपिका ने कहा कि यह सेट्स के बीच आराम की अवधि को घटाकर कम समय में अधिक व्यायाम करने की अनुमति देता है। इसके अलावा, यह हार्ट रेट को बढ़ाकर कैलोरी बर्न और कार्डियोवस्कुलर फिटनेस में सुधार करता है। दीपिका ने वीडियो में एथलेजर पहन रखा था और हल्के वजन के साथ एक्सरसाइज कर रही थीं। उन्होंने अपने कैप्शन में लिखा कि सुपरसेट्स न केवल कसरत के समय को कम करते हैं, बल्कि हृदय की स्थिति को भी बेहतर बनाते हैं। अभिनेत्री का यह वीडियो उनके प्रशंसकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। पिछले महीने, दीपिका सिंह ने एक और वीडियो शेयर किया था जिसमें वह फाल्गुनी पाठक के गाने अइयो रामा पर डांस करती नजर आईं। हालांकि, यह वीडियो अनपॉलिश और बिना अभ्यास का था, जिसे लेकर उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया। ट्रोलिंग का सामना करते हुए दीपिका ने ट्रोलर्स पर निशाना साधते हुए लिखा कि नफरत करने वाले नफरत करेंगे, लेकिन वह इसे शालीनता से स्वीकार करती हैं। उन्होंने आगे लिखा कि वह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना चाहती हैं, भले ही उन्हें इसके लिए ट्रोलिंग का सामना करना पड़े। दीपिका ने कहा, हां, मैं बेहतर कर सकती हूं, लेकिन इसके लिए समय और अभ्यास की जरूरत होती है। अभिनेत्री ने अपनी बात को स्पष्ट करते हुए कहा कि उनके पास माता-पिता, पति और उनके ओडिसी डांस टीचर जैसे समर्थक हैं, जिन्होंने उन्हें शालीनता और धैर्य के साथ जीवन की परिस्थितियों को स्वीकारना सिखाया है। दीपिका ने कहा कि जब उन्हें बिना कारण ट्रोल किया जाता है, तो यह दर्शाता है कि वह अपने काम में अच्छा कर रही हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका सिंह फिलहाल कलर्स चैनल पर प्रसारित शो मंगल लक्ष्मी में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। बता दें कि दीपिका को शो दीया और बाती हम में संध्या राठी की भूमिका के लिए जाना जाता है।

# सामंथा ने किया वीडियो शेयर, हैवी वर्कआउट करते आ रही नजर

हाल ही में अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में वह जिम में हैवी वर्कआउट करती नजर आ रही हैं। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने डिस्ट्रेसिंग लिखा और सिटाडेल हनी बन्नी प्रीमियर का हैशटैग भी जोड़ा, जो उनके वर्कआउट के साथ-साथ उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट को भी प्रमोट करता है। सामंथा ने काले रंग की ओवरसाइज्ड टी-शर्ट, शॉर्ट्स और नी कैप पहनी हुई है। इस क्लिप में वह लगभग 40 किलो वजन उठाते हुए स्क्वैट्स कर रही हैं, जो उनकी फिटनेस के प्रति गंभीरता को दर्शाता है। मालूम हो कि सामंथा रुथ प्रभु और वरुण धवन की जोड़ी सिटाडेल- हनी बन्नी में दिखाई देगी, जो राज और डीके द्वारा निर्देशित है। इस शो में वरुण धवन एक कुशल स्टंटमैन बन्नी का किरदार निभा रहे हैं, जबकि सामंथा एक जासूस की भूमिका में नजर आएंगी। कहानी वरुण और सामंथा के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां वे अपनी पहचान बदलते हैं और एक रोमांचक मिशन पर निकलते हैं। इस शो में के के मेनन, साकिब सलीम और सिकंदर खेर भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं, जो इस प्रोजेक्ट को और भी दिलचस्प बनाते हैं। हाल ही में सामंथा ने राजस्थान में एक छोटी सी छुट्टी का आनंद लिया, जहां उन्होंने अपनी यात्रा की कई तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों में उन्हें मिट्टी के बर्तन बनाने के सत्र में भाग लेते और स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेते हुए देखा गया। सामंथा ने पहले भी जंगली जानवरों के साथ प्रकृति की खूबसूरती को समर्पित शानदार तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें उन्होंने लिखा था, 'बाघ के साथ प्रकृति की भव्यता देखी।' इस सप्ताह की शुरुआत में, सामंथा को जयपुर के हवाई अड्डे पर देखा गया, जहां पैपराजी ने उन्हें कैमरे में कैद किया। सामंथा की फिटनेस और उनके प्रोजेक्ट्स के प्रति उनकी लगन उनकी लोकप्रियता में चार चांद लगाते हैं।





# फ्रेंच में बात करती नजर आ रही हैं उर्वशी रौतेला

हाल ही में सोशल मीडिया पर बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला एक वीडियो फ्रेंच में बात करती नजर आ रही हैं। वीडियो को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए उर्वशी ने लिखा, जब आपको फ्रांस से इतना प्यार मिलता है, तो उनकी भाषा को अपनाना ही सही लगता है। फ्रेंच में एक नए सफर की प्रेरणा के लिए धन्यवाद। इस वीडियो में उर्वशी शॉर्ट कस्टम-मेड चमकीला आउटफिट पहने हुए नजर आ रही हैं, जिसमें उनका लुक बेहद आकर्षक लग रहा है। उनका मेकअप और हेयरस्टाइल भी शानदार है, जो उनके ग्लैमरस अंदाज को और भी निखारता है। इस वीडियो में वह न केवल अपनी भाषा कौशल का प्रदर्शन करती हैं, बल्कि अपने फैन्स को एक नया आयाम भी दिखाती हैं। उनके फ्रेंच बोलने का तरीका उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाता है और इसने उनके फैंस को प्रभावित किया है। उर्वशी रौतेला, जो मिस दिवा - मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 का खिताब जीतने के बाद प्रसिद्धि की ओर बढ़ी, के पास इस समय कई रोमांचक फिल्म प्रोजेक्ट्स हैं। अभिनेत्री जल्द ही नंदमुरी बालकृष्ण और बॉबी देओल के साथ फिल्म एनबीके 109 में नजर आएंगी। इसके अलावा, वह कमल हासन और शंकर के साथ इंडियन 2 और आफताब शिवदासानी और जस्सी गिल के साथ फिल्म कसूर में भी काम कर रही हैं। उर्वशी रौतेला की आगामी फिल्में अक्षय कुमार के साथ वेलकम 3 और रणदीप हुड्डा के साथ इंस्पेक्टर अविनाश 2 में भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगी। वह सनी देओल और संजय दत्त के साथ हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर द एक्सपेंडेबल्स के रीमेक बाप में भी अभिनय कर रही हैं। इसके अलावा, वह एक आगामी बायोपिक में परवीन बॉबी का किरदार भी निभाने वाली हैं। उर्वशी ने 2013 में फिल्म सिंह साहब द ग्रेट से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी, और इसके बाद वह सनम रे, ग्रेट ग्रैंड मस्ती, हेट स्टोरी 4 और पागलपंती जैसी कई सफल फिल्मों में दिखाई दीं। इसके अलावा, उन्होंने म्यूजिक वीडियो जैसे लव डोज और गल बन गई में भी अपनी विशेष पहचान बनाई है।

# नताशा की जिंदगी में आया कोई नया इंसान?

क्रिकेटर हार्दिक पंडया की पूर्व पत्नी एवं बॉलीवुड एक्ट्रेस नताशा स्टेनकोविक सोशल मीडिया पर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर कई हिंट दे रही हैं। नताशा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट डाला है, जिससे यह कयास लगाए जा रहे हैं कि शायद उन्होंने अपनी लव लाइफ में आगे बढ़ने का फैसला किया है। हाल ही में नताशा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की, जिसमें उन्होंने लिखा, अगर मैं गाड़ी चलाते हुए आपसे बात करूं, तो मैं वाकई आपको पसंद करती हूं। क्योंकि वो मेरा म्यूजिक सुनने का समय है। इस पोस्ट से यह इशारा किया गया कि शायद उनकी जिंदगी में कोई खास इंसान आ गया है। अब सवाल यह उठ रहा है कि नताशा किसे पसंद करती हैं? वह किसके साथ गाड़ी चला रही हैं और किसके साथ बातचीत कर रही हैं? हालांकि नताशा ने इस बारे में सीधे कुछ नहीं कहा है, लेकिन उनके पोस्ट ने उनके फैंस को कन्फ्यूज कर दिया है। फैंस अब यह जानना चाहते हैं कि नताशा की जिंदगी में नया कौन है। नताशा का यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और अब इसे उनकी लव लाइफ से जोड़कर देखा जा रहा है। लोग यह अनुमान लगा रहे हैं कि नताशा शायद किसी को लेकर दिलचस्पी रख रही हैं, लेकिन इस बारे में अब तक नताशा ने कोई साफ-साफ बयान नहीं दिया है। अब यह तो वक्त ही बताएगा कि नताशा ने वाकई अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने का फैसला किया है या फिर यह सब सिर्फ अफवाहें हैं। लेकिन एक बात तो साफ है कि नताशा की इस पोस्ट ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है और उनके फैंस इस रहस्य के बारे में और जानने के लिए उत्सुक हैं। बता दें कि जब नताशा और हार्दिक का रिश्ता टूटने की खबरें आईं, तो दोनों के फैंस को हैरानी हुई थी। इसके बाद हार्दिक का नाम ब्रिटिश सिंगर जैस्मिन वालिया के साथ जुड़ा था, जिससे यह अफवाहें उड़ी थीं कि हार्दिक अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं।



# माधवन 'अधीरष्टसाली' से फिर दिल जीतने को तैयार

बालीवुड अभिनेता आर. माधवन अपनी आगामी फिल्म 'अधीरष्टसाली' के साथ एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर माधवन ने अपने फर्स्ट लुक का पोस्टर साझा किया, जिससे फिल्म के प्रति उत्सुकता और बढ़ गई है। अभिनेता ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, गर्व से अपनी फिल्म 'अधीरष्टसाली' का पहला लुक जारी कर रहा हूं। यह मिथ्रान आर जवाहर द्वारा निर्देशित एक शानदार और कभी न भूल पाने वाली यात्रा रही है।पोस्टर में आर. माधवन दोहरी भूमिका में नजर आ रहे हैं। एक तरफ, वह एक बड़े व्यवसायी के रूप में दिखते हैं, जबकि दूसरी तरफ, वह ग्रामीण पृष्ठभूमि में एक आम और परेशान आदमी के रूप में दिखाई देते हैं। इस विविधता ने दर्शकों में फिल्म के प्रति और भी जिज्ञासा पैदा कर दी है। 'अधीरष्टसाली' का निर्देशन मिथ्रान आर जवाहर ने किया है, जिन्होंने 'यारदी नी मोहिनी' और 'थिरुचित्रम्बलम' जैसी सफल फिल्मों का निर्देशन किया है। यह फिल्म माधवन और मिथ्रान की पहली संयुक्त परियोजना है, जो दर्शकों को एक नई कहानी और अनुभव देने का वादा करती है। फिल्म की पटकथा लेखक जयमोहन ने लिखी है, जो अपने बेहतरीन लेखन के लिए जाने जाते हैं। फिल्म में आर. माधवन के साथ कई प्रतिभाशाली कलाकार भी शामिल हैं, जैसे शर्मिला मांड्रे, राधिका सरथकुमार, मैडोना सेबेस्टियन, साईं धनशिका, जगन, निरूप एनके, उपासना आरसी, मैथ्यू वर्गीस, उदय महेश, केएसजी वेंकटेश और रवि प्रकाश। इसमें शर्मिला मांड्रे मुख्य भूमिका में हैं, जबकि राधिका सरथकुमार माधवन की मां की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म की शूटिंग हाल ही में पूरी हुई है और इसमें 'हैरी पॉटर' फिल्म के विक्टोरिया स्ट्रीट पर भी कुछ दृश्य फिल्माए गए हैं। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा नहीं की है, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ गई है। आर. माधवन के वर्कफ्रंट की बात करें तो, उन्होंने इस साल रिलीज हुई हॉरर फिल्म 'शैतान' में भी अहम भूमिका निभाई थी। 'अधीरष्टसाली' के अलावा, वह शशिकांत द्वारा निर्देशित तमिल फिल्म टेस्ट में भी नजर आएंगे।






# केदारनाथ के पहाड़ पर ट्रैकिंग की सारा अली खान ने

बीते दिनों बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने केदारनाथ के पहाड़ पर ट्रैकिंग की और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया। उन्होंने केदारनाथ के ऊपर बादलों के बगीचे की एक झलक दिखाई है। सारा ने इंस्टाग्राम पर एक रील वीडियो शेयर किया, जिसमें वह पहाड़ पर ट्रैकिंग कर रही हैं। पिंक फुल स्लीव टॉप, स्वेटपैंट और बेसबॉल कैप पहने अभिनेत्री ने केदारनाथ की ओर इशारा करते हुए कहा : ये देखो वहां पे है केदारनाथ। इसके बाद वह पहाड़ पर चढ़ती हैं और उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है- पहाड़ तो खत्म हो गया। इसके बाद वह एक खूबसूरत जगह दिखाती हैं, जहां वह लंबी ट्रैकिंग के बाद पहुंची हैं। कैप्शन में उन्होंने लिखा- आज मैं ऊपर.. आसमान नीचे... कभी नहीं देखे ऐसे बादलों के बगीचे। बैकग्राउंड स्कोर के लिए, सारा ने संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित 1996 की फिल्म 'खामोशी : द म्यूजिकल' से कविता कृष्णमूर्ति और कुमार सानू द्वारा गाया गया ट्रैक 'आज मैं ऊपर' का इस्तेमाल किया। 4 नवंबर को, सारा ने अज्ञात स्थल से कुछ खूबसूरत क्लिक्स साझा की थी। इसमें सूरज की भी एक झलक थी। कैप्शन में उन्होंने लिखा था : दिवाली के बाद का शूट डे। वास्तविकता में वापस, अभी भी सूरज का पीछा करते हुए।' हालांकि, अभिनेता सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी अभिनेत्री ने यह नहीं बताया कि वह किस फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। 25 अक्टूबर को, सारा ने खुलासा किया कि वह फिल्म निर्माता अमर कौशिक और अभिनेता आयुष्मान खुराना के साथ हिमाचल प्रदेश के मनाली में अपनी अगली फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। जिसके बाद, वो 24 मीटर ऊंचे हिडिम्बा देवी मंदिर दर्शन करने पहुंची थीं। सारा ने निर्देशक और अभिनेता के साथ अलाव के पास बैठे हुए कई तस्वीरें साझा कीं। एक तस्वीर में, अभिनेत्री को काले और सफेद रंग की ग्रैफिटी हुडी के साथ गहरे रंग की जींस और इयरमफ्स पहने देखा गया। रंग कोड को ध्यान में रखते हुए, कौशिक और आयुष्मान ने भी काले रंग के कपड़े पहने थे।

# बहुप्रतीक्षित फिल्म आज़ाद का टीज़र जारी

दिग्गज कलाकार अजय देवगन और डायना पेंटी की बहुप्रतीक्षित फिल्म आज़ाद का टीज़र जारी हो चुका है। टीज़र की शुरुआत से ही यह स्पष्ट हो जाता है कि फिल्म एक महाकाव्य एक्शन-एडवेंचर होने का वादा करती है, जो अपनी अनोखी कहानी और भव्य दृश्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को आकर्षित करने के लिए तैयार है। फिल्म का टीज़र शेयर करते हुए प्रसिद्ध निर्देशक अभिषेक कपूर की अभिषेक कपूर ने सोशल मीडिया पर लिखा, हर जंग में, हर बहादुर योद्धा के साथ, एक वफ़ादार घोड़ा ज़रूर रहा है। आज़ाद टीजर आउट नाउ। विटनेस द एडवेंचर ऑन बिग स्क्रीन्स दिस जनवरी 2025। इस पोस्ट के साथ उन्होंने फिल्म के रिलीज़ होने की तारीख और सिनेमाघरों में एक्सक्लूसिव टीज़र प्रीमियर की भी जानकारी दी। आज़ाद में बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार अजय देवगन और डायना पेंटी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके साथ ही, फिल्म में अमन देवगन और राशा थडानी के रूप में नए चेहरे भी देखने को मिलेंगे, जो अपने डेब्यू से फिल्म को और रोमांचक बनाने का वादा करते हैं। फिल्म का निर्माण रोनी स्क्रूवाला और प्रज्ञा कपूर द्वारा किया गया है, जो अभिषेक कपूर की सिनेमाई प्रतिभा को बड़े पर्दे पर फिर से पेश करने का काम कर रहे हैं। टीज़र से दर्शकों को फिल्म की भव्यता और नाटकीय तत्वों की एक झलक मिलती है। शानदार सिनेमैटोग्राफी और कहानी में छिपे इमोशन्स से भरी आज़ाद यकीनन दर्शकों के लिए एक विशेष अनुभव होगा। फिल्म की कहानी और इसके अद्वितीय कैरेक्टर्स को लेकर फैंस की जिज्ञासा अब और बढ़ गई है। दिवाली पर फिल्म के टाइटल का खुलासा करने के बाद, निर्माताओं ने इस टीज़र को जारी कर एक बार फिर दर्शकों की उम्मीदों को ऊंचा कर दिया है।




# खूबसूरत आउटफिट में नई तस्वीरें साझा की माधुरी ने

हाल ही में, मशहूर एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लाल रंग की खूबसूरत आउटफिट में अपनी नई तस्वीरें साझा की हैं। एक्ट्रेस ने तस्वीरों के साथ एक शानदार कैप्शन भी दिया है, जिसमें उन्होंने लिखा, लाल मेरे दिल का हाल और साथ ही हैशटैग के साथ शनिवार, फोटो ऑफ दी डे, और प्रमोशंस भी जोड़े हैं।
शेयर की गई तस्वीरों में माधुरी खिलखिलाते हुए हंसती नजर आ रही हैं, जो उनकी अद्वितीय खूबसूरती को और भी निखारती हैं। उनके फैंस ने इन तस्वीरों पर काफी सकारात्मक प्रतिक्रियाएं दी हैं। एक प्रशंसक ने लिखा, ओएमजी, वहीं दूसरे ने कहा, क्या बात है और एक अन्य ने उनकी खूबसूरती की तारीफ करते हुए लिखा, आप इतनी खूबसूरत क्यों हैं? माधुरी दीक्षित की बहुप्रतीक्षित फिल्म भूल भुलैया 3 हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है, जिसमें उन्होंने मंजुलिका के किरदार में दर्शकों का दिल जीता है। इस फिल्म के बारे में बात करते हुए, माधुरी ने कहा, मैं डरावनी भूमिका में दर्शकों के सामने आने के लिए तैयार हूं। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें हॉरर फिल्में ज्यादा पसंद नहीं हैं क्योंकि वह खुद डर जाती हैं, लेकिन इस प्रकार की फिल्में उनके लिए एक नई शुरुआत का संकेत देती हैं।
फिल्म 'भूल भुलैया 3' में माधुरी दीक्षित के साथ कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकार भी मुख्य भूमिका में हैं। अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में राजपाल यादव और संजय मिश्रा भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। माधुरी दीक्षित का यह नया अवतार और उनकी अदाकारी ने न केवल दर्शकों का दिल जीतने में कामयाबी पाई है, बल्कि फिल्म की सफलता में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी ये नई तस्वीरें और फिल्म की चर्चा उनके फैंस के बीच एक बार फिर से हलचल मचा रही हैं। बॉलीवुड की 'धक धक गर्ल' माधुरी दीक्षित एक बार फिर से सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं।

